# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच

मंगलवार, 14 अप्रैल, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 100, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स में 703 अंकों की गिरावट

शेयर बाजार में गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 703 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी 208 अंक के नुकसान में रहा। } 10

## सीतारमण ने स्टालिन पर लगाया झूठ का आरोप

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम .के . स्टालिन पर गेहूं और धान किसानों को दिए जाने वाले बोनस संबंधी केंद्र सरकार के परामर्श पर झूठा विमर्श गढ़ने का आरोप लगाते हुए पलटवार किया। } 12

# खेल आयोजनों में अपनी नयी पहचान बना रहा भारत

## राजनाथ सिंह ने लखनऊ में सांसद खेल महाकुंभ-2026 का किया उद्घाटन

विशेष संवाददाता

लखनऊ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि पहले सिर्फ क्रिकेट और हॉकी खेलने वाले देश के तौर पहचाना जाने वाला भारत अब दुनिया भर के बड़े खेल आयोजनों में अपनी एक अलग पहचान बना रहा है।

सिंह ने सोमवार को लखनऊमें सांसद खेल महाकुंभ-2026 के उद्घाटन अवसर पर कहा, पहले, हमारी पहचान सिर्फ क्रिकेट और हॉकी खेलने वाले देश के तौर पर थी और जब ओलंपिक खेलों की बात आती थी, तो हम अक्सर पदक तालिका में अपना नाम भी दर्ज नहीं करा पाते थे। हालांकि, भारत अब दुनिया भर के बड़े खेल आयोजनों में अपनी एक अलग पहचान बना रहा है। रक्षा मंत्री ने कहा किसी भी देश या समाज के विकास का पैमाना न केवल उसकी जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) पर निर्भर करता है बल्कि वैश्विक खेल आयोजनों में उसके खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर भी निर्भर करता है। यह खेल के क्षेत्र से जीडीपी में होने वाले योगदान पर भी निर्भर करता है। दूसरे शब्दों में, खेल किसी देश की जीडीपी में किस हद तक योगदान देता है, यह (उसके विकास का) एक महत्वपूर्ण पैमाना है। सिंह ने ऑस्ट्रेलिया की अपनी यात्रा को याद करते हुए कहा, मैंने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया था। वहां रहते हुए मैंने देखा कि लोगों का खेलों के प्रति इतना गहरा झुकाव है कि यह उनके जीवन का एक हिस्सा बन गया है। ऐसा नहीं है कि वे केवल क्रिकेट के खेल में ही माहिर हैं बल्कि आपको खेल की हर विधा ...शेष पृष्ठ 10 पर

# दुनिया के कई देशों में चरम पर महंगाई

## सीएम योगी ने मुजफ्फरनगर में 423 परियोजनाओं का किया उद्घाटन व शिलान्यास

जिला संवाददाता

मुजफ्फरनगर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम आज जो सुरक्षा के साथ सुखद अनुभूति कर रहे हैं, क्या वैसी अनुभूति पाकिस्तान, ईरान, दुबई, कतर, इराक या यूरोप में संभव है? यह प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व का परिणाम है कि आज 145 करोड़ भारतीय सुरक्षित हैं। यह नए भारत की ताकत है। दुनिया के कई देशों में महंगाई चरम पर है, पेट्रोलियम पदार्थों के दाम कई गुना बढ़ गए हैं, लेकिन भारत में स्थिति नियंत्रित है। केंद्र सरकार जनता को राहत देने के लिए प्रतिदिन करोड़ों रुपये का अतिरिक्त खर्च वहन कर रही है, ताकि आम नागरिक पर बोझ न पड़े। जब सुरक्षा का वातावरण होता है, तो व्यक्ति का आत्मविश्वास बढ़ता है। लेकिन अनुकूल परिस्थितियों में अनुशासन भी बनाए रखना आवश्यक है और विपरीत परिस्थितियों में धैर्य नहीं खोना चाहिए। जो व्यक्ति इन दोनों का पालन करता है, उसका भविष्य उज्ज्वल होता है। विकास और विरासत की इस यात्रा को एनडीए शानदार तरीके से आगे बढ़ाएगी, मजबूती के साथ, बिना रुके, बिना डिगे, बिना झुके। हर बेटी को सुरक्षा देंगे, हर व्यापारी को सुरक्षा देंगे, हर नौजवान के हाथ को काम देंगे और हर अन्नदाता किसान के खेत को पानी देने के साथ यह भी सुनिश्चित करेंगे कि उसकी उपज ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### गुर्दा प्रत्यारोपण गिरोह का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

कानपुर। कानपुर पुलिस ने सोमवार को एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए अवैध तरीके से गुर्दा प्रत्यारोपण करने वाले गिरोह के इनामी मास्टरमाइंड को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल ने बताया कि गिरोह के मास्टरमाइंड और 25 हजार रुपये को इनामी रोहित को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि मात्र 12वीं कक्षा तक शिक्षा ग्रहण करने वाला रोहित खुद को डॉक्टर बताता था। रोहित की गिरफ्तारी के साथ इस मामले में गिरफ्तार किये गये लोगों की संख्या बढ़कर 10 हो गयी है। पुलिस आयुक्त ने बताया कि ऑपरेशन थियेटर की कई तस्वीरों में डॉक्टरों के साथ चिकित्सक का रूप धरे दिख रहे रोहित ने शुरुआती पूछताछ में पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की लेकिन बाद में उसने अपना जुर्म कुबूल कर लिया। रोहित ने स्वीकार किया कि उसे हर गुर्दा प्रत्यारोपण पर 18 लाख रुपये मिलते थे जिन्हें वह गिरोह के सदस्यों में वितरित करने के बाद अपना हिस्सा रख लेता था।

### ऑनलाइन गेमिंग घोटाले के आठ आरोपी गिरफ्तार

कानपुर। कानपुर पुलिस ने सोमवार को ऑनलाइन गेमिंग-आधारित घोटालों में शामिल आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया और एक संगठित साइबर धोखाधड़ी और डिजिटल अरेस्ट रैकेट का भंडाफोड़ किया है, जिसके अंतरराष्ट्रीय लिंक होने का अंदेशा है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सत्यम तिवारी, नितिन गुप्ता, अभिषेक वर्मा, हितेश निगम, स्नेहित बजाज, अनमोल विश्वकर्मा, सुल्तान अहमद और नौशाद के रूप में हुई है, जो कानपुर के निवासी हैं। पुलिस आयुक्त ने बताया कि बर्रा पुलिस और साइबर अपराध शाखा की संयुक्त टीम के इस ऑपरेशन ने एक ऐसे नेटवर्क का पर्दाफाश किया, जो लोटस 365, रेड्डी बुक, कार्तिकेय और दुबई एक्स जैसे प्रतिबंधित गेमिंग ऐप के ज़रिए लोगों को ठगता था।

# नोएडा : वेतन वृद्धि को लेकर हिंसा, एसआईटी करेगी जांच

## पुलिस की एसयूवी समेत कई वाहनों में लगायी आग, जगह-जगह किया पथराव

विशेष संवाददाता

नोएडा। नोएडा में वेतन वृद्धि की मांग को लेकर फैक्टरी कर्मियों द्वारा किए जा रहे प्रदर्शन के दौरान सोमवार को जमकर हिंसा हुई और इस दौरान औद्योगिक क्षेत्रों में पुलिस की एसयूवी समेत कई वाहनों में आग लगा दी गई, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया तथा कई जगहों पर पथराव की घटनाएं सामने आईं। प्रदर्शन के कारण यातायात ठप हो गया, जिससे सुबह के व्यस्त समय में दिल्ली जाने वाली विभिन्न सड़कों पर हजारों यात्री फंस गए। दिल्ली-नोएडा सीमा पर कई किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतारें देखी गईं। उत्तर प्रदेश सरकार ने नोएडा में औद्योगिक इकाइयों से जुड़े मुद्दों पर सामंजस्य स्थापित करने और शांति कायम करने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति गठित करने का आदेश जारी किया है। उत्तर प्रदेश शासन के प्रमुख सचिव डॉक्टर एमके शन्मुगा सुंदरम की ओर से सोमवार को जारी अधिसूचना में कहा गया है कि गौतम बुद्ध नगर के औद्योगिक मुद्दों के दृष्टिगत, संबंधित पक्षों के साथ प्रभावी संवाद स्थापित कर औद्योगिक सौहार्द एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है। अधिसूचना के अनुसार समिति के अध्यक्ष औद्योगिक विकास आयुक्त होंगे, जबकि अपर मुख्य सचिव (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग) ...शेष पृष्ठ 10 पर

### मजदूरों को भड़काने वालों की पहचान कर रही पुलिस

लखनऊ। वेतन वृद्धि की मांग को लेकर नोएडा के फेज-2 में मजदूरों का आंदोलन उग्र हो गया, जिसमें प्रदर्शनकारियों ने पुलिस वाहन फूंक दिए और भारी पथराव किया। हिंसा के बाद लखनऊ कंट्रोल रूम से डीजीपी राजीव कृष्ण ने मोर्चा संभाला और भड़काने वाले तत्वों व बाहरी उपद्रवियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है। प्रदेश के पुलिस महानिदेशक ...शेष पृष्ठ 10 पर

# नोएडा में अशांति फैलाने वालों से सावधान रहें श्रमिक : योगी

विशेष संवाददाता

- श्रमिकों को न्यूनतम मानदेय व स्वास्थ्य सुरक्षा की गारंटी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश प्रगति के पद पर आगे बढ़ रहा है, लेकिन कुछ लोग इसके खिलाफ षड्यंत्र कर रहे हैं। उन्होंने प्रदेश के श्रमिकों से अपील की कि वे औद्योगिक अशांति फैलाने वालों से सावधान रहें और उनके प्रयासों को किसी भी कीमत पर सफल न होने दें। डबल इंजन सरकार विकास व विरासत की यात्रा को मजबूती से आगे बढ़ा रही है, जिसमें श्रमिकों, किसानों, युवाओं और महिलाओं को केंद्र में रखा गया है। सरकार एक ओर जहां आधुनिक तकनीक, रोजगार और निवेश को बढ़ावा दे रही है, वहीं दूसरी ओर कानून व्यवस्था और श्रमिक हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। सीएम ने भरोसा दिलाया कि औद्योगिक विकास के साथ सामाजिक सुरक्षा भी सुनिश्चित रहेगी, ताकि प्रदेश में शांति, स्थिरता और समृद्धि का वातावरण बना रहे। मुख्यमंत्री ने ...शेष पृष्ठ 10 पर

# ईरान ने पश्चिम एशिया के बंदरगाहों को दी धमकी

एजेंसी

काहिरा। अमेरिकी सेना सोमवार को ईरान के सभी बंदरगाहों और तटीय क्षेत्रों से पोतों की आवाजाही राकने के मकसद से नाकेबंदी शुरू करने के लिए तैयार दिखी क्योंकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान पर दबाव बढ़ाना चाहते हैं। लेकिन अमेरिका के इस कदम के जवाब में ईरान ने फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के सभी बंदरगाहों को धमकी दी है।

इस कदम से तेल की कीमतें और बढ़ सकती हैं और युद्ध के फिर से भड़कने की आशंका है। इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टिंग (आईआरआईबी) के अनुसार, फारस की खाड़ी और ओमान सागर में सुरक्षा या तो सभी के लिए होगी या किसी के लिए भी नहीं। ईरानी सेना ने कहा इस क्षेत्र का कोई भी बंदरगाह सुरक्षित नहीं रहेगा। इससे पहले, अमेरिका ने घोषणा की थी कि वह सोमवार को पूर्वी समयानुसार सुबह 10 बजे या ईरान के स्थानीय समयानुसार शाम साढ़े पांच बजे से ईरानी बंदरगाहों की नाकाबंदी शुरू करेगा। यूएस सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने कहा कि यह नाकेबंदी सभी देशों के उन पोतों के खिलाफ निष्पक्ष रूप से लागू की जाएगी जो ईरान के बंदरगाहों और तटीय क्षेत्रों में प्रवेश कर रहे हैं या वहां से बाहर जा रहे हैं। सेंटकॉम ने कहा कि गैर-ईरानी बंदरगाहों के बीच यात्रा करने वाले जहाजों को ...शेष पृष्ठ 10 पर

### गाजियाबाद : दुराचार के बाद की गयी थी बच्ची की हत्या

गाजियाबाद। पुलिस ने सोमवार को बताया कि गाजियाबाद में पिछले सप्ताह एक कार के नीचे मृत पाई गई चार वर्षीय बच्ची की पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला है कि कथित तौर पर गला घोंटकर उसकी हत्या किये जाने से पहले उससे बलात्कार किया गया था। पुलिस बच्ची के आरोपी चाचा की तलाश कर रही है।

पुलिस के मुताबिक, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यौन उत्पीड़न की पुष्टि हुई है। इस घटना के बाद इलाके में आक्रोश फैल गया और स्थानीय लोगों ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने बताया कि जहां कुछ महिलाएं त्वरित न्याय की मांग कर रही हैं, वहीं पीड़िता के कुछ रिश्तेदारों ने आरोपी को पुलिस मुठभेड़ में मार गिराए जाने की मांग की है। अधिकारियों ने कहा कि स्थानीय ...शेष पृष्ठ 10 पर

# दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का उद्घाटन आज

## मोदी करेंगे भव्य रोड शो व जनसभा, सीएम धामी ने लिया तैयारियों का जायजा

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। आज उत्तराखंड विकास के एक अहम पड़ाव पर खड़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का लोकार्पण कर राज्य को आधुनिक परिवहन सुविधा की बड़ी सौगात देने जा रहे हैं। इस परियोजना के शुरू होते ही राजधानी देहरादून और दिल्ली के बीच यात्रा समय में भारी कमी आएगी और सफर लगभग ढाई घंटे में सिमट जाएगा।

यह एक्सप्रेसवे उत्तराखंड के लिए आर्थिक दृष्टि से भी बेहद महत्वपूर्ण साबित होने वाला है। बेहतर कनेक्टिविटी से पर्यटन को नई उड़ान मिलेगी, साथ ही व्यापार, उद्योग और निवेश के अवसरों में तेजी आने की संभावना है। हरिद्वार, ऋषिकेश और मसूरी जैसे लोकप्रिय पर्यटन स्थलों तक पहुंच पहले से अधिक सहज और तेज हो जाएगी। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर देहरादून में उत्साह चरम पर है। उनके स्वागत में शहर के विभिन्न मार्गों पर भव्य रोड शो आयोजित किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। यह रोड ...शेष पृष्ठ 10 पर

**आज का मौसम**

अधिकतम : 40.06 डिसे.
न्यूनतम : 20.00 डिसे.

**भीतर पढ़ें**


- परिश्रम करो, मंजिल खुद मिलेगी : सीएम (पृष्ठ-02)
- बागपत से शुरू होगी पहली हेरिटेज ट्रेल (पृष्ठ-02)
- रुपया 56 पैसे टूटकर 93.39 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-10)
- ईरानी कच्चे तेल की भारत में 7 साल बाद वापसी (पृष्ठ-10)
- इंदौर एसईजेड का निर्यात 14,000 करोड़ (पृष्ठ-10)


विशेष खबर — महिला आरक्षण अधिनियम के क्रियान्वयन के लिए किया जायेगा संशोधन

# सदी का सबसे बड़ा निर्णय लेने की दहलीज पर भारत

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत 21वीं सदी के सबसे बड़े निर्णयों में से एक की दहलीज पर है क्योंकि संसद उस समय नया इतिहास रचेगी जब 2029 से महिला आरक्षण अधिनियम के क्रियान्वयन के लिए, इस सप्ताह इसमें संशोधन किया जाएगा।

मोदी ने 16 अप्रैल से शुरू हो रहे संसद के तीन दिवसीय सत्र से पहले यहां आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में कहा कि इस कानून के लागू होने से अतीत की परिकल्पनाएं साकार होंगी और भविष्य के संकल्प पूरे होंगे। उन्होंने शासन में महिलाओं के योगदान की सराहना की और जोर दिया कि उनमें से कई बड़ी भूमिकाओं के लिए तैयार और उत्सुक हैं। मोदी ने सम्मेलन में कहा, हमारे देश की संसद एक नया इतिहास रचने के करीब है। ऐसा नया इतिहास, जो अतीत की परिकल्पनाओं को साकार करेगा और भविष्य के संकल्पों को पूरा करेगा। यह ऐसे भारत का संकल्प है, जो समतावादी हो, जिसमें सामाजिक न्याय केवल नारा न होकर हमारी कार्य संस्कृति और निर्णय प्रक्रिया का स्वाभाविक हिस्सा हो।

उन्होंने यह भी कहा कि जब 2023 में यह कानून पेश किया गया था तब इसे सभी दलों की सर्वसम्मति से पारित किया गया था और इसे 2029 तक लागू करने की विशेष रूप से विपक्ष की ओर से सामूहिक मांग उठी थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्यों की विधानसभाओं से लेकर देश की संसद तक, दशकों के इंतजार को समाप्त करने का समय 16, 17 और 18 अप्रैल है, जब संशोधनों पर विचार करने और उन्हें पारित करने के लिए विस्तारित बजट सत्र निर्धारित किया गया है।

उन्होंने कहा, 2023 में नयी संसद में हमने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के रूप में पहला कदम उठाया था, हमारे राष्ट्र की विकास यात्रा में इन महत्वपूर्ण पड़ावों के बीच, भारत 21वीं सदी के सबसे महत्वपूर्ण निर्णयों में से एक निर्णय लेने की दहलीज पर खड़ा है। मोदी ने कहा मैं पूरी जिम्मेदारी के साथ कहता हूं कि यह फैसला हमारे समय के सबसे महत्वपूर्ण फैसलों में से एक होगा। यह फैसला महिला सशक्तिकरण को समर्पित होगा और नारी शक्ति एवं नारी सम्मान के प्रति सच्चे आदर का प्रतीक होगा। संसद ने सितंबर 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया था जिसे आमतौर पर महिला आरक्षण कानून के नाम से जाना जाता है। यह लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अधिनियम में लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीट आरक्षित करने का प्रावधान किया गया है। लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान ...शेष पृष्ठ 10 पर

# खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ने से खुदरा मुद्रास्फीति में उछाल

एजेंसी

- प्याज, आलू, लहसुन, अरहर दाल व चने की कीमतों से घटी महंगाई

नयी दिल्ली। खुदरा मुद्रास्फीति मार्च में मामूली बढ़कर 3.4 प्रतिशत हो गई। फरवरी में यह 3.21 प्रतिशत के स्तर पर थी। पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच कुछ खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि इसकी मुख्य वजह रही। सरकार की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि की दर मार्च में 3.87 प्रतिशत रही जो पिछले महीने के 3.47 प्रतिशत से अधिक है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़े नई श्रृंखला यानी 2024 को आधार वर्ष मानकर जारी किए हैं। खुदरा महंगाई हालांकि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के चार प्रतिशत के औसत लक्ष्य से नीचे बनी हुई है। एनएसओ के आंकड़ों के अनुसार, सोने-चांदी के आभूषण, नारियल, टमाटर और फूलगोभी की कीमतों में मार्च महीने में भारी बढ़ोतरी हुई। वहीं प्याज, आलू, लहसुन, अरहर दाल और चने की कीमतों की महंगाई दर घटी। बिजली, गैस और अन्य ईंधन श्रेणी में खुदरा मुद्रास्फीति मार्च में 1.65 प्रतिशत रही।

# अखिल ज्योत 2026 : बीबीडीयू में डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की स्मृति में रक्तदान शिविर का सफल आयोजन

## हेल्थ सिटी ट्रॉमा सेंटर के सहयोग से एनएसएस इकाई ने जुटाया 94 यूनिट रक्त संग्रह कर युवाओं ने कायम की सेवा की मिसाल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय (बीबीडीयू) के एच-ब्लॉक कॉन्फ्रेंस हॉल में आज अखिल ज्योत 2026 के उपलक्ष्य में एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बीबीडीयू की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता एवं प्रो चांसलर विराज सागर दास की प्रेरणा से हुआ। विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 'हेल्थ सिटी ट्रॉमा सेंटर और सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल' के सहयोग से आयोजित यह शिविर बीबीडी ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की पावन स्मृति को समर्पित रहा।

कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि, बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान केवल एक दान नहीं है, बल्कि यह संकट के समय किसी के परिवार को नया जीवन देने का संकल्प है। हमारे संस्थापक अध्यक्ष डॉ. अखिलेश दास गुप्ता जी का सपना एक संवेदनशील और सेवाभावी समाज का था, और आज युवाओं का यह उत्साह उनके उसी विजन को साकार कर रहा है।

कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति डॉ एस.के. श्रीवास्तव प्रो-वाइस चांसलर प्रो. डॉ. सतीश चंद्र शर्मा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. डॉ. एस.एम.के. रिजवी और एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ. प्रभाष चंद्र पाठक की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। अतिथियों का स्वागत बुके और शॉल भेंट कर किया गया, जिसके पश्चात मुख्य अतिथि ने रिबन काटकर शिविर का विधिवत उद्घाटन किया।

कुलपति प्रो. एस.के. श्रीवास्तव ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा, ₹ऐसे शिविर न केवल रक्त की कमी को पूरा करते हैं, बल्कि छात्रों में परोपकार और सेवा की भावना का भी संचार करते हैं।

प्रो-वाइस चांसलर डॉ. सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि रक्तदान महादान है। डॉ. अखिलेश दास गुप्ता जी हमेशा सामाजिक सेवा के पक्षधर रहे और यह आयोजन उनके आदर्शों को जीवित रखने का एक सार्थक प्रयास है।

डॉ. एस.एम.के. रिजवी ने छात्रों के अनुशासन और उत्साह की सराहना करते हुए इसे विश्वविद्यालय की सामाजिक जिम्मेदारी का अहम हिस्सा बताया।

विश्वविद्यालय की रजिस्ट्रार डॉ. सुधार्मा सिंह ने इस अवसर पर अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई और स्वयंसेवकों को प्रेरित करते हुए कहा कि रक्तदान केवल एक चिकित्सीय प्रक्रिया नहीं, बल्कि सामाजिक एकजुटता का प्रतीक है। एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ. प्रभाष चंद्र पाठक ने बताया कि शिविर में विश्वविद्यालय के छात्रों ने रिकॉर्ड संख्या में हिस्सा लिया। हेल्थ सिटी ट्रॉमा सेंटर की विशेषज्ञ चिकित्सा टीम ने रक्त संग्रहण की प्रक्रिया को पूरी कुशलता और मानकों के साथ संपन्न कराया। प्रत्येक रक्तदाता को विश्वविद्यालय की ओर से प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

शिविर के अंत में विश्वविद्यालय प्रशासन और एनएसएस टीम ने हेल्थ सिटी हॉस्पिटल की टीम एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों ने शिविर की व्यवस्थाओं का सफल नेतृत्व किया। सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया।

# परिश्रम करो, मंजिल खुद मिलेगी : सीएम

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदी बेन पटेल एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आदर्श माध्यमिक विद्यालय, जनभवन के 5.17 करोड़ रुपये से निर्मित नवीन भवन का उद्घाटन किया। सीएम योगी ने इस अभिनव प्रयास के लिए राज्यपाल का आभार प्रकट किया। उन्होंने बच्चों को सीख दी कि परिश्रम का कोई विकल्प नहीं है। प्रयास करने से सभी कार्य होते हैं। परिश्रमी व्यक्ति ही अपना लक्ष्य प्राप्त करने में सफल होता है। इस अवसर पर अतिथियों ने 'हमारा जनभवन' पुस्तक का विमोचन भी किया और विद्यालय की प्रधानाचार्या व चालक को स्कूल बस की चाबी प्रदान की। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा, अमन्त्रमक्षरं नास्ति, नास्ति मूलमनौषधम्। अयोग्यः पुरुषः नास्ति, योजकः तत्र दुर्लभः।। अर्थात कोई भी अयोग्य नहीं है। जैसे कोई अक्षर अयोग्य नहीं है, हर अक्षर में मंत्र और हर वनस्पति में औषधि बनने की ताकत है। वैसे ही हर मनुष्य में योग्य बनने का सामर्थ्य है, लेकिन उसके लिए योजक चाहिए। शिक्षा के लिए राज्यपाल ने योजक के रूप में मॉडल प्रस्तुत किया है। बेसिक व माध्यमिक शिक्षा परिषद इससे प्रेरणा प्राप्त कर सकती हैं। यह उदाहरण हर एक क्षेत्र में प्रस्तुत किया जा सकता है।

सीएम योगी ने बच्चों के समक्ष वैद्य जीवक का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने आयुर्वेद में पहचान बनाई। तक्षशिला में शिक्षा अर्जित करने के बाद गुरु से आज्ञा लेने गए और कहा कि मैं वापस अपने देश-घर जाना चाहता हूं। इस पर गुरु ने कहा कि पहले परीक्षा देनी होगी। वन में जाओ और ऐसी वनस्पति ढूंढकर लाओ, जिसमें औषधीय गुण न हो। जीवक ने तक्षशिला के वन में जाकर कई दिनों तक निवास किया और वापस आकर गुरु से कहा कि ऐसी कोई भी वनस्पति नहीं है, जिसमें औषधीय गुण न हो। सीएम योगी ने नवनिर्मित विद्यालय भवन की तारीफ करते हुए शिक्षा विभाग के अधिकारियों से कहा कि उन्हें यहां शिक्षण संस्थान का आदर्श मॉडल प्राप्त हो रहा है। इस मॉडल को कहीं भी प्रस्तुत कर सकते हैं। जैसा हम प्रस्तुत करते हैं, लोग उसी रूप में अंगीकार भी करेंगे।

# विश्व धरोहर दिवस पर बागपत से शुरू होगी पहली हेरिटेज ट्रेल

लखनऊ। श्री कृष्ण की लीला और पांडवों के पराक्रम की कहानी आप सभी ने सुनी होगी। अब इसकी अमिट छाप भी देख सकेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर देश दुनिया के लिए विश्व धरोहर दिवस पर 18 अप्रैल को बागपत से हेरिटेज ट्रेल शुरू की जा रही है। यहां द्वापर युग के ऐतिहासिक स्थलों से देश-विदेश के पर्यटक परिचित हो सकेंगे। इसके अंतर्गत बरनावा, सिनौली, लाक्षागृह से लेकर प्राचीन धार्मिक स्थलों तक ऐतिहासिक श्रृंखला जोड़ी जा रही है। इसकी एक और खास बात है कि युवाओं को यहां गाइड, गांवों को होमस्टे और स्थानीय व्यंजनों को योगी सरकार बढ़ावा भी देने जा रही है। हेरिटेज ट्रेल के माध्यम से पर्यटक बरनावा स्थित लाक्षागृह और पांडवकाल की गुफाओं जैसे स्थलों का अवलोकन कर सकेंगे, जहां महाभारतकालीन इतिहास और उस दौरान के कई प्रसंगों की अमिट छाप देखी जा सकेगी। यहां आने वाले देश-विदेश के पर्यटक 4000 वर्ष पुरानी सभ्यता के बारे में जान सकेंगे और इतिहास के अनदेखे पहलुओं को देखकर अभिभूत होंगे। बागपत की जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने बताया कि महाभारत में भगवान श्रीकृष्ण द्वारा मांगे गए पांच गांवों में से एक गांव वर्तमान बागपत जिले के बरनावा क्षेत्र में माना जाता है। यही कारण है कि यह क्षेत्र पौराणिक और ऐतिहासिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है तथा इसे हेरिटेज ट्रेल का प्रमुख केंद्र बनाया गया है। हेरिटेज ट्रेल में बरनावा का लाक्षागृह, सिनौली पुरातात्विक स्थल, खंडवारी के प्राचीन अवशेष, पुरा महादेव मंदिर, जोहड़ी मंदिर परिसर, बरौत का ऐतिहासिक क्षेत्र, त्रिलोक तीर्थ धाम तथा यमुना तट के प्राचीन अवशेषों को शामिल किया गया।

# रोजगार मेले में 27 हजार युवाओं का पंजीकरण

विशेष संवाददाता (vol)

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर के नुमाइश ग्राउंड में सोमवार को आयोजित भव्य रोजगार मेला एवं विकास कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के समग्र विकास, युवाओं के सशक्तीकरण और किसानों के कल्याण को लेकर कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। इस दौरान उन्होंने चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा तैयार ह्लकौशल दर्शनह्व पुस्तक का विमोचन किया गया, जिसमें प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं की सफलता की कहानियों का संकलन है। साथ ही मिशन द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित वीडियो का प्रदर्शन भी किया गया, जिसने कार्यक्रम को और आकर्षक बना दिया। रोजगार मेले में 200 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया, जिससे युवाओं को सीधे उद्योगों से जुड़ने का अवसर मिला। इस मेले में 27,000 से अधिक युवाओं ने पंजीकरण कराया, जिनमें से बड़ी संख्या में युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्राप्त हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि यह मेला युवाओं के लिए एक सशक्त प्लेटफॉर्म साबित हो रहा है, जहां उन्हें उनकी योग्यता के अनुरूप रोजगार मिल रहा है। उन्होंने चयनित युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि जो युवा इस बार चयनित नहीं हो सके हैं, उन्हें निराश होने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि सरकार समय-समय पर ऐसे अवसर उपलब्ध कराती रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। रोजगार मेलों के जरिए न केवल नौकरी के अवसर बढ़ रहे हैं, बल्कि स्वरोजगार को भी प्रोत्साहन मिल रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रदेश में निवेश, उद्योग और तकनीकी विकास को बढ़ावा देकर युवाओं के लिए और अधिक रोजगार सृजित किए जाएंगे।

# प्रदेश के विभागों में पिछड़े वर्ग के रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नरेन्द्र कश्यप (स्वतंत्र प्रभार) की अध्यक्षता में सोमवार को विधान सभा स्थित कार्यालय में विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। नरेन्द्र कश्यप ने विभागों में पिछड़ा वर्ग के रिक्त पदों को शीघ्र पूर्ण करने पर बल दिया। इस संबंध में पिछड़ा वर्ग कल्याण के प्रमुख सचिव को निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी स्तह पर अगर कोई समस्या हो तो उनके संज्ञान में लाया जाए लेकिन भर्ती प्रक्रिया में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।

इस मामले में प्रमुख सचिव राजेश कुमार सिंह (पिछड़ा वर्ग कल्याण) ने बताया कि विभाग में कुल 191 पद रिक्त हैं जिस पर शीघ्र की भर्ती प्रक्रिया पूर्ण हो जायेगी। श्री कश्यप ने इस युग को संचार का युग कहा, जिसमें सोशल मीडिया प्रचार-प्रसार का एक बहुत प्रभावशाली अंग है। पारम्परिक संचार/प्रचार-प्रसार माध्यमों के साथ ही एआई के इस युग में हमें समय के साथ चलना होगा। विभागीय योजनाओं को सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित किया जाए ताकि समाज के पिछड़ा वर्ग में सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता उत्पन्न हो।

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की समीक्षा करते हुए मंत्री को प्रमुख सचिव, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने बताया कि कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजनान्तर्गत विगत वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रदेश में कुल 43,689 विभिन्न प्रकार के कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरणों का वितरण करते हुए 34,420 पात्र दिव्यांगजनों को लाभान्वित किया गया।

# बुद्धम शरणम गच्छामि ही शांति का मार्ग : केशव

**लखनऊ।** विश्व शांति के पावन संदेश के साथ राजधानी लखनऊ में बौद्ध भिक्षुओं एवं पूज्य भन्तेगणों द्वारा भव्य शांति मार्च निकाला गया। यह मार्च डॉ. आम्बेडकर महासभा कार्यालय से शुरू होकर हजरतगंज होते हुए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के कैम्प कार्यालय 7- कालिदास मार्ग पहुंचा, जहां उन्होंने भिक्षुओं का आत्मीय स्वागत किया। उप मुख्यमंत्री ने सभी भिक्षुओं को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया और कहा कि शांति का एकमात्र मार्ग बुद्धम शरणम गच्छामि है। उन्होंने कहा कि गौतम बुद्ध का संदेश आज वैश्विक अस्थिरता के दौर में मानवता के लिए मार्गदर्शक है। उन्होंने कहा कि भारत की परंपरा शांति, समता और मानवता की रही है और प्रधानमंत्री द्वारा संयुक्त राष्ट्र में कही गई बात – भारत ने दुनिया को बुद्ध दिया है, युद्ध नहीं आज और अधिक प्रासंगिक हो गई है।



# मिल-बैठकर निपटायें पारिवारिक समस्याएं : सीएम

## मुख्यमंत्री ने शिकायत लेकर पहुंचे लोगों को समझाया

- मुख्यमंत्री ने कहा पारिवारिक झगड़ों में पुलिस-प्रशासन की सहायता लेना अंतिम विकल्प ही होना चाहिए

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सदैव कहते हैं कि 25 करोड़ प्रदेशवासी ही मेरा परिवार है। सोमवार को उन्होंने परिवार के मुखिया के रूप में इसे चरितार्थ भी किया। जनता दर्शन में आए प्रत्येक नागरिक से उन्होंने स्वयं मुलाकात की। सभी की शिकायतें सुनीं और समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए अफसरों को निर्देश भी दिए। इस दौरान कई शिकायतें पारिवारिक विवाद से जुड़ी आईं, जिस पर मुख्यमंत्री ने सभी को समझाया और कहा कि परिवार सबसे बड़ी पूंजी होती है। समझदारी से पारिवारिक मामले मिल-बैठकर सुलझाएं। विश्वास करिए, बिखरने के बजाय परिवार एकजुट हो जाएगा और वर्तमान के साथ भावी पीढ़ी भी एक रहेगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पारिवारिक विवादों से जुड़ी सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना। फिर शिकायत लेकर आए लोगों ने कहा कि पारिवारिक झगड़ों में पुलिस-प्रशासन की सहायता लेना अंतिम विकल्प ही होना चाहिए। हमारे समाज में परिवार से बड़ी कोई पूंजी नहीं होती। यही हमारी सबसे बड़ी ताकत भी है।

श्रेयस्कर यही है कि घर के मामले घर में ही सुलझ जाएं। गलती परिवार के किसी भी सदस्य से हो सकती है, लेकिन थोड़ा समझदारी से काम लेंगे तो परिवार बिखरने से बच जाएगा। परिवार में थोड़ा झुकने से सम्मान कम नहीं होता। परिवार रूपी पूंजी को हर हाल में संभाल कर रखें। कोई भी दिक्कत है तो परिवार के बड़ों के साथ मिल-बैठकर हल करें। यदि किन्हीं कारणों से विवाद हल नहीं होता तो अंतिम विकल्प के रूप में शासन, प्रशासन या पुलिस की सहायता लें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता की हर समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि जन समस्याओं का समाधान तत्परता व संवेदनशीलता के साथ कराया जाए। इसमें शिथिलता या लापरवाही अक्षम्य है। हर समस्या का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और संतुष्टिपरक होना चाहिए। सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले और कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## समाधान होने तक बंद नहीं होगी शिकायतः डॉ. आशीष गोयल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड प्रबंधन को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का समयबद्ध और संतोषजनक निस्तारण हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। वहीं उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन (यूपीपीसीएल) हेल्पलाइन 1912 ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में 98.88 प्रतिशत शिकायतों का समाधान किया है। इसके साथ ही यूपीपीसीएल के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देश दिया है।

पर मुख्य सचिव ऊर्जा एवं पावर कारपोरेशन अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल समीक्षा बैठक में इस बात पर जोर दिया कि 1912 की निरंतर समीक्षा हर अधिकारी अपने स्तर पर सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिया कि उपभोक्ताओं की जो भी शिकायतें आ रहीं हैं, उनको समयबद्ध तरीके से निस्तारित किया जाए। साथ ही कॉल को तब तक समाप्त न माना जाए जब तक उपभोक्ता संतुष्ट न हो जाए।

## लखनऊ से बलरामपुर बस का किराया हुआ महंगा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ के बस अडडों से बलरामपुर जाने वाली रोडवेज बसों का रास्ता बुधवार की रात 12 बजे से बदल जाएगा। इस वजह से लखनऊ से बलरामपुर के बीच दूरी बढ़ने से बस का सफर 16 अप्रैल से महंगा हो जाएगा। इस दौरान रोडवेज बसें लखनऊ से अयोध्या-गोंडा होकर बलरामपुर जाएंगी। इससे करीब 130 किलोमीटर की दूरी बढ़ने से 153 रुपये प्रति यात्री किराया ज्यादा देना होगा।

क्षेत्रीय प्रबंधक अमरनाथ सहाय ने बताया कि लखनऊ से अयोध्या होकर बलरामपुर की दूरी बढ़ने से किराया बढ़ा है। जबकि लखनऊ से बहराइच होकर बलरामपुर के बीच बस के किराये में कोई बदलाव नहीं हैं। दरअसल, बलरामपुर में संजय सेतु पुल की मरम्मत के चलते दो माह तक रास्ता बदला रहेगा। इस दौरान निजी वाहन पीपे वाले पुल से गुजर सकेंगे। जबकि बड़े और भारी वाहन बदले हुए रास्ते से आवागमन करेंगे। इससे लखनऊ से बलरामपुर की दूरी बढ़ने, ज्यादा समय लगने और किराया बढ़ने का खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ेगा। निजी वाहन पीपा वाले पुल से आ-जा सकेंगेसंजय सेतु दो माह तक बंद होने के दौरान पीपा पुल को वैकल्पिक मार्ग के रूप में तैयार किया गया है। इसी रास्ते हल्के और निजी वाहन आवागमन कर सकेंगे।

लखनऊ से बाराबंकी-अयोध्या-गोंडा के बीच की दूरी 222 किमी. और किराया 309 रुपये देना होगा। एडीसीपी ट्रैफिक राघवेंद्र सिंह ने बताया कि बलरामपुर में वाहनों के डायवर्जन प्लान बाराबंकी और अयोध्या से तैयार किया हैं। आगे जैसा निर्देश मिलेगा वैसे ही लखनऊ से बलरामपुर के बीच डायवर्जन प्लान बनाया जाएगा।

## एलडीए की पुरानी आवासीय योजनाओं का बदलेगा स्वरूप

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** दशकों पहले विकसित आवासीय योजनाओं का स्वरूप बदलने की तैयारी है। जहां सीमित सुविधाओं के बीच सिर्फ जी प्लस थ्री स्ट्रक्चर के भवन बने हैं, वहां अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस गगनचुंबी इमारतें बनेंगी। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने अपनी पुरानी आवासीय योजनाओं के री-डेवलपमेंट की दिशा में काम शुरू कर दिया है।

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने इस सम्बंध में आदेश जारी करते हुए अधिकारियों को विस्तृत प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये हैं। प्रथम चरण में वजीर हसन रोड, पेपर मिल कालोनी व कानपुर रोड योजना, सेक्टर-जी में वर्षों पहले निर्मित मल्टीस्टोरी भवनों को री-डेवलप करने के लिए प्रस्ताव तैयार किया जाएगा।

उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि शासन ने हाल ही में उत्तर प्रदेश शहरी पुनर्विकास नीति-2026 लागू की है। जिसमें शहरी क्षेत्र में री-डेवलपमेंट से विकास व सुविधाओं को उच्चीकृत करने को लेकर बल दिया गया है। उन्होंने बताया कि हजरतगंज में वजीर हसन रोड पर वर्ष 1988 में प्राधिकरण की ओर सो मल्टीस्टोरी भवनों का निर्माण कराया गया था। योजना में जी प्लस थ्री स्ट्रक्चर के 04 टावर बने हैं, जिनमें कुल 64 फ्लैट्स हैं।

योजना का प्रारंभिक सर्वे कराया गया, जिसमें पता चला कि 60 फ्लैटों की रजिस्ट्री हो गयी है। 03 फ्लैटों की रजिस्ट्री आवंटियों के स्तर से लंबित है, जबकि 01 फ्लैट अनावंटित है। लगभग चार दशक पहले बने इन भवनों की स्थिति जर्जर है और योजना में नियोजित पार्क व पार्किंग क्षेत्र में अनधिकृत कब्जा है। कई फ्लैटों में मूल आवंटी के स्थान पर अनधिकृत लोग काबिज हैं। वर्तमान परिवेष में देखे तो यह योजना काफी प्राइम लोकेशन पर है। री-डेवलपमेंट नीति के तहत यहां बहुमंजिला अपार्टमेंट बनने से ज्यादा से ज्यादा लोगों को बेहतर आवासीय सुविधाएं मिलेंगी। साथ ही पुराने आवंटियों को पुनर्विकसित भवनों में समायोजित किया जाएगा।

## घर खरीदारों को बड़ी राहत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण ने अनरजिस्टर्ड परियोजनाओं में घर खरीदने वाले होमबायर्स को बड़ी राहत दी है। प्राधिकरण ने शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाते हुए नई व्यवस्था लागू की है। 10 अप्रैल को जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि ऐसे मामलों में शिकायत कैसे दर्ज होगी और पीड़ित खरीदारों को न्याय कैसे मिलेगा।

नई व्यवस्था के अनुसार अब अनरजिस्टर्ड परियोजनाओं के खरीदार भी रेरा में शिकायत दर्ज कर सकेंगे। इसके लिए उन्हें प्रमोटर और परियोजना से संबंधित अतिरिक्त जानकारी देनी होगी। इसमें प्रमोटर का संपर्क विवरण, निदेशकों या साझेदारों की जानकारी, परियोजना की लोकेशन, जमीन, नक्शा, निर्माण की स्थिति और बिक्री की स्थिति जैसी जानकारियां शामिल होंगी। रेरा कानून के तहत किसी भी रियल एस्टेट परियोजना का पंजीकरण अनिवार्य है। ऐसे मामलों में प्राधिकरण की पीठ पहले यह तय करेगी कि संबंधित परियोजना का पंजीकरण आवश्यक था या नहीं।

## प्रदेश की पहली ईपीसी कम्पनियों में एक बनी एससीडीएलः रजनीश चोपड़ा

- सेफ्टी कन्ट्रोल्स एण्ड डिवाइसेस हुआ बीएसई पर सफलतापूर्वक सूचीबद्ध

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सेफ्टी कन्ट्रोल्स एण्ड डिवाइसेस लिमिटेड (एससीडीएल) एक विविध इंजीनियरिंग प्रोक्योरमेन्ट और कन्सट्रशन (ईपीसी) ने सोमवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के एसएमई प्लेटफार्म पर अपने इक्विटी शेयरों की सफल लिस्टिंग के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। कम्पनी के प्रारम्भिक सार्वजनिक प्रास्ताव (आईपीओ), जो 6 अप्रैल को खुला और 8 अप्रैल को बन्द हुआ।

आईपीओ का मूल्य 80 रुपये प्रति शेयर था और इसमें 48.00 रुपये करोड़ के 6000000 इक्विटी शेयरों का नया निर्गम शामिल था। आईपीओ को कुल मिलाकर 1.33 गुना (मुख्य निवेषकों को छोड़कर) सदस्यता मिली जो कम्पनी के व्यवसाय मॉडल और विकास सम्भावनाओं में निवेषकों के अटूट विश्वास को दशार्ती है। एससीडीएल की लिस्टिंग विशेष रूप से उल्लेखनीय है क्योंकि यह स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध होने वाली उत्तर प्रदेश की पहली ईपीसी कम्पनियों में से एक बन गई है जो क्षेत्र के औद्योगिक और बुनियादी ढांचागत परिस्थितिकी तंत्र के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण है।

कम्पनी के प्रबन्ध निदेशक रजनीश चोपड़ा ने कहा कि बीएसई-एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्टिंग के साथ इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को प्राप्त करके हम बेहद प्रसन्न हैं। हमारे आईपीओ को मिली प्रतिक्रिया निवेशकों द्वारा हमारी दूरदृष्टि और क्रियान्वयन क्षमताओं पर दिखाए विश्वास ओर भरोसे को दशार्ती है। यह लिस्टिंग हमें बुनियादी ढांचे नवीकरणीय उर्जा और ईपीसी क्षेत्रों में अपने परिचालन का विस्तार करने में सक्षम बनाएगी।

उन्होंने कहा कि 1997 में स्थापित और लखनऊ में मुख्यालय वाली एससीडीएल एक बहुक्षेत्रीय ईपीसी के रूप में काम करती है, इसमें विद्युत पारेषण और वितरण परियोजनाए, सौर ऊर्जा अवसंरचना, इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग अवसंरचना, अग्नि सुरक्षा प्रणालियों, अस्पतालों का निर्माण, जिसमें आयुष मंत्रालय के लिए परियोजनाए भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सेफ्टी कन्ट्रोल्स एण्ड डिवाइसेस लिमिटेड लखनऊ स्थित एक ईपीसी कम्पनी है।

## टेट संशोधन के विरोध में शिक्षकों ने निकाला जुलूस

**लखनऊ।** केंद्र सरकार द्वारा टेट के सम्बन्ध में वर्ष 2017 में किए गए संशोधन के विरोध में बीएन सिंह प्रतिमा से जीपीओ तक शिक्षकों द्वारा मशाल जुलूस निकाला गया। इस जुलूस में जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ, प्राथमिक शिक्षक संघ, अटेवा आदि संगठन शामिल रहे। इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में लोग एकत्र हुए तथा सरकार की उक्त नीति के खिलाफ नारेबाजी की गई और मशाल जुलूस कार्यक्रम में सुरेश जयसवाल, विनोद कुमार राय, बृजेश मौर्य प्रभात कुमार, मोहिन्दर पाण्डेय, दिवाकर शुक्ला शिखा मिश्रा, हिमानी तिवारी, अनीता राय, ओपी सारस्वत, अरुण मिश्रा के अतिरिक्त सैकड़ों शिक्षक शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया।

## नर्सिंग अधिकारी को सेवा के साथ अच्छे व्यवहार वाला होना जरूरीः सुमन

**लखनऊ।** गोमतीनगर स्थित डा. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में नव नियुक्त नर्सिंग अधिकारियों के लिए इंडक्शन ट्रेनिंग प्रोग्राम का उद्घाटन रविवार को संस्थान के निदेशक प्रो. सीएम सिंह ने दीप जलाकर किया। इस प्रशिक्षण में नर्सेज को उनके रोल्स एंड रिसपोंसबिलिटी, नर्सिंग मानक एवं गुणवत्ता में सुधार के बारे में विस्तार से जानकारी दी जायेगी।

कार्यक्रम में मुख्य नर्सिंग अधिकारी सुमन सिंह ने बताया कि नर्सिंग अधिकारी को सेवा के साथ साथ अपने अच्छे व्यवहार का होना जरूरी है, इससे मरीज को जल्द से जल्द ठीक करने का प्रयास रहता है। संस्थान के निदेशक प्रो. सीएम सिंह ने बताया कि हमारा संस्थान प्रदेश के बढ़े चिकित्सा संस्थानों में से एक है। वर्तमान में संस्थान में रोगियों के लिए 1250 बेड की सुविधा उपलब्ध है। इस ट्रेनिंग का मुख्य लक्ष्य संस्थान में पालन की जाने वाली नीतियों प्रोटोकॉल और दस्तावेजीकरण पर मानकीकृत जानकारी प्रदान करना है।

## दो माह में हो जायेगा संजय सेतु के मरम्मत का कार्य

**लखनऊ। विधि संवाददाता।** राजधानी को गोण्डा, बहराइच और नेपाल तक से जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर बने संजय सेतु के मरम्मत का कार्य दो माह में पूर्ण कर लिया जाएगा। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच के समक्ष यह जानकारी गोण्डा, बाराबंकी और बहराइच के जिलाधिकारियों की ओर से राज्य सरकार के अधिवक्ता ने दी।

इस पर न्यायालय ने मामले की अगली सुनवायी के लिए 25 मई की तिथि नियत की है तथा उक्त जिलाधिकारियों समेत एनएचएआई को शपथ पत्र भी दाखिल करने का आदेश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने आशीष कुमार सिंह की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर सुनवायी करते हुए दिया है। याचिका में घाघरा नदी पर बने संजय सेतु के मरम्मत की मांग की गई है। राज्य सरकार के अधिवक्ता ने न्यायालय को यह भी बताया कि 15 अप्रैल तक पीपे का पुल बनाकर तैयार हो जाएगा।

## सरोजनी नगर से हरित भविष्य की शुरुआत : डा. राजेश्वर

**लखनऊ।** डॉ. राजेश्वर सिंह ने द ग्रीन शिफ्ट के अंतर्गत नेट जीरो इंडस्ट्री पहल के शुभारंभ को एक दूरदर्शी कदम बताते हुए कहा कि यह योजना नेट जीरो सरोजनीनगर 2040 लक्ष्य की दिशा में संगठित और परिणाम-केंद्रित मॉडल के रूप में विकसित की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह पहल औद्योगिक विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित करने का व्यावहारिक मार्ग प्रस्तुत करती है, जिससे स्थानीय उद्योग हरित परिवर्तन के अग्रदूत बनेंगे।

यह पहल नेट जीरो स्कूल एवं कॉलेज, नेट जीरो सोसाइटी एवं आरडब्ल्यूए, नेट जीरो टाउनशिप तथा नेट जीरो गांव एवं सरोवर जैसे आयामों को जोड़ते हुए शिक्षा, समाज, आवास और उद्योग को एकीकृत करती है। इससे स्थानीय स्तर पर सतत विकास का मजबूत ढांचा तैयार होगा। डॉ. सिंह ने उद्योगों की भागीदारी बढ़ाने के लिए ग्रीन शिफ्ट इंडस्ट्रियल एक्सीलेंस अवॉर्ड की घोषणा की, जो विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) को प्रदान किया जाएगा। इस पुरस्कार के तहत 5 लाख रुपये की राशि और सम्मान उन उद्योगों को दिया जाएगा, जो हरित औद्योगिक प्रथाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे।

उन्होंने बताया कि यह पहल उत्तर प्रदेश में अपनी तरह का पहला प्रयास है, जो उद्योगों को प्रतिस्पर्धात्मक रूप से ग्रीन ट्रांजिशन अपनाने के लिए प्रेरित करेगा। आवेदन फॉर्म सरोजनी नगर विधायक कार्यालय, पराग चौराहा पर उपलब्ध हैं और औद्योगिक संगठनों के माध्यम से भी वितरित किए जा रहे हैं। डॉ. सिंह ने कहा कि सतत विकास अब विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता है।

## आंबेडकर जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन

**लखनऊ।** वाल्मीकि अम्बेडकर पंचायत महासभा (उत्तर प्रदेश) की ओर से भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती की पूर्व संध्या पर सोमवार को विशेष संगोष्ठी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सेक्टर-06, सगरा बस्ती विकास नगर में किया गया। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री असीम अरूण, मंत्री आशीष पटेल उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग के अध्यक्ष बब्बन रावत व एमएलसी डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल की मौजूदगी रही। महासभा के पदाधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम में समाज के गणमान्य लोग, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

## प्रदेश की समृद्धि में व्यापारी वर्ग का महती योगदान

**लखनऊ।** परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश की समृद्धि में सबसे ज्यादा योगदान व्यापारी वर्ग का है और जब व्यापारी वर्ग समृद्ध होगा, तो प्रदेश स्वतः समृद्ध होगा। मंत्री सोमवार को राजधानी के एक होटल में उद्योग संवाद के तत्वावधान में आयोजित एमएसएमई व्यापार शिखर सम्मेलन एवं उद्यम रत्न अवार्ड समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि प्रत्येक बस अड्डे पर ओडीओपी के लिए अलग से स्टाल आवंटित किए जाएं, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ें। विशिष्ट अतिथि नगर विकास एवं शहरी विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर ने कहा कि आज ई मार्केटिंग के दौर में भी जो व्यापारी स्वयं को एक ब्रांड के रूप में स्थापित करेगा, उसे व्यापारी से उद्योगपति बनने से कोई नहीं रोक सकता है।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए उद्योग संवाद के संस्थापक अमित गुप्ता ने कहा कि उद्यमी और व्यापारी समाज, किसी भी क्षेत्र की रीढ़ होता है। हम सिर्फ वस्तुओं का क्रय-विक्रय नहीं करते, बल्कि अर्थव्यवस्था को गति देते हैं। रोजगार सृजित करते हैं और समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

## बच्चों ने शतरंज की चालों और खो-खो के मैदान में दिखाया जीत का जज्बा

**लखनऊ।** लखनऊ पब्लिक स्कूल की अंसल शाखा में इंटर-ब्रांच खो - खो, चेस और कैरम कॉम्पिटिशन का आयोजन किया गया, इसमें लखनऊ, उन्नाव और रायबरेली की सभी 10 शाखाओं के छात्र- छात्राओं ने अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रतियोगिता का उद्घाटन अंसल शाखा की प्रधानाचार्या रीना ओझा ने किया। कक्षा 1 व 2 के छात्रों के लिए कैरम और शतरंज जैसी दिमागी स्पधाओं का आयोजन किया गया। शांत एकाग्रता के साथ बच्चों ने शतरंज की बिसात पर अपनी चालें चलीं। वहीं कक्षा 3 से 5 एवं 6 से 8 के छात्रों के बीच खो-खो के कड़े मुकाबले देखने को मिले। मैदान पर खिलाड़ियों की फुर्ती और चेजिंग स्किल्स ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया।

## रक्तदान शिविर में जुटाया 60 यूनिट ब्लड

**लखनऊ।** पंजाब नेशनल बैंक के स्थापना दिवस पर मंडलीय कार्यालय, विभूति खंड, गोमती नगर की ओर से लोक बंधु राजनारायण संयुक्त चिकित्सालय के ब्लड बैंक विभाग के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि रक्तदान को महादान बताते हुए अधिक से अधिक लोगों को इस पुनीत कार्य में भाग लेने हेतु प्रेरित किया, इसमें 75 लोगों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 60 लोगों ने रक्तदान किया।

## पीजीआई में पहली बार धड़का नया दिल, चिकित्सा जगत में उपलब्धि

- पीजीआई में भर्ती महिला मरीज में प्रत्यारोपित किया गया हृदय
- राज्यपाल, सीएम और डिप्टी सीएम ने दी हृदय प्रत्यारोपण टीम को बधाई दी

**लखनऊ।** संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान ने उत्तर प्रदेश का पहला हृदय प्रत्यारोपण करने में सफलता प्राप्त की है। पीजीआई में भर्ती महिला मरीज में हृदय प्रत्यारोपित किया गया है। प्रत्यारोपण के बाद महिला मरीज स्वस्थ्य है।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने पीजीआई की टीम को राज्य में पहला सफल हृदय प्रत्यारोपण करने पर बधाई दी। उन्होंने संस्थान द्वारा प्रदर्शित अनुकरणीय समन्वय और टीम वर्क की सराहना की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में पहले सफल हृदय प्रत्यारोपण की उपलब्धि पर पीजीआई की टीम को बधाई दी और इसे राज्य के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण अवसर बताया, जो उन्नत चिकित्सा सेवा की बढ़ती ताकत को दशार्ता है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने पीजीआई की इस उपलब्धि के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली के एक डोनर ने जीवन रक्षक कई अंग-लिवर, गुर्दे और हृदय-दान किए। लिवर और गुर्दे का प्रत्यारोपण दिल्ली में ही किया गया जबकि हृदय को पीजीआई में भर्ती महिला मरीज के लिए भेजा गया। प्राप्तकर्ता हृदय की मांसपेशियों की बीमारी, डायलेटेड कार्डियोमायोपैथी के कारण गंभीर हार्ट फेल्योर से पीड़ित था।

डिप्टी सीएम ने बताया कि दिल्ली से हृदय एयर एम्बुलेंस के माध्यम से लाया गया था। चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट से पीजीआई तक ग्रीन कॉरिडोर का उपयोग किया गया ताकि मानव अंग को समय पर पीजीआई तक पहुंचाया जा सके। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने इस सफल ऑपरेशन करने वाली टीम को बधाई देते हुए, इस प्रत्यारोपण को राज्य के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि हृदय प्रत्यारोपण एक जटिल लेकिन जीवनरक्षक सर्जरी है। जिसमें गंभीर हृदय रोग से जूझ रहे मरीज को किसी डोनर का स्वस्थ दिल प्रत्यारोपित किया जाता है। यह प्रक्रिया तब की जाती है जब दवाओं या अन्य उपचारों से लाभ नहीं मिलता। पीजीआई में भर्ती महिला मरीज का भी दिल काफी हद तक जवाब दे चुका था। लिहाजा डॉक्टरों ने मरीज में हृदय प्रत्यारोपण का फैसला किया। उन्होंने जैसे ही दिल्ली में डोनर का पता चला। उसी दौरान जरूरी जांचें शुरू करा दी गई। प्रत्यारोपण से पहले डोनर और रिसीवर का ब्लड ग्रुप, टिश्यू मैचिंग और अन्य चिकित्सीय जांच कराई गईं।

प्रत्यारोपण टीम के सदस्यः- सीवीटीएस विभाग के डॉ. एसके अग्रवाल, डॉ. शांतनु पांडे, डॉ. मिलिंद होते, डा. विजय अग्रवाल, डा. मुंशी, डा. सिद्धार्थ, डॉ अरीब, डॉ. अवनींद्र, डॉ. सौरभ, डा. विवेक, डा. हर्ष, कॉर्डियोलॉजी विभाग के डॉ. आदित्य कपूर, डॉ. रूपाली खन्ना, डॉ. सत्येन्द्र तिवारी, डॉ अंकित साहू, एनेस्थीसिया विभाग के डॉ. पुनीत गोयल, डॉ अमित, डॉ पल्लव सिंह, डॉ. नितिन त्रिवेदी, डॉ. आनंदिता कश्यप, डॉ. मलिका धवल, डा. श्रद्धा गंगेले, प्रोफेसर संजय धीरज, प्रोफेसर देवेंद्र गुप्ता आदि डॉक्टरों ने सहयोग किया।

## केजीएमयू में छेड़छाड़ के आरोपी आयुष डाक्टर की होगी जांच

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के यूरोलॉजी विभाग छेड़छाड़ के आरोपी आयुष डॉक्टर को बचाने का आरोप है लेकिन केजीएमयू प्रशासन के अनुसार इस प्रकरण की जांच करायी जाएगी। उल्लेखनीय है कि एक सप्ताह पहले पीड़ित महिला ने छेड़छाड़ की शिकायत की लेकिन आरोपी डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। आलम यह है कि अभी तक जांच कमेटी तक गठित नहीं हुई। यूरोलॉजी विभाग में काकोरी मोड़ निवासी महिला इलाज के लिए आई थीं। डाक्टर ने अल्ट्रासाउंड जांच कराने की सलाह दी थी।

आरोप है कि यूरोलॉजी विभाग में अल्ट्रासाउंड जांच के दौरान महिला मरीज से डॉक्टर ने छेड़छाड़ की। इसकी शिकायत पीड़िता ने विभाग के अध्यक्ष से की। केजीएमयू में रेडियोलॉजी विभाग में करीब 12 नियमित डॉक्टर तैनात हैं जबकि 40 से अधिक रेजिडेंट डॉक्टर हैं।

विभाग में अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन, एमआरआई, एक्सरे समेत दूसरी मशीनों का संचालन कर रहा है। केजीएमयू में प्रवक्ता डा. केके सिंह के अनुसार विभाग से छेड़छाड़ के मामले की जानकारी मांगी गई है। कमेटी गठित कर जांच कराई जाएगी। यदि आयुष विधा के डॉक्टर द्वारा अल्ट्रासाउंड जांच करने की पुष्टि हुई तो कंपनी पर भी कार्रवाई की जाएगी।

## गोदरेज ने एक्सपीरियंस सेंटर लॉन्च किया

**लखनऊ।** इंटीरियो बाय गोदरेज ने राजधानी में एक्सपीरियंस सेंटर लॉन्च किया है। इसका उद्देश्य उत्तर भारत में संस्थागत फर्नीचर कारोबार का विस्तार करना है। कंपनी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रमुख समीर जोशी ने बताया कि हाइब्रिड वर्कस्पेस और एर्गोनॉमिक फर्नीचर की बढ़ती मांग को देखते हुए यह पहल की गई है।

**लखनऊ विकास प्राधिकरण**
(ISO 14001 : 2004, ISO 9001 : 2008 प्रमाणित संस्था)
प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ0प्र0) टोल-फ्री: 1800 1800 5000, वेबसाइट: http://www.ldalucknow.in

**-: सार्वजनिक सूचना :-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय/व्यावसायिक/रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेन्ट ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानान्तरण/नामान्तरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है:-

| क्र सं. | मूल आवंटी का नाम | भवन / भूखण्ड संख्या | योजना का नाम | मृत्यु दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं के नाम | मूल आवंटी से (मृतक) का सम्बन्ध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | स्व0 जोगेन्द्र सिंह छाबड़ा | फ्लैट सं0 A-32/24/01 | सुलभ आवास योजना गोमती नगर विस्तार योजना सेक्टर-01 | 28.03.2024 | श्री विनय कुमार | रजिस्टर्ड वसीयत नामा के आधार पर | ---- |
| 2. | मंजुलिका जैन | भूखण्ड सं0 M-8 | सेक्टर-1 शारदा नगर विस्तार | 04.09.2021 | सुनील कुमार जैन, सुप्रिया अग्रवाल, अनुप्रिया जैन | ---- | पति एवं पुत्रियाँ |
| 3. | स्व0 राजेन्द्र तिवारी | भवन सं0 3/50 | विपुल खण्ड गोमती नगर योजना | 13.12.2025 | श्रीमती रीना तिवारी | श्री उत्कर्ष तिवारी सुश्री मानसी तिवारी | पुत्र एवं पुत्री-अवि0 |
| 4. | मूल आवंटी/मृतक श्रीमती सीता देवी | भवन सं0 ई0-1/897 | सेक्टर-एच कानपुर रोड योजना | 17.12.2025 | श्री गगन दीप खन्ना | ---- | पुत्र |
| 5. | स्व0 राकेश सिंह | भूखण्ड सं0 1/731 | रतन खण्ड शारदा नगर योजना | 29.05.2024 | श्रीमती नम्रता सिंह चौहान | वसीयतनामा | पुत्री |

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कालम-6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव

| महत्वपूर्ण नंबर | | फायर स्टेशन | एम्बुलेंस |
|---|---|---|---|
| वूमेन पावर लाइन | 1090 | हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642 | मेडिकल सेवा- 102, 108 |
| पुलिस | 100, 2629999 | गोमती नगर-9454418657 | |
| पुलिस स्टेशन गंज | 2622556 | | |

## खाते से 50 हजार पार

रहीमाबाद थाना क्षेत्र में साइबर ठगी का मामला सामने आया है, जहां अज्ञात जालसाजों ने एक व्यक्ति के बैंक खाते से यूपीआई के माध्यम से 50 हजार रुपये पार कर दिए। पीड़ित ने पुलिस और साइबर क्राइम में शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।


### सूचना कुर्की

थाना को0 नगर जनपद सुलतानपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0-549/2025 धारा-137(2),87,351(2), 142, 61(2), 145 बीएनएस व 16/17 पाक्सो एक्ट, 5 अनैतिक मानव तस्करी निवारण अधिनियम भादवि व 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट में नामित वांछित अभियुक्तगण 1- गोकुल प्रजापति पुत्र छोटेलाल प्रजापति 2-ग्रीस कुमार शर्मा पुत्र विन्देश्वरी शर्मा निवासीगण ग्राम भगवानपुर थाना कुडवार जनपद सुलतानपुर के विरूद्ध दिनॉक 30.03.2026 को धारा 84 बीएनएसएस की आदेशिका माननीय न्यायालय पाक्सो एक्ट द्वारा जारी किया गया है जिसमें दिनॉक 29.04.2026 की तिथि नियत है।


# अस्पताल के चौथे तल से गिरकर महिला की मौत, हत्या का केस दर्ज

- बंथरा की घटना, परिवारीजनों ने अस्पताल कर्मियों पर लगाया शव से सोने के झुमके निकालने का आरोप
- कार्रवाई की मांग को लेकर घरवालों का हंगामा, मुकदमा दर्ज न होने तक नहीं उठने दिया शव
- मृतका के भाई ने संस्थान के चेयरमैन-प्राचार्य एवं कर्मियों पर दर्ज कराया हत्या का मुकदमा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कानपुर रोड बंथरा इलाके के जुनाबगंज में प्रसाद मेडिकल कॉलेज में सोमवार तड़के संदिग्ध हालात में चौथे तल से गिरकर 32 वर्षीय सीता दीक्षित की मौत हो गई। परिवारीजनों ने हत्या, अभद्रता और सीता के कान से सोने के झुमके निकालने का आरोप लगाया।

स्टाफ और अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की लेकर जमकर हंगामा किया। बिना मुकदमा दर्ज किए शव पोस्टमार्टम नहीं भेजने दिया। बवाल बढ़ता देख एसीपी कृष्णानगर रजनीश वर्मा ने पीड़ित परिवारीजनों को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया। पुलिस ने अस्पताल के चेयरमैन-प्राचार्य, अधिकारियों, नाइट ड्यूटी स्टाफ और अन्य कर्मचारियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

किशुनपुर कौड़िया में रहने वाले अक्षय दीक्षित के मुताबिक वह परिवहन निगम में संविदा चालक हैं। पत्नी कुछ समय से सीता मानसिक रूप से अस्वस्थ चल रही थीं। रविवार को हालत बिगड़ने पर उन्हें प्रसाद मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। वह पत्नी की तीमारदारी में रुके थे। पत्नी को चौथे तल पर वार्ड में भर्ती किया था। रविवार रात नौ बजे खाना खाने के बाद दोनों सो गये। रात 12 सीता की नींद खुल गई। वह भी जग गए थे। दोनों आपस में बातें करते रहे। तड़के करीब चार बजे सीता जब सो गई तो वह भी सो गए। सुबह छह बजे के करीब एक महिला स्वास्थ्यकर्मी चिल्लाते हुए ऊपर आई और बोली कि सीता नीचे गिर गई है। भागकर वह भी पहुंचे। आनन फानन तबतक मेडिकल स्टाफ सीता को लेकर आईसीयू में पहुंच चुका था। वहां परीक्षण के बाद डॉक्टरों ने सीता को मृत घोषित कर दिया। अक्षय ने बताया कि पत्नी एकाएक कैसे छत पर गई और वह गिर गई? यह उनकी समझ से परे है। आशंका है कि पत्नी की हत्या कर ऊपर से फेंका गया है।

इस बीच सूचना पर सीता के भाई व अधिवक्त नीरज तिवारी पहुंचे। परिवारीजनों का आरोप है कि उन्होंने सीता के गिरने के संबंध में अस्पताल कर्मचारियों और अधिकारियों से पूछताछ की तो उन्होंने अभद्रता की। कोई जानकारी नहीं दी। आक्रोशित परिवारीजनों ने हत्या का आरोप लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। अस्पताल प्रशासन से उनकी नोकझोंक हो गई। बवाल की सूचना पर एसीपी कृष्णानगर रजनीश वर्मा, बंथरा थानाप्रभारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के लिए कहा। परिवारीजनों ने शव उठाने से मना कर दिया। वह अस्पताल प्रशासन और कर्मचारियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज करने की बात को लेकर अड़ गए। एसीपी ने समझाने की कोशिश की। कार्रवाई का आश्वासन देकर उन्हें शांत कराया। तहरीर के आधार पर अस्पताल के चेयरमैन, प्राचार्य, प्रशासनिक अधिकारी, रात्रि ड्यूटी इंचार्ज के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया।

> मृतका के घरवालों की तहरीर पर प्रसाद मेडिकल कॉलेज के चेयरमैन, प्राचार्य समेत अन्य पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। तफ्तीश की जा रही है। सीता सीसी फुटेज में अकेले 5:45 बजे छत पर जाती दिखी हैं। तफ्तीश की जा रही है। साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।
>
> **रजनीश वर्मा, एसीपी कृष्णानगर**

**महिला से पहले गिरी उसकी चप्पल :** सीसीटीवी फुटेज में सुबह 5.45 बजे महिला की चप्पल गिरी। इसके 30 सेकंड बाद महिला जमीन पर गिरती दिखाई दी। पीड़ित परिवार का आरोप है कि शरीर चप्पल से भारी होता है, इसलिए पहले महिला को नीचे गिरना चाहिए। लेकिन किसी ने धक्का दिया होगा, जिससे पहले चप्पल गिरी और बाद में महिला का शव गिरा है।

**अस्पताल प्रशासन द्वारा की गई अभद्रता पर भड़के परिजन :** पीड़ित परिवार का कहना है कि जब उन्हें घटना की जानकारी हुई तो वह अस्पताल पहुंचे और घटना की रिकार्डिंग दिखाने की मांग की। लेकिन अस्पताल प्रशासन पहले कहा कि जिस स्थान पर घटना हुई है वहां कैमरा नहीं लगा। जब उन्होंने बताया कि कैमरा लगा है, इसी को लेकर बहस शुरू हो गई। इसी दौरान एक अस्पताल के एक कर्मचारी ने धमकाते हुए पुलिस हिरासत में भेजने की धमकी दी। इससे महिला के परिजन आक्रोशित हो गये और हंगामा शुरू कर दिया।

## टेंट लगाते वक्त मजदूर हाईटेंशन लाइन की चपेट में आया, मौत

**लखनऊ।** सरोजनीनगर क्षेत्र में सोमवार दोपहर भागवत कथा स्थल पर टेंट लगा रहा मजदूर हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। यह देखकर साथ में काम कर रहे मजदूर उसे आननफानन में पास के अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टर ने देखते ही मजदूर को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन कर शव को पोस्टमार्ट के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि सरोजनीनगर के बेहटवा गांव में सोमवार से भागवत कथा शुरू होनी थी। जिसके लिए गुडम्बा थाना क्षेत्र के सेक्टर-के छोटा पहाड़पुर निवासी श्यामू रावत (36) सोमवार को टेंट लगा रहा था। दोपहर करीब दो बजे वह लोहे की सीढ़ी पर चढ़कर टेंट का पाइप लगा रहा था। तभी लोहे का पाइप तेज हवा के झोंके से बगल से गुजर रही हाईटेंशन लाइन के तार में छू गया। जिससे श्यामू हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से झुलस गया। इससे उसकी मौत हो गई।


### कार्यालय ग्राम पंचायत बूढापार विकास खण्ड मिठवल जनपद - सिद्धार्थनगर

पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2026-27

अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत बूढापार विकास खण्ड मिठवल द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/ तेरहवां वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यो हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, बायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 16.04.2026 को 02.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय बूढापार के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 16.04.2026 को 03.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु.-5000/-रुपये (पाँच हजार) होगी।

नियम व शर्तें:-

1. जिम आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स मे रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देना हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें बैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायन, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर वचन पत्र के रूप में ग्राम पंचायत बूढापार के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत बूढापार कार्यालय में ग्राम प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17. सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत बूढापार के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| प्रमोद कुमार | जनक नंदिनी |
| प्रधान | सचिव |
| ग्राम पंचायत बूढापार | ग्राम पंचायत बूढापार |
| सिद्धार्थनगर। | सिद्धार्थनगर। |


# पहले सास को जहरीली चाय दी, बची तो रोटी में डालकर खिलाया

**पोस्टमार्टम में मौत का कारण स्पष्ट नहीं, विसरा सुरक्षित**

**लखनऊ।** काकोरी के इब्राहिमगंज में बहू ने सास को दो हफ्ते पहले चाय में जहर (कीटनाशक) देकर मारने की कोशिश की थी। ठंडी होने के कारण सास ने चाय नहीं पी तो उसने फिर रोटी में जहर देकर मारने की साजिश रची। उसकी यह साजिश सफल हो गई। यह सनसनीखेज खुलासा पुलिस की पूछताछ में हत्यारोपी बहू शालिनी ने किया। उधर, कब्र खोदकर निकाले गए सास शांति देवी के शव का पोस्टमार्टम रविवार को किया गया। पोस्टमार्टम में मौत का कारण स्पष्ट न होने के कारण विसरा सुरक्षित रखा गया है। पुलिस अब विसरा रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। इसके साथ ही आरोपी शालिनी से अन्य बिंदुओं पर पूछताछ कर रही है। शालिनी से पूछताछ में मिली अहम जानकारी के आधार पर पुलिस टीम उसके प्रेमी करन की तलाश में दबिश दे रही है। पुलिस उपायुक्त पश्चिम कमलेश कुमार दीक्षित ने बताया कि पुलिस की चार टीमें आरोपी करन की तलाश में हरदोई व उन्नाव में उसकी रिश्तेदारों के घर दबिश दे रही हैं। जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। इंस्पेक्टर काकोरी के मुताबिक शालिनी ने अपनी सास को मारने के लिए दो हफ्ते पहले चाय में कीटनाशक डालकर पीने के लिए दिया था। उसमें सफल नहीं हुई तो फिर पांच अप्रैल को रोटी में जहर मिलाकर खिला दिया। हालत बिगड़ने पर जब शांति की मौत हो गई तो उसने खेत में शव दफना दिया था। मामला तब खुला जब परिवार के ही एक नाबालिग सदस्य ने जहर देने की जानकारी दी।

## संदिग्ध हालात में रेलकर्मी की मौत, बहू पर हत्या का आरोप

लखनऊ। मदेयगंज क्षेत्र में रेलकर्मी की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। घरवालों ने बहू पर हत्या किए जाने की आशंका जताते हुए जांच की मांग की है। तबियत बिगड़े पर उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां दोनों पक्षों में झगड़ा हुआ। इस मामले में पिता ने मदेयगंज थाने में तहरीर देते हुए मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई करने की मांग रखी है। पुलिस के मुताबिक बख्शी का तालाब स्थित बरगदी के तकिया गांव निवासी रिजवान अली (27) रेलवे में इलेक्ट्रीशियन पद पर नौकरी करते थे। वह मदेयगंज में पत्नी सना के साथ रहकर सिटी स्टेशन में नौकरी कर रहे थे। पिता राशिद अली ने बताया कि उन्होंने अपनी जगह अपने बेटे को नौकरी लगवा दी। चार साल पहले उनके बेटे ने सिटी स्टेशन के पास की रहने वाली सना से लव मैरिज की। दो साल पहले उनके बेटे के एक बेटी भी हुई, लेकिन उसकी मौत हो गई। उसके बाद रिजवान बख्शी का तालाब से पत्नी के साथ मदेयगंज रहने लगे। रविवार देर रात 12:30 बजे राशिद अली के रेलवे कर्मी दोस्त ने बताया कि उनके बेटे की महानगर स्थित रेलवे हॉस्पिटल में मौत हो गई। यह सुनकर भाग कर जब वह रेलवे अस्पताल पहुंचे तो जानकारी मिली कि उनके बेटे की देर शाम मौत हो चुकी है थी इस पर जब उन्होंने अपनी बहू व उसके घर वालों से पूछा तो उन्होंने पहले तो कोई जानकारी देने से मना कर दिया इस पर दोनों पक्षों में अस्पताल में बेटे की मौत की जानकारी न देने पर दोनों पक्षों में मारपीट भी हुई। यहां पर मौजूद लोगों ने किसी तरह माहौल को शांत कराया। इसके बाद रिजवान के ससुराल वालों ने बताया कि ड्यूटी से लौटते समय वह गिर गया था। जिसके चलते घायल था इलाज लेकर के लिए महानगर के बादशाह नगर स्थित रेलवे अस्पताल लाया गया जहां उसकी मौत हो गई। पिता राशिद अली ने बताया कि उन्होंने जब मदेयगंज थाने में तहरीर दी तो उन्होंने कार्रवाई करने से मना कर दिया।

## हाईकोर्ट ने डीआरएम, उत्तर रेलवे को किया तलब

**लखनऊ, विधि संवाददाता।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने डिवीजनल रेलवे मैनेजर (डीआरएम), उत्तर रेलवे को हाजिर होने का आदेश दिया है। न्यायालय ने पाया कि वर्ष 2015 से विचाराधीन एक जनहित याचिका पर अब तक रेलवे की ओर से उत्तर नहीं दाखिल किया गया है। इस पर सख्त रुख अपनाते हुए मामले की अगली सुनवायी के लिए 8 मई की तिथि नियत की व उक्त तिथि पर डीआरएम को उपस्थित होने का आदेश दिया। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने श्रीकांत शुक्ला की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर दिया है। याचिका में देवा-बाराबंकी रोड पर रेलवे क्रॉसिंग पर अंडर पास बनाए जाने की मांग की गई है। याचिका पर बृज कॉर्पोरेशन की ओर से बताया गया कि अंडर पास बनाने का काम रेलवे का है, उसे उक्त अंडर पास को कनेक्ट करने वाली रोड बनाने की जिम्मेदारी है। वहीं मामले पर रेलवे की ओर से कोई जवाब नहीं आया था, इस पर न्यायालय ने उपरोक्त आदेश दिया।

## बी फार्मा डॉक्टर की संदिग्ध हालात में मौत

लखनऊ। अलीगंज में एक निजी अस्पताल संचालक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। हालांकि घरवालों ने पोस्टमार्टम कराने से मना किया, लेकिन पुलिस कर्मियों ने उनका पोस्टमार्टम कराया, लेकिन मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। उनका हार्ट और बिसरा रखा गया है। पुलिस के मुताबिक, मूलतः संतकबीर नगर स्थित बखीरा निवासी रियाद अहमद अलीगंज स्थित शिवलोक कॉलोनी बंधा रोड पर एक निजी अस्पताल संचालक थे। वह अस्पताल में ही रहते थे। वही उनका छोटा भाई आमिर अहमद पास में रह रहा था। भाई अमिर ने बताया रविवार रात करीब 8:30 बजे उनके भाई रियाज अहमद ने अस्पताल के सारे मरीजों को चेक किया और आईसीयू भी गए उसके बाद कमरे में जाते समय अचानक वह फर्श के पर गिर पड़े। यह देखकर अस्पताल में मौजूद अन्य कर्मचारियों ने उन्हें चेक किया। गंभीर हालत में इलाज के लिए उन्हें लारी कार्डियोलॉजी ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत्यु घोषित कर दिया। परिवार में पिता अकबर अहमद की पांच माह पहले बीमारी से मौत हो चुकी है, मां जहां आरा है। घरवालों ने इस मामले में कोई आरोप नहीं लगाया है।

## पत्नी से विवाद में अधेड़ ने जहर खाकर दी जान

लखनऊ। दुबग्गा में पत्नी से विवाद के बाद कैटरिंग का काम करने वाले लालाराम (50) ने जहरीला पदार्थ खा लिया। उसकी बिगड़ती हालत को देखते हुए घरवालों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक, दुबग्गा स्थित बरावन कला तुलसी खेड़ा के रहने वाले लालाराम कैटरिंग का काम करते थे। बेटे विनय ने बताया कि उनके पिता नशे के लती थे। रविवार शाम उनके पिता नशे की हालत में घर लौटे तो पत्नी रामदेवी व छोटी बहन मौजूद थी। वही दोनों बेटे काम से गए हुए थे। नशे की हालत में उनकी पत्नी से कहा-सुनी हो गई। इससे आहत होकर वह कमरे में चले गए। थोड़ी देर बाद जब पत्नी ने दरवाजा खटखटाया दरवाजा न खुलने पर उसने आसपास के लोगों को बुलाया और दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंची तो अपने पति को गंभीर हालत में देख पूछने पर उन्होंने बताया जहर खा लिया है। गंभीर हालत में इलाज के लिए ट्रामा सेंटर पहुंचाया गया जहां उनकी मौत हो गई परिवार में दो बेटे दो बेटियां हैं।

## राजधानी से पकड़ा गया स्प्रिट कंपनी का मालिक

**लखनऊ।** बिहार के मोतिहारी जिले के तुरकौलिया शराब कांड में एसआईटी ने जहरीली स्प्रिट की सप्लाई करने वाले मुख्य आरोपी सतीश चंद्र चौधरी को लखनऊ से गिरफ्तार किया है। वह गाजियाबाद में फर्जी स्प्रिट कंपनी संचालित कर अवैध तरीके से आपूर्ति करता था। पुलिस के अनुसार, सतीश ने ही 31 मार्च को 85 बाल्टी स्प्रिट सप्लाई की थी, जिसे शराब धंधेबाजों में बांटा गया। इस जहरीले पदार्थ के सेवन से तुरकौलिया और रघुनाथपुर थाना क्षेत्र में 10 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि दो दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से बीमार हो गए थे। कई बीमारों की आंख की रोशनी भी चली गई थी। मोतीहारी के एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि गिरफ्तार सतीश चंद्र चौधरी उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले के लालगंज थाना क्षेत्र स्थित सुक्रौली गांव का निवासी है।

## कार-बाइक की टक्कर, महिला की मौत, चार घायल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रहीमाबाद थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह हरदोई-लखनऊ राजमार्ग पर ग्राम भतोइया के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार और बाइक की आमने-सामने टक्कर में एक महिला की मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में एक मासूम बच्चा भी शामिल है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बाइक सवार संडीला की ओर जा रहा था, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार उछलकर खंती में जा गिरे, जबकि कार अनियंत्रित होकर पलट गई और सड़क किनारे एक पेड़ से टकराकर रुक गई। हादसे में बाइक सवार मनकोटी निवासी 20 वर्षीय तालिब, उसकी भाभी जुल्फी और उनका 2 वर्षीय बेटा जुहेब गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं कार चालक संडीला के काजीपुर निवासी रोहित भी बुरी तरह घायल हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को तत्काल मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर सभी को लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया, जहां इलाज के दौरान महिला जुल्फी की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।


### कार्यालय ग्राम पंचायत मऊ दक्षिणी विकास खण्ड बांसी जनपद सिद्धार्थनगर

पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2026-27

अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत मऊ दक्षिणी विकास खण्ड बांसी द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/ राज्य वित्त/ तेरहवां वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यो हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, बायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 15.04.2026 को 10.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय मऊ दक्षिणी के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 15.04.2026 को 12.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु.-5000/-रुपये (पाँच हजार) होगी।

नियम व शर्तें:-

1. जिम आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स मे रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देना हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें बैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायन, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर वचन पत्र के रूप में ग्राम पंचायत मऊ दक्षिणी के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत मऊ दक्षिणी कार्यालय में ग्राम प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17. सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत मऊ दक्षिणी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| गौरव निषाद | अंकित कुमार |
| प्रधान | सचिव |
| ग्राम पंचायत मऊ दक्षिणी | ग्राम पंचायत मऊ दक्षिणी |
| सिद्धार्थनगर। | सिद्धार्थनगर। |

### कार्यालय ग्राम पंचायत रमवापुर भैया विकास खण्ड मिठवल जनपद - सिद्धार्थनगर

पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2026-27

अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत रमवापुर भैया विकास खण्ड मिठवल द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/ तेरहवां वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यो हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, बायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 16.04.2026 को 11.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय रमवापुर भैया के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 16.04.2026 को 01.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु.-5000/-रुपये (पाँच हजार) होगी।

नियम व शर्तें:-

1. जिम आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स मे रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देना हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें बैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायन, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर वचन पत्र के रूप में ग्राम पंचायत रमवापुर भैया के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत रमवापुर भैया कार्यालय में ग्राम प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17. सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत रमवापुर भैया के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| अवधेश कुमार | जनक नंदिनी |
| प्रधान | सचिव |
| ग्राम पंचायत रम

# जिंदगी में इंसान सीखने के लिए ही आता है : इकबाल खान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** साल 2003 में 'फंटूश' फिल्म से अपने करियर की शुरूआत करने वाले इकबाल खान टीवी शो 'कैसा ये प्यार है' से हर घर में पहचाने जाने लगे। इन दिनों वह अपने नए शो 'हुई गुम...यादें-एक डॉक्टर दो जिंदगियां' को लेकर चर्चा में हैं। इकबाल खान ने वॉयस आफ लखनऊ से बातचीत में अपने इस नए सीरियल के अलावा अपने किरदार, करियर और बाकी चीजों के बारे में बात की। इकबाल खान ने यह भी बताया कि उन्होंने अपने अब तक के करियर में क्या कुछ बदलाव देखे। साथ ही किरदारों के सिलेक्शन पर सोशल मीडिया के प्रभाव के बारे में भी बात की।

**छोटे पर्दे पर आपका एक लंबा सफर रहा है, क्या आज करियर में कुछ बदलाव देखते हैं ?**

मेरी पहली फिल्म आई थी 2003 में 'फंटूश', वहां से मेरा करियर शुरू हुआ था। उसके बाद 'कैसा ये प्यार है' शो ने मुझे अंगद के रूप में हर घर में पहचान दी थी। बदलाव तो जीवन का नियम है। मुझे लगता है कि मैं पहले से बेहतर ही हुआ हूं। जिंदगी में इंसान सीखने के लिए ही आता है। मैंने भी बहुत सीखा है।

**आपको क्या लगता है, सोशल मीडिया ने किरदारों और कंटेंट चुनने पर भी असर डाला है ?**

मेरी जिंदगी में सोशल मीडिया मुझे कंट्रोल नहीं करता, मैं उसे कंट्रोल करता हूं। दूसरा, बीच में एक ऐसा वक्त आया था, जब सोशल मीडिया को लेकर बहुत सारी चीजें हो रही थीं, कास्टिंग वगैरह भी उसको देखकर होने लगी थी, लेकिन वो बड़े लेवल पर नहीं होता है। मुझे लगता है कि प्रमोशन के लिए सोशल मीडिया बहुत बढ़िया है। लेकिन आपका प्रोडक्ट कितना बढ़िया से चल रहा है, वो आप सोशल मीडिया से पता नहीं कर सकते। चाहे आप फिल्म ले लें या टीवी शोज ले लें, इन सबके दर्शक अलग-अलग होते हैं। सोशल मीडिया पर पूरी दुनिया है, लेकिन पता नहीं आपके फॉलोअर्स क्या देखना पसंद करते हैं। क्या पता उनमें से कितने दर्शक टिकट खरीदकर फिल्म देखने जाते हैं।

**आप पिता हैं तो कंटेंट चुनने को लेकर आपकी सोच में कितना बदलाव आया है ?**

क्या करना चाहिए क्या नहीं करना चाहिए, इस चुनाव को करने के लिए सब उतने खुशकिस्मत नहीं होते। मैं अपनी बात नहीं कर रहा। मैं इस मामले में कोई राय नहीं देना चाहता। बहुत सारे लोग कुछ भी काम कर रहे होते हैं, क्योंकि उन्हें अपना घर चलाना होता है, तो इस चीज में कुछ कहूंगा तो वो अच्छी बात नहीं लगेगी। ऊपर वाले ने मुझ पर बहुत रहम किया है, काम को लेकर मेरी जिंदगी में कभी कोई कमी नहीं रही। उतार-चढ़ाव जिंदगी का हिस्सा है, कोई ये नहीं कह सकता कि पिछले 23 साल में उसकी जिंदगी में मजे ही रहे हैं।

**आप खाली वक्त में क्या कुछ करते हैं और उनकी प्लानिंग कैसे होती है ?**

एक परिवार वाला व्यक्ति क्या ही करेगा। जब बच्चे होते हैं तो उसे हर चीज उसे देखकर ही करनी होती है। मुझे अपने लिए कुछ खरीदने या करने का शौक नहीं है। ट्रैवलिंग के लिए 80 प्रतिशत प्लानिंग तो बीवी ही करती है, और उन्हें करनी भी चाहिए। अगर हमसे कोई गलती हो जाए तो गड़बड़ हो जाएगी। अगर बीवी करती है, तो गड़बड़ भी उसका ही माना जाएगा।

**अपने नए शो में आप डॉक्टर बने हैं। क्या है इसके पीछे की कहानी ?**

ये एक ऐसे डॉक्टर की कहानी है, जिसकी पिछले 8 साल की यादें खो जाती हैं। उससे पहले वो क्या था और बाद में वो क्या बन जाता है, पहले लोगों के साथ वह कैसा था, अब वो लोगों के साथ कैसा है, बहुत सारी ऐसी चीजें हैं, जो इस शो में दिखाई जाएंगी। रिलेशनशिप इंसान की जिंदगी में बहुत जरूरी चीज होती है, इस शो में भी रिलेशनशिप काफी मायने रखती है। इसकी बीवी, बच्चों, डॉक्टर्स और मरीजों के साथ कैसा रिश्ता है वो इसमें दिखाया जाएगा।

# सिंगर शशि सुमन का 'मोहे लागे' गीत यूट्यूब कर रहा ट्रेंड

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शुली रिकॉर्ड्स का नया गाना 'मोहे लागे' इन दिनों लव मंथ में तेजी से लोकप्रिय हो रहा है. तेजी से आगे बढ़ रहे म्यूजिक लेबल शुली रिकॉर्ड्स ने एक बार फिर अपने नए रोमांटिक ट्रैक से लोगों का ध्यान खींचा है. इस गाने को मशहूर सिंगर शशि सुमन ने अपनी सुरीली और दमदार आवाज दी है. रिलीज होते ही यह गाना सोशल मीडिया और म्यूजिक प्लेटफॉर्म्स पर ट्रेंड करने लगा है और इसे इस सीजन का लव एंथम कहा जा रहा है। पिछले कुछ सालों में शुली रिकॉर्ड्स ने कई हिट गाने दिए हैं। रातां काली, इश्क नचावे और इशाक नमाजी जैसे गानों ने दर्शकों के बीच खास जगह बनाई. हर नए प्रोजेक्ट के साथ यह लेबल अपनी पहचान और मजबूत करता जा रहा है. उनकी खासियत है अलग-अलग अंदाज के गाने पेश करना, जो हर वर्ग के श्रोताओं को पसंद आते हैं। अब मोहे लागे के जरिए शुली रिकॉर्ड्स ने एक खूबसूरत रोमांटिक धुन पेश की है. यह गाना प्यार में पड़ने की भावना, तड़प और एहसास को बखूबी दशार्ता है। शशि सुमन की आवाज गाने को और भी भावुक और दिल को छू लेने वाला बनाती है. गाने के बोल और म्यूजिक दोनों ही श्रोताओं को जोड़ने में सफल हो रहे हैं. गाने के म्यूजिक वीडियो में मोनिका सिंह और त्रिशान मैनी मुख्य भूमिका में नजर आ रहे हैं. दोनों की ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री दर्शकों को काफी पसंद आ रही है. वीडियो का निर्देशन हरीश चंद भट्ट ने किया है, जिन्होंने इसे खूबसूरत विजुअल्स और मजबूत कहानी के साथ पेश किया है. फैंस मोहे लागे को जमकर पसंद कर रहे हैं और इसे इस सीजन का सबसे रोमांटिक गाना बता रहे हैं. लगातार मिल रही सराहना से साफ है कि शुली रिकॉर्ड्स ने एक बार फिर दिल जीत लिया है।

# सुख-समृद्धि का प्रतीक बैसाखी पर्व आज, गुरुद्वारों में सजेगा विशेष दीवान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बैसाखी को फसल का त्योहार माना जाता है। इसे विशेष रूप से पंजाब और हरियाणा राज्यों में मनाया जाता है। यह त्योहार रबी की फसल के मौसम की खुशियों को आपस में बांटने के लिए मनाया जाता है।

बैसाखी को 'वैसाखी' के नाम से भी जाना जाता है। यह त्योहार मुख्य रूप से सिख समुदाय के लोगों द्वारा बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाता है। धार्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से यह दिन अत्यंत महत्वपूर्ण है। हिंदू सूर्य पंचांग के अनुसार बैसाखी को सिख नववर्ष के उत्सव का दिन माना जाता है। बैसाखी का त्योहार नए सौर वर्ष की शुभ शुरूआत के रूप में मनाया जाता है। हर साल लगभग 13 या 14 अप्रैल को सूर्य मीन राशि से निकलकर मेष राशि में प्रवेश करता है। इसे मेष संक्रांति कहा जाता है और यह दिन नए सौर वर्ष की शुरूआत का प्रतीक होता है। इसी अवसर पर बैसाखी का त्योहार मनाया जाता है। द्रिक पंचांग के अनुसार इस वर्ष बैसाखी का त्योहार 14 अप्रैल,2026 को मनाया जाएगा। 14 अप्रैल को सूर्य प्रातः 9:38 बजे मेष राशि में प्रवेश करेगा।

**बैसाखी का महत्व:** बैसाखी सिख समुदाय का सबसे महत्वपूर्ण त्योहार है। इसका धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व बहुत गहरा है। इस दिन को सिख नव वर्ष या पंजाबी नव वर्ष की शुरूआत माना जाता है।

बैसाखी को फसल उत्सव के रूप में भी मनाया जाता है। यह दिन आने वाले वर्ष के लिए नए मौसम, नई शुरूआत, नई उम्मीदों, नए लक्ष्यों और नई योजनाओं का प्रतीक है। लोग अच्छी फसल और जीवन में समृद्धि देने के लिए ईश्वर का धन्यवाद करते हैं। वे लापरवाही या असावधानी के कारण हुई किसी भी गलती के लिए क्षमा भी मांगते हैं और सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना करते हैं।

**बैसाखी की परम्पराएं :** बैसाखी के अवसर पर गुरुद्वारे विशेष कीर्तन, अरदास और लंगर का आयोजन करते हैं जिससे पूरा समुदाय एक साथ आता है। लोग नए कपड़े पहनते हैं, दोस्तों और परिवार वालों से मिलते हैं और एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हैं। यह त्योहार विशेष रूप से पंजाब में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है, जहां भांगड़ा और गिद्दा जैसे पारंपरिक नृत्यों से पूरा माहौल ऊर्जा और उमंग से भर जाता है। पंजाब में कई क्षेत्रों में मेले भी लगते हैं, जहां लोग मिलकर इस त्योहार का जश्न मनाते हैं। इसके अलावा विभिन्न गुरुद्वारों में अमृत संचार समारोह भी आयोजित किए जाते हैं जो लोगों के सिख धर्म में दीक्षा लेने का प्रतीक होते हैं। यह दिन धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक अभिव्यक्ति और सामुदायिक उत्सव का एक सुंदर संगम है।

## यहियागंज गुरुद्वारा को फूलों व लाइटों से सजाया गया

लखनऊ। ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी यहियागंज में खालसा साजना दिवस के अवसर पर 14 अप्रैल शाम 7:00 बजे से देर रात्रि तक विशेष दीवान सजाया जाएगा। गुरुद्वारा सचिव मनमोहन सिंह हैप्पी ने बताया कि डॉ गुरमीत सिंह के संयोजन में श्री दरबार साहब श्री अमृतसर से भाई गुरप्रीत सिंह जी, भाई गुरविंदर सिंह जी बावा विशेष रूप से शबद कीर्तन द्वारा संगतो को निहाल करेंगे इस अवसर पर गुरुद्वारा साहब को विशेष फूलों एवं लाइटों से सजाया जाएगा।

# अक्षय तृतीया पर करें तुलसी आराधना, धन और सौभाग्य का होगा आगमन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कहते हैं कुछ दिन ऐसे होते हैं, जब किस्मत खुद दरवाजा खटखटाती है, अक्षय तृतीया उन्हीं खास अवसरों में से एक मानी जाती है। इस दिन किया गया हर शुभ काम कभी खत्म न होने वाले फल का वादा करता है, इसलिए इसे अक्षय कहा गया है। आमतौर पर लोग इस दिन सोना-चांदी खरीदने या माता लक्ष्मी की पूजा पर ध्यान देते हैं, लेकिन एक और बेहद खास उपाय है, जो चुपचाप जीवन में सुख-समृद्धि ला सकता है।

मान्यता है कि इस दिन तुलसी की विधिपूर्वक पूजा करने से न केवल आर्थिक स्थिति मजबूत होती है, बल्कि घर में शांति और सौभाग्य भी बना रहता है। हिंदू पंचांग के अनुसार, वर्ष 2026 में वैशाख शुक्ल तृतीया तिथि 19 अप्रैल को सुबह 10:45 बजे शुरू होगी और 20 अप्रैल को सुबह 07:49 बजे समाप्त होगी। इसलिए अक्षय तृतीया 19 अप्रैल 2026 को मनाई जाएगी। मान्यताओं के अनुसार इस दिन सही विधि से तुलसी पूजन करने से घर में सकारात्मक ऊर्जा और खुशहाली का वास होता है।

**तुलसी पूजन की विधि:** अक्षय तृतीया को अबूझ मुहूर्त माना जाता है, यानी इस दिन बिना विशेष मुहूर्त देखे भी पूजा और शुभ कार्य किए जा सकते हैं। सुबह या शाम स्नान करके साफ वस्त्र पहनें और श्रद्धा के साथ तुलसी पूजन करें। भगवान विष्णु और तुलसी देवी का संकल्प लें तुलसी के पास घी का दीपक जलाएं। रोली, चंदन, फूल और फल अर्पित करें। मिठाई का भोग लगाएं, तुलसी की 7 या 11 बार परिक्रमा करें, इस पूजा से घर में सुख-शांति और समृद्धि का वास होता है।

**तुलसी पूजन का महत्व:** धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, तुलसी के पौधे में मां लक्ष्मी का निवास होता है और यह भगवान विष्णु को अत्यंत प्रिय है। इसी कारण तुलसी को ह्यविष्णु प्रिया भी कहा जाता है। अक्षय तृतीया के दिन तुलसी पूजन करने से एक साथ लक्ष्मी और विष्णु दोनों की कृपा प्राप्त होती है। इससे धन-धान्य में वृद्धि होती है और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है।

# लखनऊ में कल से सजेगा सिनेमा का महाकुंभ, लगेगा सितारों का जमघट

## 15-16 अप्रैल को होगा लखनऊ इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल' का आयोजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी और कला-संस्कृति के केंद्र लखनऊ में पहली बार भव्य स्तर पर 'लखनऊ इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल' का आयोजन होने जा रहा है। यह दो दिवसीय महोत्सव 15 और 16 अप्रैल को सहारागंज मॉल स्थित आईनॉक्स पी वी आर सिनेमा में आयोजित किया जाएगा। फेस्टिवल के संस्थापक और आयोजक, प्रसिद्ध लेखक, निमार्ता एवं निर्देशक अयूब खान (जो मुंबई में प्रतिष्ठित 'सिनेड्रीम्स इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल' का भी संचालन करते हैं) ने बताया कि इस महोत्सव का उद्देश्य उत्तर प्रदेश की प्रतिभाओं और सिनेमाई विरासत को एक वैश्विक मंच प्रदान करना है।

पहले दिन 15 अप्रैल को सुबह 9:00 बजे से रात 10:00 बजे तक ज्यूरी द्वारा चयनित देश-विदेश की बेहतरीन फिल्मों की स्क्रीनिंग की जाएगी। जबकि 16 अप्रैल को सुबह 9:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक फिल्म स्क्रीनिंग जारी रहेगी। इसके पश्चात, शाम 7:00 बजे से रात 10:00 बजे तक एक भव्य अवार्ड शो का आयोजन होगा, जिसमें सिनेमा जगत की चुनिंदा हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा।

इस महोत्सव का मुख्य आकर्षण बॉलीवुड की उन महान विभूतियों को याद करना है जिनका संबंध उत्तर प्रदेश से रहा है। इन दिवंगत हस्तियों के नाम पर विशेष सम्मान उनके परिवारजनों की उपस्थिति में प्रदान किए जाएंगे। इस वर्ष सम्मानित होने वाले अधिकांश कलाकार भी उत्तर प्रदेश की मिट्टी से जुड़े हैं। उन्होंने बताया कि महोत्सव के 'बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स' में जरीना वहाब, पहलाज निहलानी, अनूप जलोटा और सतलुज धीर जैसे नाम शामिल हैं। वहीं, फिल्मों का चयन मेहुल कुमार, एन. चंद्रा, सोहम शाह, मनोज जोशी, राकेश बेदी और कमलेश पांडे जैसे अनुभवी ज्यूरी सदस्यों द्वारा किया गया है। उन्होंने बताया कि जो फिल्म फेस्टिवल में ज्यूरी के द्वारा सेलेक्ट की गई 210 फिल्में को बेस्ट स्टोरी, बेस्ट डायरेक्टर, बेस्ट एडिटिंग, आदि अवॉर्ड दिए जाएंगे।

**सम्मानित होने वाली हस्तियां:** समारोह में राहुल रवैल, विशाल भारद्वाज, पूनम ढिल्लों, रवि किशन, राजपाल यादव, जूही चतुर्वेदी और मनोज मुंतशिर जैसी प्रतिष्ठित हस्तियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। अयूब खान ने कहा, यह लखनऊ के लिए गौरव का क्षण है। हम इस फिल्म फेस्टिवल को अब हर वर्ष आयोजित करेंगे ताकि स्थानीय कलाकारों और फिल्म प्रेमियों को एक सशक्त मंच मिल सके।

# संकटहरण पंचमुखी हनुमान मंदिर का मना 19वां स्थापना दिवस

**लखनऊ।** बीरबल साहनी मार्ग पुराना हैदराबाद स्थित श्रीसंकटहरण पंचमुखी हनुमान मंदिर का 19वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। हनुमान मंदिर ट्रस्ट के आरपी शर्मा ने बताया कि प्रातः मंदिर खुलने के साथ ही हनुमानजी को अष्टगंध से स्नान कराके नवीन श्रृंगार किया गया तत्पश्चात पं.दिनेश दीक्षित, आचार्य पवन मिश्रा, सुधांशु शुक्ल, प्रमोद कुमार और पं.दिनेश कुमार मिश्र ने सम्मिलित रूप से हनुमान जी का सहस्त्रार्चन से पूजन किया। हवन पूजन के साथ प्रभु को बूंदी- कचौड़ी का भोग लगाकर भण्डारा प्रारम्भ हुआ। रात तक चले भण्डारे में सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। संध्याकाल सत्र पुलिस लाइन से आए हनुमत भक्तों की अगुवाई में संगीतमय सामूहिक सुन्दरकाण्ड पाठ हुआ। भजन संध्या में विनीता सिंह, रौशनलाल, सुभाष अरोड़ा आदि ने मधुर भजन प्रस्तुत किये। इस अवसर पर अजय मेहरोत्रा, एसडी सावंत, चैतन्य अग्निहोत्री, बीके सक्सेना, सिद्धार्थ अग्रवाल, ज्योति किरन रतन, पं.जितेंद्र दीक्षित, महेन्द्र, हेमन्त कुमार चतुर्वेदी, ब्रजेश कुमार, पवन शर्मा, कल्पना अग्रवाल, राजेन्द्र कुमार अग्रवाल, अभय आदि भक्तों की उपस्थिति रही।

# काम अधूरा छोड़ने से सफलता नहीं मिलती : जीतेश

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अलीगंज के बेलीगारद स्थित विशेश्वर दयाल इंटर कालेज में सोमवार को आयोजित वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह के अवसर पर लोक संस्कृति शोध संस्थान के तत्वावधान में दादी-नानी की कहानी जीतेश की जुबानी श्रृंखला के अंतर्गत मासिक कार्यक्रम का 80वां आयोजन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर स्टोरीमैन जीतेश श्रीवास्तव ने बच्चों को प्रेरणादायक कहानी सुनाकर जीवन में एकाग्रता और निरंतरता का महत्व बताया। विद्यालय के प्रबंधक एच.एन. श्रीवास्तव एवं प्रधानाचार्य सुमनलता मिश्रा ने मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती वंदना ‘मां सरस्वती शारदे... पर मनोहारी नृत्य प्रस्तुति से हुआ। इसके पश्चात प्रथम पूज्य श्री गणेश वंदना देवा श्री गणेशा... तथा स्वागत गीत सांसों की सरगम गाए सुस्वागतम ने वातावरण को उल्लासमय बनाया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अहा टमाटर बड़े मजेदार और छोटा बच्चा जान के ना कोई आंख दिखाना रे पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए। कक्षा दो की छात्राओं मानसी और शगुन ने एक रोटी कम खाओ, बेटा-बेटी को पढ़ाओ पर प्रस्तुति देकर शिक्षा का प्रेरक संदेश दिया। कहानी सत्र में जीतेश श्रीवास्तव ने एक मकड़ी की कथा के माध्यम से बताया कि जो लोग दूसरों की बातों में आकर बार-बार अपना काम अधूरा छोड़ देते हैं, वे सफलता से वंचित रह जाते हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय पार्षद मान सिंह यादव उपस्थित रहे। अध्यक्षता त्रिलोकी सिंह इंटर कालेज के प्रधानाचार्य निर्मल कुमार श्रीवास्तव ने की। वहीं बतौर विशिष्ट अतिथि रोटरी क्लब के डा. रमेश चड्ढा, शोहरतगढ़ एनवायरमेंटल सोसाइटी के सचिव संदीप श्रीवास्तव, स्माइल फॉर ऑल सोसाइटी के सचिन तिवारी, सोमेंद्र सिंह, दीपक जैन, विद्यालय के प्रबंधक एच.एन. श्रीवास्तव एवं प्रधानाचार्य सुमनलता मिश्रा, वरिष्ठ पत्रकार डा.एस.के.गोपाल, शम्भू शरण वर्मा सहित शिक्षकगण, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड-3, लो.नि.वि., बाराबंकी**

पत्रांक : 991 /3ए /ई-टेण्डरिंग/2026 दिनॉक 07.04.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

1. उत्तर प्रदेश के महामहिम राज्यपाल महोदया की ओर से अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड-3, लो.नि.वि. बाराबंकी द्वारा लोक निर्माण विभाग में 'भवन वग' में ए, बी, सी एवं डी श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रतिशत दरों के आधार पर ऑनलाइन निविदा आमंत्रित करते हैं।

2.

| क्र. सं. | जिला | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू. में) | बिड सिक्योरिटी (लाख रु. में) | निविदा प्रपत्र मूल्य (रु.) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | अधिशासी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभियन्ता का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | बाराबंकी | जनपद बाराबंकी के विकास खण्ड देवा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत कोडरी में आंगनबाड़ी केन्द्र, अजीजाबाद कोडरी के भवन का निर्माण कार्य। | 22.00 | 2.20 | 944.00 | 03 माह | अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड नं.-3 लो.नि.वि. बाराबंकी | अधीक्षण अभियन्ता अयो./ अम्बेडकरनगर वृत्त लो.नि.वि. अयोध्या | मुख्य अभियन्ता अयोध्या क्षेत्र लो.नि.वि. अयोध्या |

3. निविदा से सम्बन्धित डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 16-04-2026 को मध्यान्ह 12:00 बजे से 30-04-2026 को मध्यान्ह 12:00 बजे तक ऑनलाइन सबमिट (अपलोड) किया जा सकता है। निविदाएं दिनांक 30-04-2026 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगी। ठेकेदारों से अपेक्षित है कि वे उक्त वेबसाईट को नियमित रूप से देखते रहें, ताकि किसी प्रकार के संशोधन/शुद्धि की स्थिति की जानकारी उनको समय से प्राप्त हो सके।
4. निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

(राजीव कुमार राय)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-3,लो.नि.वि.,
बाराबंकी

UPID-249684 Date:13.04.2026 Website : www.upgov.nic.in

# प्रतिशोध, हिंसा और विध्वंस की दास्तान है 'डकैत एक प्रेम कथा'

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

- ऐक्टर : आदिवि शेष, मृणाल ठाकुर, अनुराग कश्यप, प्रकाश राज, जैन मेरी खान, अतुल कुलकर्णी
- डायरेक्टर : शेनिल देव

**रेटिंग-3/5**

**फिल्म समीक्षा**

**लखनऊ।** कहा जाता है कि प्यार कभी सरल नहीं होता, उसका कॉम्प्लेक्स्ड नेचर ही उसे यूनिक बनाता है। निर्देशक शेनिल देव की डकैत एक ऐसी सघन प्रेम कहानी है, जहां प्यार रॉग टर्न ले लेता है और फिर शुरू होती है प्रतिशोध, हिंसा और विध्वंस की दास्तान।

कहानी का मूल विचार मजबूत है, मगर अफसोस कमजोर स्क्रीनप्ले और लॉजिक की कमी के कारण यह एक यादगार लव स्टोरी बनते-बनते रह जाती है। कहानी की शुरूआत होती है, जेल में दस सालों से हत्या और बलात्कार की सजा काटने वाले हरि (आदिवि शेष) से। असल में हरि जिस लड़की जूलियट (मृणाल ठाकुर) से दिलो -जान से मोहब्बत करता था, उसी की झूठी गवाही पर उसकी जिंदगी तबाह हो गई थी और अब हरि जेल से भागकर जूलियट को बर्बाद करके अपना बदला पूरा करना चाहता है। मगर जब दोनों के रास्ते एक बार फिर से टकराते हैं, तब आपसी रंजिश और नफरत के बावजूद पुराने जज्बात सतह पर आ जाते हैं और फिर कुछ ऐसे राज खुलते हैं कि दोनों का रिश्ता और जटिल हो जाता है।

इस पूरे घटनाक्रम की जटिल परतों को खंगालने का काम करता है पुलिस इंस्पेक्टर स्वामी (अनुराग कश्यप) और उसकी पुलिस अधिकारी बेटी (जैन मेरी खान) मगर जब ये परतें खुलती हैं, तो गुस्से, बदले और तबाह करने वाला जज्बा धुंधला हो जाता है और प्यार की एक अनोखी तस्वीर सामने आती है। 'दिल जला है, दुनिया जला कर राख कर दूंगा' जैसे तेवर वाले कॉन्सेप्ट पर निर्देशक शेनिल देव ने एक जटिल और भावनात्मक कहानी गढ़ने की कोशिश की है। विचार दमदार है, लेकिन समस्या यह है कि इसे कई जगहों पर जरूरत से ज्यादा ओवर-द-टॉप, अनुमानित और सुविधाजनक बना दिया गया है। फिल्म का पहला हिस्सा धीमा है, जहां कहानी अपने ही बोझ तले दबती हुई लगती है।

दूसरा हिस्सा एक्शन और बेहतर एग्जीक्यूशन के साथ थोड़ी पकड़ बनाता है और कुछ ट्विस्ट वाकई चौंकाते हैं। लेकिन कमजोर स्क्रीनप्ले के कारण पूरी फिल्म लगातार डगमगाती रहती है। कई सीक्वेंस ऐसे हैं जहाँ लॉजिक की साफ कमी खलती है, जिससे कहानी की विश्वसनीयता प्रभावित होती है। तकनीकी रूप से फिल्म समृद्ध नजर आती है। सिनेमैटोग्राफी कहानी के रॉ और कठोर भाव को प्रभावी ढंग से सामने लाती है। निर्देशक का झुकाव साफ तौर पर विजुअल अपील पर ज्यादा दिखता है। हालांकि, नैरेटिव में एकजुटता की कमी बार-बार महसूस होती है। कहानी बिना ठोस बिल्ड-अप के एक मूड से दूसरे मूड में छलांग लगाती है। वहीं संगीत, जो आमतौर पर प्रेम कहानियों की जान होता है, यहां वैसा असर पैदा नहीं कर पाता और फिल्म की भावनात्मक पकड़ को मजबूत करने में चूक जाता है। परफॉर्मेंस की बात की जाए तो, आदिवि शेष ने अपनी जटिल भूमिका के साथ न्याय करने की कोशिश की है, मगर कहीं -कहीं वे भी नाटकीय नजर आते हैं। मृणाल ठाकुर अपने रोल में दमदार नजर आती हैं। अनुराग कश्यप ने पुलिस अफसर-कम आध्यात्मिक गुरु वाली भूमिका में याद रह जाते हैं, मगर प्रकाश राज को हम इस तरह की भूमिकाओं में पहले भी देख चुके हैं।

संक्षेप

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)। अयोध्या-प्रयागराज रेलखंड पर चुरकुना अशरफपुर गांव के पास रविवार देर रात एक दर्दनाक हादसे में एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। गोसाईगंज थाना प्रभारी श्याम सुंदर तथा द्वारिकागंज चैकी प्रभारी अशोक कुमार ने पुलिस बल के साथ रात्रि में ही घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मृतक की पहचान दिनेश यादव (42), पुत्र स्वर्गीय राम केवल यादव, निवासी चुरकुना अशरफपुर के रूप में हुई है। वह खेती-किसानी के साथ-साथ बिजली का कार्य कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। परिवारिक जानकारी के अनुसार, दिनेश छह भाई-बहनों में पांचवें स्थान पर था। उसके माता-पिता का पहले ही निधन हो चुका है। बताया जा रहा है कि घटना वाले दिन सुबह उसका अपनी पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। घटना की सूचना मिलते ही पत्नी अंजू, पुत्री मानसी और पुत्र रौनक सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

# भाजपा 2027 में हैट्रिक लगायेगी

## प्रदेश अध्यक्ष ने बछरावां में डॉ. भीमराव अंबेडकर की नवीन प्रतिमा का किया भव्य अनावरण

जिला संवाददाता

**बछरावां, रायबरेली।** प्रदेश अध्यक्ष पंकज चैधरी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन लोगों ने बाबा साहब को जीते जी सम्मान नहीं दिया, वे आज उनके नाम पर राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 में पुनः भाजपा सरकार बनी और 2027 में हैट्रिक लगाने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में बाबा साहब के विचारों को सच्चे अर्थों में सम्मान दिया जा रहा है। केंद्र सरकार द्वारा पंचतीर्थ के विकास, स्मारकों के निर्माण और जयंती को राष्ट्रीय स्तर पर मनाने जैसे अनेक कार्य किए गए हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की डबल इंजन सरकार भी बाबा साहब के विचारों को धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चैधरी ने सोमवार को बछरावां में डॉ. भीमराव अंबेडकर की नवीन प्रतिमा का भव्य अनावरण किया। इस अवसर पर आयोजित विशाल जनसभा में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभा को संबोधित करते हुए श्री चैधरी ने बाबा साहेब के योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें कोटि-कोटि नमन किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल एक प्रतिमा का अनावरण नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और संविधान के मूल्यों के प्रति हमारी अटूट आस्था का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सपा ने परिवारवाद और तुष्टिकरण की राजनीति की तथा उनके शासनकाल में संविधान का राज नहीं बल्कि माफियाराज था। इसी कारण उत्तर प्रदेश की देवतुल्य जनता ने वर्ष 2017 में दंगावालों को हटाकर गंगावालों को चुना। श्री चौधरी ने कहा कि बछरावां की पावन धरती मेहनतकश किसानों, संघर्षशील युवाओं और सामाजिक समरसता की पहचान रही है। यहां के लोगों की मेहनत और संघर्ष ही देश को आगे बढ़ाने की शक्ति प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का जीवन हमें यह सिखाता है कि विपरीत परिस्थितियों में भी दृढ़ संकल्प और शिक्षा के माध्यम से समाज में व्यापक परिवर्तन लाया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए इतनी बड़ी संख्या में उपस्थित होने के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री एवं अवध क्षेत्र प्रभारी संजय राय, क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह, विधायक मनोज पांडे, सदर विधायक अदिति सिंह, क्षेत्रीय मंत्री दिलीप यादव, क्षेत्रीय मंत्री विकास सिंह, जिला प्रभारी पीयूष मिश्रा, अशोक कोरी, पूर्व एमएलसी राजा राकेश प्रताप सिंह, पूर्व विधायक राकेश सिंह, कार्यक्रम संयोजक पूर्व विधायक रामलाल अकेला, ब्लॉक प्रमुख अमन दव्वा एवं नगर पंचायत अध्यक्ष ष्षीवेन्द्र सिंह ह्यरामजीह्य सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी ने चुरुवा धाम में की बजरंगबली की पूजा

केंद्रीय मंत्री एवं उत्तर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चैधरी बछरावाँ पहुंचे। यहां उन्होंने श्री पीपलेश्वर हनुमान मंदिर, चुरुवा धाम में विराजमान बजरंगबली के दर्शन किए और पूजन-अर्चना कर विशेष पूजा की। प्रदेश अध्यक्ष के साथ उद्यान राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह भी मौजूद रहे। मंदिर में पूजा के दौरान पंकज चौधरी ने पूरे प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि, शांति एवं आरोग्यता की कामना की। उन्होंने बजरंगबली से प्रदेश की निरंतर उन्नति और जनकल्याण के लिए आशीर्वाद मांगा।

# बच्चे हमारे राष्ट्र के भविष्य

## पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय में विधायक अदिति सिंह ने की शिरकत

जिला संवाददाता

**रायबरेली।** सदर तहसील क्षेत्र के ब्लॉक अमावां के अंतर्गत हैवत मऊ ग्राम पंचायत स्थित पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय में जिस स्कूल की नींव उनके पिता अखिलेश सिंह में रखी थी। इस स्कूल में सदर विधायक अदिति सिंह का अभिनंदन एवं अध्यापिका के विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया। विधायक अदिति सिंह ने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की शुभ शुरूआत की। सभी शिक्षकों ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर हार्दिक स्वागत किया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें नृत्य प्रस्तुतियां विशेष रूप से मनमोहक रहीं और उपस्थित सभी को आकर्षित किया।समारोह के दौरान विद्यालय के एसीआर कक्ष का लोकार्पण किया गया।

साथ ही आईसीटी लैब का उद्घाटन, निशुल्क पुस्तक वितरण, दिव्यांग बच्चों को किट एवं यूडीडीआई कार्ड वितरण भी हुआ। कक्षा 8 के छात्रों की विदाई की गई और प्रधानाध्यापिका का सम्मान एवं विदाई समारोह आयोजित किया गया। विधायक अदिति सिंह ने विद्यालय की नई कक्षा का उद्घाटन किया और बच्चों को आश्वासन दिया कि सरकार शिक्षा से संबंधित सभी सुविधाएं उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार स्मार्ट क्लास चलाने के लिए यहां 11 कंप्यूटर विभिन्न जांच सामग्रियां तथा एलईडी स्क्रीन आदि का उद्घाटन किया गया है, जो बच्चों की शिक्षा को और बेहतर बनाने में हितकर साबित होंगे।कार्यक्रम में पुरानी प्रधानाध्यापिका कल्पना तिवारी की विदाई की गई, कार्यभार ग्रहण करने वाली प्रधानाध्यापिका संध्या शुक्ला का हार्दिक स्वागत किया गया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत संराव विकास खण्ड बांसी जनपद - सिद्धार्थनगर**

**पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2026-27**

अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत संराव विकास खण्ड बांसी द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/तेरहवां वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, बायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 17.04.2026 को 10.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय संराव के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 17.04.2026 को 12.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु.-5000/-रुपये (पाँच हजार) होगी।

**नियम व शर्तें:-**

1. जिम आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स मे रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देना हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें बैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायन, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर वचन पत्र के रूप में ग्राम पंचायत संराव के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत संराव कार्यालय में ग्राम प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17. सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत संराव के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| **श्रीमती कान्ती देवी** | **श्री अंकित कुमार** |
| **प्रधान** | **सचिव** |
| **ग्राम पंचायत संराव** | **ग्राम पंचायत संराव** |
| **सिद्धार्थनगर।** | **सिद्धार्थनगर।** |

## कल्याणपुर गोलीकांड में पूर्व मंत्री को हाईकोर्ट से मिली बड़ी राहत

सुलतानपुर (वीओएल)। अखंडनगर थाने के कल्याणपुर गांव में हुए गोलीकांड के चर्चित मामले में जेल में निरुद्ध पूर्व मंत्री राणा अजीत प्रताप सिंह को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिल गई है। बीते 10 अप्रैल को हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अब्दुल मोइन व प्रमोद कुमार श्रीवास्तव ने पूर्व मंत्री की गिरफ्तारी व रिमांड को अवैध बताते हुए रद्द कर दिया था। सोमवार को बचाव पक्ष के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने हाईकोर्ट के आदेश की प्रति दाखिल कर पूर्व मंत्री को रिहा करने का आदेश देने की मांग की। सीजेएम नवनीत सिंह ने पूर्व मंत्री को रिहा करने का आदेश दिया है। अखंडनगर थाने के कल्याणपुर गांव के जिलाजीत यादव ने बीते 15 मार्च को मुकदमा दर्ज कराया था। उनका आरोप है कि रतनपुर मैरवा निवासी पूर्व मंत्री राणा अजीत प्रताप सिंह, उनके पुत्र अभिजीत सिंह समेत अन्य आरोपितों ने लाठी, डंडा व असलहे से लैस होकर जानलेवा हमला कर दिया था। घटना में वादी पक्ष के कई लोग घायल हो गए थे। पुलिस ने बीते 16 मार्च को पूर्व मंत्री समेत कई आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

# शिव बारात निकली, हुई शिव परिवार स्थापना

रायबरेली। बड़े भाग्य मानुस तन पावा। सुर दुर्लभ सद् ग्रंथन गावा, इन पंक्तियों को सार्थक करते हुए क्षेत्र के गणमान्य और प्रतिष्ठित स्वर्गीय पंडित उमाशंकर मिश्र की ज्येष्ठ पुत्री और दामाद शशीरानी दीक्षित एवं प्रेमकांत दीक्षित द्वारा बैंती, शिवगढ़ में श्रीरामजी मंदिर परिसर में शिवपरिवार की स्थापना करवायी गई। इस अवसर पर शिव बारात निकालकर की गई मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई। शिवगढ़ क्षेत्र के ग्राम पंचायत बैंती स्थित श्री राम जानकी मन्दिर ठाकुरद्वारा परिसर में पिछले 5 दिनों से निरंतर शिव आराधना के अन्तिम दिन गाजे बाजे के साथ शिव बारात निकालकर समूचे बैंती कस्बे मन्दिर-मन्दिर घुमाई गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भक्ति गीतों पर भाव विभोर होकर नृत्य भी किया। बारात समापन के उपरान्त वैदिक विधिपूर्वक मंत्रोच्चारण के साथ शिव परिवार को प्रतिष्ठापित किया गया। कार्यक्रम के पूर्ण होने पर शनिवार को वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूजन एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। तदुपरांत इस पुनीत कार्य में पूरी व्यवस्था श्री प्रेमकांत दीक्षित के सहयोग से नैमिषारण्य से पांच विद्वान आचार्यो के द्वारा यह धार्मिक सामाजिक कार्य संपन्न करवाया गया। इस परिसर में शिव परिवार की स्थापना के उपलक्ष्य में पिछले पांच दिनों से शिव आराधना चल रही थी।

नैमिषारण्य, सीतापुर से पधारे आचार्य चंचल कृष्ण शास्त्री व उनके शिष्य दिव्यांश शर्मा, राघवेन्द्र शास्त्री, हर्षित दीक्षित, शिवांश पाण्डेय विधि विधान पूर्वक शिवार्चन सम्पन्न करवाया। आचार्य चंचल कृष्ण शास्त्री का कहना है कि भगवान शिव की भक्ति सरल, सहज और अत्यंत फलदायी मानी जाती है। सच्चे मन, श्रद्धा और विश्वास के साथ की गई शिव आराधना जीवन के सारे कष्ट दूर कर देती है और मन में शांति तथा सुख समृद्धि सम्पन्नता का वास होता है। इस कार्यक्रम में पूरा मिश्रा परिवार, परिवारीजन, ग्रामवासियों के साथ गणमान्य अतिथि भी सम्मिलित हुए।

## पार्क के सुंदरीकरण के लिए जिला प्रशासन को एनटीपीसी ने दी वित्तीय सहायता

रायबरेली। अपने नैगम सामाजिक दायित्व की दिशा में एक कदम आगे बढ़ते हुए एनटीपीसी ऊंचाहार ने जिला प्रशासन को तीस लाख रुपए की वित्तीय सहायता दी है। यह धनराशि राजकीय कालोनी स्थित पार्क के नवीनीकरण एवं सुंदरीकरण के लिए आवंटित की गई है। ऊंचाहार परियोजना के प्रमुख बिस्व मोहन सिंह तथा मानव संसाधन विभाग के प्रमुख पंकज कुमार ने 29,97,889 रुपए का चेक जिलाधिकारी हर्षिता माथुर को सौंपा। एनटीपीसी संस्था की इस पहल के लिए जिलाधिकारी ने कृतज्ञ भाव से प्रशंसा की तथा विद्युत उत्पादन के साथ साथ अन्य क्षेत्रों में जैसे कौशल विकास, रोजगार सृजन तथा अन्य क्षेत्रों में एनटीपीसी के योगदान की मुक्त कंठ से सराहना की। परियोजना प्रमुख बिस्व मोहन सिंह ने एनटीपीसी ऊंचाहार को जिला प्रशासन से मिल रहे सहयोग के लिए जिलाधिकारी का आभार व्यक्त किया।

## किसान कांग्रेस ने जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

अमेठी। जिला किसान कांग्रेस अमेठी द्वारा किसानों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। संगठन के पदाधिकारियों ने गेहूं खरीद में आ रही दिक्कतों एवं हाल ही में खराब मौसम के कारण फसलों को हुए भारी नुकसान के मुद्दे पर गहरी चिंता व्यक्त की है। किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकताओं ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर मांग की कि गेहूं खरीद केंद्रों पर व्याप्त अव्यवस्थाओं को तत्काल दुरुस्त किया जाए, ताकि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य समय पर मिल सके। साथ ही, बेमौसम बारिश एवं ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को शीघ्र और उचित मुआवजा प्रदान किया जाए। जिलाध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में किसान आर्थिक संकट से जूझ रहा है और यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि सर्वे कराकर नुकसान का सही आकलन किया जाए और पारदर्शी तरीके से राहत राशि वितरित की जाए। किसान कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ, तो संगठन व्यापक आंदोलन करने को बाध्य होगा। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## लंबित विवेचनाओं का त्वरित निस्तारण करें: एसपी

रायबरेली। जनपद में लंबित विवेचनाओं को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से निपटाने के लिए पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने सख्त कदम उठाए हैं। आज उन्होंने थाना महराजगंज, चन्दापुर, शिवगढ़, बछरावां और हरचन्दपुर के थाना प्रभारियों एवं विवेचकों को अर्दली रूम में बुलाकर विशेष समीक्षा बैठक की और जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए। विगत समीक्षा बैठक के दौरान एसपी रवि कुमार को पता चला कि कुछ विवेचनाएं लंबे समय से लंबित पड़ी हुई हैं और उनके निस्तारण में अपेक्षित प्रगति नहीं हो रही है। इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने पूरे जनपद में विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं।

## लायंस क्लब पारिजात ने लगाया रक्तदान शिविर, 10 यूनिट रक्त संग्रह

सुलतानपुर (वीओएल)। लायंस क्लब पारिजात सुलतानपुर द्वारा मेडिकल कॉलेज परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन सामाजिक सरोकारों के तहत किया गया। शिविर में कुल 10 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया, जिसमें महिला सदस्यों की विशेष सहभागिता देखने को मिली। कार्यक्रम का संचालन संगीता जायसवाल ने किया, जबकि अध्यक्षता अनुराग जायसवाल ने की। इस दौरान प्रीति संजय जायसवाल, स्वाति अग्रहरि, संगीता जायसवाल, प्रीति जायसवाल, मीनाक्षी, अलका गुप्ता, सुजाता बरनवाल, निखिल, शिवम, अनिकेत और रजनीश सहित कई लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. संजय सिंह और सीए सौरभ कांत उपस्थित रहे, जिन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि रक्तदान से न केवल किसी की जान बचाई जा सकती है, बल्कि यह समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है। इस अवसर पर शिशिर जायसवाल, श्याम गुप्ता, अमित बरनवाल, राकेश जायसवाल, ऋषि अग्रहरि, विनय जायसवाल और संजय जायसवाल सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## आग का कहर: दो अलग-अलग घटनाओं में कई घरों की गृहस्थी राख

कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)। थाना क्षेत्र में सोमवार को आग की दो अलग-अलग घटनाओं ने ग्रामीणों को दहला दिया। सालिमपुर ग्रांट (परसौहा) और ममरखा गांव में लगी आग से कई परिवारों की गृहस्थी जलकर राख हो गई। हालांकि, ग्रामीणों की सूझबूझ और कड़ी मेहनत से आग को समय रहते काबू में कर लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। पहली घटना सालिमपुर ग्रांट (परसौहा) गांव की है, जहां सुबह चूल्हे से निकली चिंगारी ने बिफना निषाद पत्नी रामराज निषाद के छपरे को अपनी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और घर में रखा पूरा सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर बाल्टी आदि से आग बुझाने का प्रयास किया और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।वहीं दूसरी घटना ममरखा गांव में दोपहर करीब 12 बजे हुई, जहां अज्ञात कारणों से आग लग गई। सबसे पहले सिंकदर कोरी के घर की रसोई में आग लगी, जिससे अनाज और घरेलू सामान जल गया। इसके बाद आग ने मुलेश्वर कोरी के छप्पर को भी अपनी चपेट में ले लिया, जिसमें रखी साइकिल और लकड़ियां जलकर नष्ट हो गईं। ग्रामीणों की तत्परता से आग को फैलने से रोक लिया गया।घटना की सूचना पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। ग्राम प्रधान श्याम लाल वर्मा ने बताया कि राजस्व विभाग को सूचना दे दी गई है, ताकि पीड़ित परिवारों को जल्द सहायता मिल सके। दोनों घटनाओं में हजारों रुपये का नुकसान हुआ है, जिससे प्रभावित परिवारों के सामने संकट खड़ा हो गया है।

## अखिलेश पहुंचे अमेठी भाजपा पर जमकर निशाना साधा

मुसाफिरखाना अमेठी। एक दिवसीय दौरे पर वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का स्थानीय सपा कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत करते हुए नारेबाजी की ।स्वागत से अभिभूत पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बीजेपी सरकार पर जमकर निशाना साधा ।

सोमवार को सुल्तानपुर जिले के सपा नेता हाजी रिजवान पप्पू के पुत्र के विवाह उपरांत आयोजित प्रीतिभोज कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व सपा मुखिया अखिलेश यादव का जिले की सीमा में पहुंचने पर बलिया के सांसद सनातन पांडेय पूर्व सपा जिलाध्यक्ष व पूर्व विधान सभा प्रत्याशी गौरीगंज प्रियंक हरिविजय त्रिपाठी धीरू तिलोई के पूर्व प्रत्याशी मोहम्मद नईम जगदीशपुर विधान सभा क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी विमलेश सरोज सपा के युवा नेता धर्मराज यादव जयसिंह प्रताप यादव डॉक्टर सिंधुजीत सिंह बबलू जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि महेंद्र यादव मोनू जिलाध्यक्ष राम उदित यादव सहित अन्य कार्यकताओं ने जगह जगह समर्थकों व पार्टी कार्यकताओं के साथ अखिलेश यादव का भव्य स्वागत किया। जगदीशपुर विधान सभा क्षेत्र में वरिष्ठ नेता हाजी मोहम्मद नईम ने जाफरगंज पूर्व प्रत्याशी विमलेश सरोज ने जामों रोड पर सपा के पूर्व जिला महासचिव सत्य नारायण यादव तुफैल खान अनवर खान श्रीराम गंज चौराहे पर सपा नेता विकास यादव सहित अन्य कार्यकताओं के साथ भव्य स्वागत किया ।वही विधान सभा क्षेत्र गौरीगंज अंतर्गत चकबहेर गांव के पास क्षेत्र पंचायत सदस्य सर्वेश यादव धर्मराज यादव पूरे प्रेमशाह गांव के पास सपा नेता जयसिंह प्रताप यादव शशांक प्रताप यादव मुकेश कुमार धरौली मोड़ पर सपा नेता डा सिंधुजीत सिंह बबलू ने समर्थकों ने स्वागत किया ।

**कार्यालय ग्राम पंचायत सुपौली विकास खण्ड खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर**

**पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2026-27**

अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत सुपौली विकास खण्ड खेसरहा द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/ राज्य वित्त/ तेरहवां वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, बायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 17.04.2026 को 02.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय सुपौली के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 17.04.2026 को 04.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु.-5000/-रुपये (पाँच हजार) होगी।

**नियम व शर्तें:-**

1. जिम आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स मे रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देना हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें बैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायन, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर वचन पत्र के रूप में ग्राम पंचायत सुपौली के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत सुपौली कार्यालय में ग्राम प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17. सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत सुपौली के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| **विवेक राय** | **श्री सद्दाम हुसैन अंसारी** |
| **प्रधान** | **सचिव** |
| **ग्राम पंचायत सुपौली** | **ग्राम पंचायत सुपौली** |
| **सिद्धार्थनगर।** | **सिद्धार्थनगर।** |

**कार्यालय ग्राम पंचायत कोड़राव नानकार विकास खण्ड मिठवल जनपद - सिद्धार्थनगर**

**पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2026-27**

अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत कोड़राव नानकार विकास खण्ड मिठवल द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/ तेरहवां वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, बायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 20.04.2026 को 11.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय कोड़राव नानकार के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 20.04.2026 को 01.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धर

संक्षेप

## पति से झगड़े के बाद पत्नी की मौत

**मथुरा।** थाना हाइवे की हंसराज कालोनी में पति पत्नी के बीच हुए विवाद में एक महिला की मौत हो गई। हंसराज कालोनी निवासी लेखराज की पत्नी प्रीति और उसके पति में आए दिन शराब को लेकर झगड़ा होता था। प्रीति अपने पति से मना करती थी और वह नहीं मानता था, घटना वाले दिन भी इस विवाद के बाद महिला की मौत हुई है। प्रीति राल गांव की रहने वाली थी और वर्तमान में हंसराज कालोनी में रह रही थी। वर्ष 2013 में उसका विवाह हुआ था। स्थानीय लोगों नेबताया कि एक रोज पूर्व दोनों के बीच फिर झगड़ा हुआ। शराब के नशे में लेखराज ने उसके साथ ज्यादा मारपीट कर दी वह गंभीर रूप से घायल हुई। परिवार के लोग एक प्राइवेट अस्पताल में ले गए जहां उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी लगने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। शव पंचनामे के बाद पोस्टमार्टम भेजा गया। मृतक महिला के परिवारीजनों ने उसके पति के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की है। इलाका पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर रहे हैं। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के बाद आए कारणों पर जांच के बाद कार्यवाही की जाएगी।

## स्मैक तस्करी करते अलीगढ़ का शातिर गिरफ्तार

मथुरा। मथुरा पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध जारी अभियान के तहत वृंदावन कोतवाली पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सौ शैय्या अस्पताल के पास वाटर प्लांट के समीप घेराबंदी कर एक शातिर नशा तस्कर को दबोचा। पकड़े गए आरोपी की पहचान हरेंद्र पुत्र भीकम सिंह, निवासी विजाबल, अलीगढ़ के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 15.54 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की गई। कोतवाली पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है। अब पुलिस आरोपी के पुराने रिकॉर्ड और ड्रग सप्लाई नेटवर्क की जांच कर रही है।

## कैरियर सेमिनार एवं प्लेसमेंट ड्राइव में छात्रों को दी जानकारी

शिकोहाबाद। नारायण महाविद्यालय के केरियर एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा इमार्टिकस लर्निंग के सहयोग से फाइनल ईयर के छात्र-छात्राओं के लिए एक दिवसीय कैरियर सेमिनार एवं प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इमार्टिकस लर्निंग मुंबई की संस्था ने स्किल डेवलपमेंट और करियर निर्माण को लेकर एक टीम लखनऊ से आई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को बैंकिंग सेक्टर में उपलब्ध वर्तमान नौकरी के अवसरों, आवश्यक स्किल्स और प्लेसमेंट की तैयारियों के बारे में जानकारी देना था। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विजय कुमार सिंह ने किया। इमार्टिकस लर्निंग के उत्कर्ष सोनी ने छात्रों को बताया कि बैंकिंग सेक्टर केवल पारंपरिक नौकरियों तक सीमित नहीं है, बल्कि फिनटेक, डिजिटल बैंकिंग, साइबर सिक्योरिटी, क्रेडिट रिस्क एनालिसिस और इन्वेस्टमेंट बैंकिंग जैसे नए क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने परीक्षाओं के साथ साथ डिजिटल स्किल्स के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने छात्रों को प्लेसमेंट की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए रिज्यूम बनाना, ग्रुप डिस्कशन, पर्सनल इंटरव्यू की तैयारी, बैंकिंग अवेयरनेस और करेंट अफेयर्स की जानकारी दी। पिछले कई वर्षों से हजारों छात्रों को बैंकिंग, फाइनेंस और डेटा साइंस के क्षेत्र में प्लेसमेंट दिला रही है। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्रों के लिए विशेष बैच की घोषणा भी की गई। कार्यक्रम के दौरान छात्र छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे और कई छात्रों ने प्लेसमेंट ड्राइव के लिए पंजीकरण भी कराया। करियर एंड प्लेसमेंट सेल की प्रभारी प्रो. संगीता पाण्डेय ने कहा कि यह सेमिनार छात्रों के भविष्य को दिशा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने इमार्टिकस लर्निंग का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर महाविद्यालय के कृषि संकाय के शिक्षकगण, स्टाफ तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## घर जलकर हुआ राख

गोसाईंगंज-अयोध्या। गोसाईंगंज कोतवाली इलाके के गनेशपुर बेसौरा गांव में रविवार की सुबह चूल्हे से निकली चिंगारी ने पूरे घर को राख कर दिया।

आग लगने की खबर पर दौड़े ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया परन्तु तब तक घर मे रखे एक लाख बीस हजार रुपया, कपड़ा, गहना, अनाज सहित सबकुछ जलकर राख हो चुका था।

# ओलावृष्टि के मुआवजे के चैक हुए किसानों को वितरित

**मथुरा।** जनपद में आई तेज आंधी, बारिश एवं अतिवृष्टि/ओलावृष्टि के कारण किसानों की फसलों को हुए नुकसान/क्षति एवं मुआवजे के संबंध में मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें लक्ष्मी नारायण चैधरी, विधायकों एवं माननीय जनप्रतिनिधिगणों के निदेर्शों तथा जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह के निर्देशन पर फसल क्षति के सर्वे का कार्य आरम्भ कराया गया। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ0 पंकज कुमार वर्मा ने अवगत कराया है कि प्राथमिक सर्वे का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जिसके अनुसार लगभग 36000 हेक्टेयर गेहूं की फसल क्षतिग्रस्त हुई है, जिसमें लगभग 66000 किसान प्रभावित हुए है। कुल रुपए 61 करोड़ के आस-पास मुआवजा दिया जाना है, जिसकी मांग शासन से कर ली गई है। सभी उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों व लेखपालों के द्वारा किसानों का डाटा एकत्रित करते हुए आपदा के पोर्टल पर निरंतर फीड करवाया जा रहा है। इस फीडिंग के सापेक्ष शासन द्वारा रुपए 10 करोड़ की पहली किश्त जारी की गई है। सोमवार विधायक बल्देव पूरन प्रकाश द्वारा मुआवजे से संबंधित डमी चेक/सांकेतिक वितरण किसानों को किया गया। उक्त वितरण कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी महावन कंचन एवं तहसीलदार उपस्थित रहे। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह जी के सख्त निर्देश दिए है कि जनपद का कोई भी प्रभावित किसान मुआवजे से वंचित नहीं रहना चाहिए, सभी को मुआवजा प्रदान कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए है कि मुआवजा धनराशि देने के कोई भी विलंब न किया जाए, ससमय फीडिंग करते हुए किसानों को पारदर्शिता के साथ मुआवजा उपलब्ध कराया जाए। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ0 पंकज कुमार वर्मा ने अवगत कराया है कि जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह के निदेर्शों के क्रम में जनपद में नाविकों एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु 421 लाइव सेविंग जैकेट्स का वितरण किया गया है। नाविकों को सख्त निर्देश दिए गए है कि बिना लाइव सेविंग जैकेट्स के नाव का संचालन न करे तथा सभी श्रद्धालुओं को लाइव सेविंग जैकेट्स अवश्य पहनाए।

## मथुरा में गूँजे ढोल-मजीरे और घड़ियाल: सोए हुए प्रशासन को जगाने के लिए सड़क पर उतरी समाजवादी पार्टी

**मथुरा।** समाजवादी पार्टी के नेताओं ने जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर जिला अधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में सबसे प्रमुख मुद्दा ह्यस्मार्ट प्रीपेड मीटरह्न का विरोध है। सपा का आरोप है कि बिजली विभाग द्वारा जबरन लगाए जा रहे ये मीटर गरीब और मध्यम वर्ग पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल रहे हैं, जिसे तत्काल रोका जाना चाहिए। इसके साथ ही हाल ही में हुई ओलावृष्टि और बेमौसम बारिश से किसानों को हुए भारी नुकसान को लेकर भी सपा ने सरकार पर सवाल खड़े किए हैं। पार्टी की मांग है कि पूरे मथुरा जनपद को ह्यआपदा ग्रस्तह्न घोषित किया जाए और प्रभावित किसानों को सीधे उनके बैंक खातों में मुआवजा दिया जाए। साथ ही किसानों के कृषि ऋण माफ किए जाने की भी मांग उठाई गई है। गैस सिलेंडरों की किल्लत और शादी के सीजन में बढ़ती कालाबाजारी को भी सपा ने गंभीर समस्या बताया है। पार्टी का कहना है कि आम जनता को घंटों लाइन में लगना पड़ रहा है, जो प्रशासनिक विफलता को दशार्ता है। वहीं, नगर निगम पर भी सपा ने गंभीर आरोप लगाए हैं। ज्ञापन में वृंदावन में हुए नाव हादसे को प्रशासनिक लापरवाही करार देते हुए इसकी नैतिक जिम्मेदारी तय करने की मांग की गई है। इसके अलावा शहर में जलभराव, भ्रष्टाचार और अन्य अव्यवस्थाओं को लेकर भी प्रशासन पर सवाल उठाए गए हैं। अब देखना होगा कि इस ज्ञापन और प्रदर्शन के बाद प्रशासन क्या कदम उठाता है।

## 25 हजार का इनामी मुठभेड़ में गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना लाइनपार पुलिस टीम द्वारा लगाये गये बैरियर को ट्रेक्टर से तोडने व पुलिस कर्मियों को ट्रेक्टर से कुचलने की कोशिश करने वाले 25 हजार रुपए के इमामिया अभियुक्त को पुलिस मुठभेड में अवैध असलहा एक जिंदा व एक खोखा कारतूस व एक ट्रेक्टर ट्रोली सहित गिरफ्तार किया गया। पुलिस मुठभेड़ में अभियुक्त के पैर में गोली लगने से घायल हो गया जिसे इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया। थाना लाइनपार क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 03.04.2026 की रात्रि को एक ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर को तेजी व लापरवाही से चलाकर थाना लाइनपार पुलिस टीम द्वारा लगाये गये बैरियर को टक्कर मारकर बैरियर तोडना व पुलिस कर्मियों को जान से मारने की नियत से ट्रेक्टर ट्रोली द्वारा कुचलने की कोशिश की गयी। थाना लाइनपार पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए सीसीटीवी कैमरे चैक किये गये जिसमें ट्रैक्टर चालक की पहचान मोहनलाल पुत्र देवेन्द्र निवासी बारेलाल की ठार गुदाऊ थाना लाइनपार जनपद फिरोजाबाद के रुप में हुई, उक्त घटना के सम्बन्ध में थाना लाइनपार पर सार्वजनिक सम्पत्ति नुकसान निवारण अधिनियम पंजीकृत किया गया था। प्रकरण में फरार वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु दो पुलिस टीमों का गठन किया गया था, वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु गठित पुलिस टीमों द्वारा काफी प्रयास किये गये किन्तु वांछित लगातार फरार चल रहा था। वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद आदित्य लांग्हे द्वारा नामजद अभियुक्त मोहनलाल पुत्र देवेन्द्र निवासी बारेलाल की ठार थाना लाइनपार जनपद फिरोजाबाद की गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। जिसे सोमवार को थाना लाइनपार पुलिस टीम द्वारा गुदाऊशाला थाना क्षेत्र लाइनपार से पुलिस मुठभेड के दौरान गिरफ्तार किया गया, अभियुक्त से एक अवैध तमंचा एक खोखा करातूस एक जिन्दा कारतूस घटना में प्रयुक्त एक ट्रेक्टर ट्रोली बरामद की गई। पुलिस ने अभियुक्त गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की है।

## बहनोई की फटकार से नाराज युवक फांसी के फंदे पर झूला, मौत

**शिकोहाबाद।** मोहल्ला बोझिया में शराब पीने के बाद बहनोई से कहासुनी होने पर एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक की आत्महत्या की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बबलू (35) पुत्र शेर सिंह निवासी मैनपुरी हाल निवासी बोझिया मजदूरी कर अपना लालन पालन कर रहा था। उसकी शादी नहीं हुई इसलिए वह अपनी बहन काजल के साथ रहता था। युवक ने शराब का सेवन कर लिया। जिसको लेकर युवक के बहनोई सोनू ने उसे डांट फटकार दिया। जिससे नाराज होकर युवक कमरे में चला गया। उसके बाद उसने फांसी का फंदा बनाकर उस पर झूल गया। जब युवक की बहन कमरे में पहुंची तो युवक को फंदे पर झूलता देखकर वह चीख पड़ी। उसका शोर सुनकर मौके पर मोहल्ले के लोगों की भीड़ जमा हो गई। युवक की आत्महत्या से उसके परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया। इस बारे में प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार ने बताया कि युवक शराब पीने का आदि था। उसके बहनोई ने डांट फटकार दिया। जिससे नाराज होकर उसने फांसी लगा ली। उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया है।

## भाजपा की बैठक में अंबेडकर जयंती पर चर्चा

**टूंडला।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की।इस दौरान उन्होंने बताया कि संविधान निमार्ता भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती को पार्टी समरसता दिवस के रूप मनाती है। जिसके अंतर्गत मंगलवार को कार्यकर्ता जिले के 43 अंबेडकर पार्कों में साफ सफाई स्वच्छता अभियान चलाएंगे एवं जयंती की पूर्व संध्या पर दीप प्रज्वलन करेंगे।उक्त कार्यक्रमों के लिए संयोजक नियुक्त किए गए हैं, 14 अप्रैल को जिले के सभी बूथों पर बाबा साहब के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्पवर्षा कर समरसता दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। उक्त कार्यक्रम को सरल एप्प पर डाउन लोड करें।

# विकास भवन में आयोजित हुआ नारी शक्ति वन्दन भव्य सम्मेलन

जिला संवाददाता

**फिरोजाबाद।** विकास भवन सभागार में नारी शक्ति वन्दन सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता चौहान ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, इस दौरान बड़ी संख्या में आशा आंगनबाड़ी और अध्यापिकाओं ने प्रतिभाग किया, अपने संबोधन में उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए चलाई जा रही योजनाओं और विधायी सुधारो पर विस्तार से प्रकाश डाला, इस अवसर पर बबीता चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विधानसभा और लोकसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था करना एक अभूतपूर्व कदम है, यह केवल एक कानून नहीं बल्कि नारी तू नारायणी की भावना को धरातल पर साकार करने का माध्यम है, उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने जिस बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के संकल्प के साथ शुरूआत की थी, आज वह अपने शीर्ष स्तर पर है, आज बेटियां सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक हर दृष्टि से सुरक्षित और सक्षम बना रही हैं, राज महिला आयोग की अध्यक्ष ने विशेष रूप से उल्लेख किया है कि आज पंचायत में 64 प्रतिशत महिलाएं प्रतिनिधित्व कर रही हैं, महिलाएं अब केवल सहभागी नहीं बल्कि डिसीजन मेकिंग की भूमिका में है और अपने कार्यों के माध्यम से समाज के सामने नई मिसाल पेश कर रही हैं।सरकार ने जन्म से लेकर वृद्धावस्था तक महिलाओं के लिए सुरक्षा कवच तैयार किया है, आज की नारी जागरुक है, और अपने अधिकारों के लिए तैयार है और हर क्षेत्र में खुद को साबित कर रही है, अध्यक्षा ने आगे कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य आधी आबादी को पूर्ण न्याय दिलाना है, जब-जब महिलाओं को अवसर मिला है, उन्होंने अपनी योग्यता को साबित किया है, आज महिलाएं पूरी तरह सुरक्षित और सशक्त महसूस कर रही हैं, उन्होंने सम्मेलन में उपस्थित महिलाओं का आह्वान किया है कि वह सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं और समाज के नव निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें, कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य आदि उपस्थित रहें। वहीं उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा डा. बबीता सिंह चौहान द्वारा वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान अध्यक्षा ने केन्द्र की कार्य प्रणाली और साफ-सफाई और पीड़ित महिलाओं को दी जाने वाली सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया, उन्होने केन्द्र के विभिन्न पटलों का अवलोकन किया और वहां उपस्थित स्टाफ से चर्चा कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की, उन्होने केन्द्र के कर्मचारियों को निर्देशित किया कि पीडित महिलाओं की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी, केन्द्र में उपलब्ध आपातकालीन सहायता, चिकित्सा सुविधा और विधिक परामर्श सेवाओं की उपलब्धता की भी जांच की गयी, इस अवसर पर सभी सम्बन्धित विभागीय अधिकारी और वन स्टॉप सेंटर की टीम उपस्थित रहीं, साथ ही साथ जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी के0एम0 सिंह भी उपस्थित रहें।

## नायब तहसीलदार ने की गैस एजेंसी की जांच, कमियां मिलने पर जांच के दिए आदेश

शिकोहाबाद। गैस वितरण में गड़बड़ी को लेकर सोमवार को नायब तहसीलदार के नेतृत्व में गैस एजेंसियों, उनके गोदाम का निरीक्षण किया गया। प्रशासन के निरीक्षण के दौरान कई कर्मचारियों के वेतन में विसंगतियां पाई गई। जिसकी रिपोर्ट बनाकर भेज दी गई है।

सोमवार को लेवर इंस्पेक्टर त्रिपाठी, नायब तहसीलदार नितिन कुमार के नेतृत्व में एस पी गैस एजेंसी, गोदाम पर ने जांच की। जांच के दौरान वितरण ठीक मिला। वही एजेंसी पर काम करने वालो कर्मचारियों को मानक के अनुसार कम वेतन दिया जा रहा था। उसके बाद मैनपुरी रोड स्थित एच पी गैस गोदाम में स्टॉक की जांच की। जहां स्टॉक का मिलान किया गया वह ठीक पाया गया। इस बारे में नायब तहसीलदार नितिन कुमार ने बताया कि एचपी गैस एजेंसी, उनके गोदाम में स्टॉक की जांच की गई। वह ठीक मिला है। कर्मचारियों को शासन द्वारा निर्धारित वेतन से कम वेतन दिया जा रहा था। उसको लेकर जांच रिपोर्ट भेज दी गई है।

## अखिलेश यादव की सरकार में किसानों का हित सर्वोपरि: राजेन्द्र चैधरी

मथुरा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव किसानों के प्रति पूर्ण तथा संवेदनशील एवं समर्पित हैं। समाजवादी सरकार में अन्नदाता और खेत/खलिहान में खुशाहाली की दिशा में जो प्रयास शुरू हुए थे उसे पूरी ईमानदारी से अखिलेश यादव ने बतौर मुख्यमंत्री अमलीजामा पहनाया।

उन्होंने किसानों का जीवन समृद्ध एवं खुशहाल बनाने के क्रम में 2015 के बजट में उस वर्ष को किसान वर्ष घोषित करने के साथ अनेक कल्याणकारीयोजनाओं को लागू किया। पिछले दशाक (2012-2017) में उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत की निरवाचित सरकार का मुख्यमंत्री बनने पर अखिलेश यादव ने किसानों को खुशाहाल बनाने के लिए कई दूरदर्शी निर्णय लिए। उन नीतियों के क्रियान्वयन से किसानों के जीवन में स्थाई बदलाव हुआ। अखिलेश यादव ने किसानों से भूमि अधिग्रहण कर उन्हे समुचित मुआवजा देते हुए उनकी समस्याओ के समाधान हेतु ठोस पहल की। नोएडा से आगरा यमुना एक्सप्रेस-वे निर्माण कीयोजना तो पिछली सरकार ने बनाई थी अखिलेश यादव ने योजना को पूरी कराने के साथउसका उदूघाटन कर जनता को सुविधाए दी। इसके लिए जिन किसानों की भूमि का अधिग्रहणकिया गया था, उन कुषकों की मांगों के परीक्षण उनकी समस्याओं के निस्तारण हेतु तत्कालीनकारागार केबिनेट मंत्री राजेन्द्र चैधरी की अध्यक्षता में एक सदस्यीय उच्चस्तरीय कमेटीगठित की गई। श्रीचैधरी से गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, हाथरस, मथुराऔर आगरा के किसानों के समूहों ने मिलकर अपनी भूमि का उचित मुआवजा, उनके गांवों केलिए यमुना एक्सप्रेस वे पर विशेष रूप से बाजना कट सहित अन्य मुद्दों के समाधान हेतलगातार मिलते रहे।

## पेड़ पर लटका मिला युवक का शव परिजनों में मचा कोहराम

**टूंडला।** एक युवक सोमवार की सुबह पेड़ पर लटका मिला। उसकी पत्नी अपने प्रेमी के साथ कुछ दिन पहले चली गई थी। अपने तीन बच्चों को भी पति के पास ही छोड़ गई थी। परिजनों ने प्रेमी पर हत्या का आरोप लगाकर हंगामा किया। शव को काफी देर तक परिजनों ने पेड़ से नहीं उतरने दिया था। कार्रवाई का ठोस आश्वासन मिलने के बाद शव पुलिस ने शव उतारकर पोस्टमार्टम को भिजवाया है।रविन्द्र (35) पुत्र भीकम सिंह निवासी गढ़ी धर्मी की पत्नी गौरी इसी माह 7 अप्रैल को अपने प्रेमी के साथ चली गई थी। महिला अपने तीन बच्चों गगन 15 साल, सुमित 10 साल और बेटी लता 7 साल को पति के पास ही छोड़कर चली गई थी। पत्नी के गायब होने के बाद से रविंद्र लगातार उसकी खोजवीन कर रहा था। गौरी का प्रेमी लांघी धीरपुरा का रहने वाला है।रविंद्र कुछ समय पहले से अपने गांव गढ़ी धर्मी से निकालकर गढ़ी भाऊ में मकान बनाकर रह रहा था। सोमवार की सुबह उसका शव खेत में लगे पेड़ पर लटका मिला। शौच को गए लोगों ने शव को लटका देखा को हड़कंप मच गया। परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और हंगामा शुरू कर दिया।

थाना नगला सिंघी पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन परिजनों ने शव को नहीं उतारने दिया। परिवार के लोगों ने रविंद्र की पत्नी गौरी के प्रेमी पर ही हत्या कर शव को लटकाने का आरोप लगाया। कहा कि प्रेमी उसकी हत्या को आत्महत्या का रूप देने की कोशिश कर रहा है। थानाध्यक्ष पारुल मिश्रा ने लोगों को काफी देर तक समझाया और कार्रवाई का आश्वासन देकर शव को फंदे से उतरवाने के बाद पोस्टमार्टम को भिजवाया। वहीं जांच के लिए फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया। घटनास्थल पर आक्रोशित परिजन आरोपी प्रेमी की गिरफ्तारी कराने की मांग कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि मृतक चूड़ी के कारखाने में काम करता था और उसकी ससुराल फिरोजाबाद के ढोलपुरा में है। पुलिस परिजनों के आरोपों के साथ ही युवक की मौत के कारणों का पता लगा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। परिजनों द्वारा जो तहरीर दी जाएगी उसके अनुसार मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# मोनिका और यश के शव यमुना में मिले, मौत का आंकड़ा 15 पहुंचा

मथुरा। वृंदावन शुक्रवार को हुए भीषण मोटरबोट हादसे के चैथे दिन सोमवार सुबह रेस्क्यू टीम को एक युवती और एक युवक की लाश मिली, जिसके बाद इस दर्दनाक हादसे में मरने वालों का आधिकारिक आंकड़ा 15 तक पहुंच गया है। प्रशासन और एनडीआरएफ की टीमें अभी भी एक लापता श्रद्धालु की तलाश में जुटी हैं।

सोमवार सुबह यमुना नदी में दो शव तैरते हुए दिखाई दिए। इनमें से एक महिला का शव मथुरा के बंगाली घाट क्षेत्र में, जबकि एक युवक का शव देवराहा बाबा घाट के पास मिला। प्रशासनिक टीम ने शवों को बाहर निकालकर पहचान कराई और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना स्थल से करीब 12 किलोमीटर दूर मथुरा के बंगाली घाट के पास एक महिला का शव तैरता हुआ जिसकी लुधियाना की मोनिका टंडन (25) पत्नी सत्यपाल के रूप में शिनाख्त हुयी। वहीं देवराहा बाबा घाट के पास एक युवक की लाश बरामद हुई, जो लुधियाना ही यश भल्ला (20) पुत्र राकेश भल्ला की थी। पुलिस के अनुसार, कई दिनों तक पानी में रहने के कारण शव फूलकर ऊपर आ गए थे, जिन्हें रस्सियों के सहारे किनारे लाया गया।

### 06 महीने पहले हुयी थी मोनिका टंडन की शादी

आज मथुरा में जो शव बहकर आया वह लुधियाना दुगरी की मोनिका टंडन का था। मोनिका की कहानी अत्यंत हृदयविदारक है। मृतका अपनी सास के साथ वृंदावन दर्शन के लिए आई थीं। बताया जा रहा है कि उनकी शादी करीब छह महीने पहले ही हुई थी और पति विदेश में कार्यरत हैं। मोनिका जल्द ही विदेश जाने की तैयारी में थीं, लेकिन इससे पहले ही हादसे का शिकार हो गई। वह अपनी सास सविता के साथ बांके बिहारी के दर्शन करने आई थी, लेकिन नाव के पलटते ही खुशियां मातम में बदल गई। हादसे के दिन वह नाव में पड़ोसी महिला डिंकी के साथ बैठी थी। डिंकी की लाश रविवार बरामद हुई थी।

### ढोलक की थाप के साथ थम गई यश की सांसें

वृंदावन देवराहा बाबा आश्रम के पास मिले युवक की पहचान लुधियाना के ही यश भल्ला (22) के रूप में हुई है। हादसे से ठीक पहले का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जो अब इस घटना की दर्दनाक याद बन गया है।

वीडियो में यश नाव पर बड़े उत्साह के साथ ढोलक बजाते हुए भक्ति गीतों में लीन दिख रहे हैं। यश पहली बार वृंदावन आए थे और अपनी मां से वादा करके गए थे कि अगली बार उन्हें भी साथ लेकर आएंगे। यश धार्मिक कार्यक्रमों में ढोलक बजाते थे। यश के बड़े भाई अकाउंटेंट है। मां सुनीता हाउस वाइफ हैं। पिता कपड़े बेचते है। लुधियाना के जस्सियां रोड के रहने वाला यश भल्ला की मां सुनीता ने बताया कि यश 01 महीने से वृंदावन जाने के लिये खुश था।

### पंकज अब भी लापता

जलालाबाद निवासी पंकज मल्होत्रा (40) हादसे के बाद से अभी भी लापता हैं। वह परिवार के एकमात्र कमाने वाले थे और अपने रिश्तेदारों के साथ तीर्थ यात्रा पर आए थे। सर्च टीम लगातार उनकी तलाश में जुटी हुई है। पंकज के परिवार की स्थिति बेहद भावुक करने वाली है। हिमाचल में एक स्टील कंपनी में कार्यरत पंकज दो बहनों के इकलौते भाई हैं। घर पर उनकी पत्नी, 8 साल का बेटा और 3 साल की बेटी के आंसू थम नहीं रहे हैं।

## 1.27 लाख का माल सीज

मथुरा। खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावटखोरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। जिला प्रशासन और खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन के आदेश पर जयसिंहपुरा और छटीकरा क्षेत्र में छापेमारी कर भारी मात्रा में मिठाइयां और कच्चा माल जब्त किया गया है। इस दौरान एक अवैध मिठाई निर्माणशाला का भंडाफोड़ करते हुए करीब 1.27 लाख रुपये का माल सीज किया गया।सहायक आयुक्त (खाद्य) धीरेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन और मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी आदि है।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम प्रिन्स यादव व जन्मतिथि 01.01.2005 दर्ज हो गई है, जबकि मेरे हाईस्कूल अंकपत्र सह प्रमाण पत्र में मेरा सही नाम प्रीतम यादव व सही जन्म तिथि 30.03.2008 दर्ज है। मेरे आधार कार्ड में भी हाईस्कूल अंकपत्र के अनुसार ही सही नाम प्रीतम यादव व सही जन्म तिथि 30.03.2008 दर्ज किया जाये। **प्रीतम यादव पुत्र श्री जनार्दन यादव नि.- ग्राम पिपरपासी पो.- कानापार, तह. व थाना बासगांव, जनपद गोरखपुर।**

# ऊर्जा आपूर्ति की चुनौती

मध्य पूर्व संकट के समाधान के लिए शुरू हुई बातचीत विफल होने के बाद एक बार फिर से तनाव बढ़ने लगे हैं। अभी तक सिर्फ ईरान होर्मुज स्ट्रेट को बाधित कर रहा था, लेकिन अब अमरीका भी इसी रेस में उतर आया है। अमरीका ने भी होर्मुज स्ट्रेट की नाकेबंदी की बात कही है। इससे अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें फिर बढ़ने लगी हैं। यह संकट भारत के लिए इतना बड़ा सबक है कि अगर इसे नजरअंदाज किया गया और इसका स्थायी समाधान तलाशने की कोशिश न की गयी तो अर्थव्यवस्था भले तेज विकास कर रही हो, लेकिन हमेशा संकट में रहेगी। दरअसल ऊर्जा के मामले में आयात पर निर्भरता देश के लिए और हमारी अर्थव्यवस्था के लिए बहुत बड़ा संकट है। इस संदर्भ में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पश्चिम एशिया में छिड़े संघर्ष को उचित ही 'व्यवस्थागत झटका' करार दिया और कहा कि यह वैश्विक ऊर्जा के महत्वपूर्ण मार्गों को खतरे में डाल रहा है। यह बात भारत की नाजुकता को भी रेखांकित करती है। भारत कच्चे तेल की अपनी खपत आवश्यकता का 85 फीसदी आयात करता

है। इसका बड़ा हिस्सा पश्चिम एशिया से ही आता है और यह क्षेत्र भू-राजनीतिक अनिश्चितता को लेकर बहुत अधिक संवेदनशील है। भू-राजनीतिक उथलपुथल मचते ही आयात की लागत अचानक बढ़ जाती है, मुद्रास्फीति का दबाव उत्पन्न हो जाता है और उद्योग जगत के लिए भी हालात अनिश्चित हो जाते हैं। जैसा कि वर्तमान संकट दर्शाता है, बात केवल कीमतों की नहीं बल्कि उपलब्धता की भी है जिस पर गहरा असर पड़ सकता है। ऊर्जा कीमतों और आयात बिल में तेज इजाफा वृहद आर्थिक स्थिरता को प्रभावित कर सकता है। अतीत में कई अवसरों पर हम ऐसा होते देख चुके हैं। ऐसे में निरंतर भू-राजनीतिक उथलपुथल वाली दुनिया में अपने दीर्घकालिक हितों को सुरक्षित करने के लिए भारत को ऊर्जा आयात पर अपनी निर्भरता कम करनी होगी। इसे हासिल करने के लिए अलग-अलग मोर्चों पर एक साथ काम करना होगा। यह दलील दी गई कि भारत को जीवाश्म ईंधन का घरेलू उत्पादन बढ़ाना होगा और इसके साथ ही उसे तेल एवं गैस आयात के स्रोतों में विविधता लानी होगी। हालांकि, इस चरण में भारत को नवीकरणीय ऊर्जा की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रोत्साहन की भी आवश्यकता है। रिपोर्टों में कहा गया है कि कई कारोबार गैस की अनुपलब्धता के कारण आंशिक या पूर्ण रूप से उत्पादन बंद कर चुके हैं। यह जानना उपयोगी होगा कि क्या उनमें से कुछ अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं को बिजली पर स्थानांतरित कर सकते हैं। ऐसे बदलाव, संभवतः राज्य की मदद से, मांग का एक स्थिर स्रोत बना सकते हैं। विश्वसनीय औद्योगिक सुधार नवीकरणीय क्षमता के उपयोग में सुधार कर सकता है, निजी निवेश आकर्षित कर सकता है और भंडारण जैसी सहायक अधोसंरचना के विकास को तेज कर सकता है। अंतरराष्ट्रीय नवीकरणीय ऊर्जा एजेंसी के हालिया आंकड़े बताते हैं कि भारत अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा नवीकरणीय ऊर्जा बाजार है। हालांकि, कुल ऊर्जा मिश्रण में नवीकरणीय ऊर्जा का योगदान अभी भी बहुत कम है और इसे पर्याप्त रूप से बढ़ाने की आवश्यकता है। यह पहलू रोजगार निर्माण की दृष्टि से भी बेहतर है। अंतरराष्ट्रीय शोध संस्था इक्रियर के लिए भारतीय परिषद के एक अध्ययन ने दिखाया है कि स्वच्छ ऊर्जा से संबंधित रोजगार 2021-22 के 3.1 लाख से बढ़कर 2029-30 तक 9 लाख हो सकते हैं जबकि ऊर्जा किफायत या बचत से संबंधित रोजगार 12.6 लाख से बढ़कर 42.8 लाख हो सकते हैं। इसका तात्पर्य यह है कि अगर भारत अपने 2030 के लक्ष्य यानी 500 गीगावॉट गैर-जीवाश्म क्षमता और 15 करोड़ टन ऊर्जा बचत हासिल करता है, तो रोजगार में लगभग तीन गुना वृद्धि होगी। ये लाभ और भी अधिक हो सकते हैं यदि भारत नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में अपनी महत्वाकांक्षा को और बढ़ाये। इस वृद्धि को मुख्य रूप से सौर ऊर्जा आगे बढ़ाएगी, साथ ही कुशल रखरखाव भूमिकाओं की बढ़ती मांग भी होगी।

# अमेरिका-ईरान में नहीं बनी बात, चिंता बढ़ी

शाहिद ए चौधरी

सामयिक

जैसा अनुमान लगाया जा रहा था, वही हुआ। अमेरिका और ईरान के बीच कोई समझौता नहीं हुआ। इस्लामाबाद, पाकिस्तान में वार्ता बिना किसी डील के समाप्त हो गई और अमेरिका के उप-राष्ट्रपति यह कहते हुए वापस लौट गये कि उन्होंने 'अंतिम व सर्वश्रेष्ठ प्रस्ताव' रखा था। दूसरी ओर ईरान को पहले ही वार्ता की सफलता पर शक था, क्योंकि दो बार पहले जब वाताएं एकदम सही दिशा में जाते हुए समझौते के कगार पर पहुंचने वाली थीं, तो अमेरिका ने धोखा दे दिया था। जिनेवा में जब दूसरी वार्ता हुई, तो उसमें शामिल ब्रिटेन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जोनाथन पॉवेल को आश्चर्य हुआ था कि तेहरान अपने परमाणु कार्यक्रम पर वाशिंगटन की हर बात मानने को तैयार हो गया था व वियना में तकनीकी वार्ता के लिए तिथि पर भी सहमति बन गई थी, तो अमेरिका व इजराइल ने ईरान पर 28 फरवरी 2026 की सुबह बेमतलब व बेमकसद का पुनः युद्ध थोप दिया, मिनाब में 168 स्कूलों की बच्चियों की हत्या करके। लेकिन तब से होर्मुज में बहुत पानी बह चुका है।

अब भारी नुकसान व अपनी टॉप लीडरशिप को खोने के बावजूद तेहरान वाशिंगटन की अनुचित मांगों को ठुकराने की स्थिति में है और अमेरिका स्वघोषित ताकत की सीमाएं भी जाहिर हो गईं हैं कि वह अपनी मनमानी व दादागिरी थोपने की स्थिति में नहीं रहा है, विशेषकर इसलिए कि इराक युद्ध की तरह अब विश्व एकध्रुवीय नहीं रहा है। रूस व चीन भी सुपर पॉवर के रूप में उभर चुके हैं और वह ईरान के समर्थन में खड़े हैं। ईरान ने कहा है कि वार्ता को छोड़ने का अमेरिका बहाना तलाश रहा था और अब गेंद अमेरिका के पाले में है। इस बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वाशिंगटन ने युद्ध जीत लिया है, अब वार्ता का चाहे जो नतीजा निकले। ट्रम्प ने यह भी दावा किया है कि उसके दो जहाज स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजरे हैं, समुद्री माइंस को क्लियर करते हुए, जबकि ईरान ने इस दावे का खंडन करते हुए चेतावनी दी है कि कोई भी सैन्य जहाज होर्मुज को अगर पार करने का प्रयास करेगा तो उसे भयावह प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ेगा। उधर दक्षिण लेबनान में इजराइल की एयर स्ट्राइक्स जारी हैं और हिजबुल्लाह भी जवाबी कार्रवाई कर रहा है। हालांकि अमेरिका व ईरान में उच्च स्तरीय व आमने-सामने की वार्ता लगभग 47 साल बाद हुई, लेकिन विवाद व अविश्वास के वातावरण में हुई इस 21 घंटे की गहन वार्ता का कोई नतीजा निकलना ही नहीं था, क्योंकि युद्ध से पहले और युद्ध के बाद गोल पोस्ट ही बदल गये और इजराइल (बल्कि बेंजामिन नेतन्याहू का कहना अधिक दुरुस्त होगा) जो न पहले शांति चाहता था और न अब चाहता है किसी भी डील में सबसे बड़ा रोड़ा है। जिनेवा में वार्ता का फोकस मुख्यतः ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर था, लेकिन इस्लामाबाद में अमेरिका के तरफ से जो 15 पॉइंट्स रखे गये व ईरान की तरफ से जो 10 पॉइंट्स रखे गये, उनमें अन्य विवाद भी शामिल हुए जो परमाणु कार्यक्रम और पहली बार शामिल हुए स्ट्रेट ऑफ होर्मुज व सभी मोर्चों पर विस्तृत युद्धबंदी तक सीमित नहीं है। असहमति का असल बिंदु यह था कि अमेरिका इस बात का वायदा करने के लिए तैयार नहीं था कि वह लेबनान के खिलाफ इजराइल आक्रमण पर विराम लगायेगा। अमेरिका ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज की सुरक्षा पर जो शर्त रखी वह ईरान को स्वीकार नहीं थी। यही विवाद के बिंदु आखिरकार मुख्य अड़चन बन गये। वार्ता इस पृष्ठभूमि में टूटी कि इजराइल ने बैरुत पर अंधाधुंध गोलाबारी की, जिसमें सैंकड़ों निर्दोष लोग मारे गये और जिसकी व्यापक अंतर्राष्ट्रीय निंदा हुई और इसे युद्धविराम के उल्लंघन के रूप में देखा जा रहा है। दरअसल डील के संदर्भ में मुख्य चुनौती इजराइल की तरफ से आनी थी और उसी की तरफ से आयी भी। दो सप्ताह के युद्ध विराम पर नेतन्याहू की गुस्साभरी प्रतिक्रिया सामने आयी थी। उन्होंने युद्ध के मुख्य उद्देश्य ईरान में 'सत्ता परिवर्तन' बताया था, जोकि हुआ नहीं। चूंकि अमेरिका ने पुराने शासकों से ही वार्ता आरंभ कर दी तो यह स्पष्ट हो गया कि इजराइल का घोषित रणनीतिक उद्देश्य हासिल नहीं हुआ। इसलिए युद्धविराम के घोषित होते ही इजराइल ने बैरुत के नागरिकों पर बमबारी करनी शुरू कर दी ताकि ईरान को उकसाया जा सके और युद्धविराम विफल हो जाये। लेकिन ईरान ने युद्धविराम को जारी रखा, इस घोषणा के साथ कि लेबनान में अपने साथियों को वह अकेला नहीं छोड़ेगा।

इटली, स्पेन व ऑस्ट्रेलिया ने इजराइल द्वारा की गई बमबारी की निंदा की और युद्धविराम का सम्मान करने के लिए कहा। गल्फ को-ऑपरेशन काउंसिल (जीसीसी) भी युद्धविराम के पक्ष में है और चाहती है समस्या का शांतिपूर्ण हल निकालने के प्रयास जारी रहने चाहिए, बावजूद इसके कि ईरान व यूएई में विश्वास का अभाव जारी है। यहां दो अन्य बातों को समझना भी आवश्यक है। एक, इजराइल के सांसद नामा लजिमी का आरोप है कि नेतन्याहू ने जानबूझकर 7 अक्टूबर का हमास हमला होने दिया था ताकि वह युद्ध में जा सकें और अदालत में पेश होने से बच सकें, जहां उनके व उनकी पत्नी के खिलाफ भ्रष्टाचार व अन्य मामलों के अनेक मुकदमे चल रहे हैं। इसी के चलते नेतन्याहू ने अतीत में अनेक समझौता-वाताओं को नुकसान पहुंचाया है। मसलन, 9 सितम्बर 2025 को उन्होंने दोहा में हमास की वार्ता टीम पर हमला कराया, जिसमें पांच लोग मारे गये थे। इससे पहले नेतन्याहू ने न्यायपालिका को नियंत्रित करने के लिए एक विधेयक लाने का प्रयास किया था, जिसका इजराइल में जबरदस्त जनविरोध हुआ था और विधेयक को वापस लेना पड़ा। फिर नेतन्याहू ने ट्रम्प के माध्यम से इजराइल के राष्ट्रपति इसहाक हेरजोग पर भ्रष्टाचार के मुकदमे वापस लेने का दबाव बनाया, जो सफल नहीं हुआ। युद्ध के समाप्त होते ही न सिर्फ नेतन्याहू की कुर्सी जायेगी बल्कि अपनी पत्नी के साथ वह जेल में होंगे। सांसद लजिमो का आरोप है कि खुद को बचाये रखने के लिए नेतन्याहू इजराइल को लगातार युद्ध में झोंके हुए हैं। दूसरा यह कि अमेरिका व ईरान के बीच जो तीन असफल वाताएं अब तक हुई हैं, उन सभी में ट्रम्प के यहूदी दामाद जेरेड कुशनर व ट्रम्प के करीबी दोस्त रियल एस्टेट निवेशक स्टीव विटकॉफ शामिल रहे हैं। यह दोनों ही नेतन्याहू के करीबी हैं और अमेरिकी विशेषज्ञों के अनुसार नेतन्याहू के लिए ही काम करते हैं, जबकि यह न तो अमेरिकी प्रशासन में कुछ हैं और न ही इन्हें कूटनीति का कोई अनुभव है। इस स्थिति में इस्लामाबाद में वार्ता का विफल होना तो तय ही था।

हालांकि अब वैश्विक दबाव वार्ता को जारी रखने का बन रहा है, क्योंकि हर किसी की अर्थव्यवस्था प्रभावित हो रही है, अमेरिका में भी युद्ध का जन विरोध व ट्रम्प को हटाने के लिए अनुच्छेद 25 लागू करने की मुहिम तेज है, सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय ने घोषणा की है कि संयुक्त रणनीतिक रक्षा समझौते के तहत उसके पूर्वी सेक्टर में स्थित किंग अब्दुल अजीज एयर बेस की सुरक्षा करने के लिए पाकिस्तान का सैन्य बल वहां पहुंच गया है, जिससे लगता है कि सऊदी अरब अमेरिका पर अपनी रक्षा निर्भरता कम करते हुए ईरान से संबंध बेहतर करने का इच्छुक है और चीन ने ईरान को एयर डिफेंस सिस्टम दिया है। इस पृष्ठभूमि में ट्रम्प कह रहे हैं कि वह वेनेजुएला की तरह ईरान का नेवल ब्लॉकेड करेंगे और अपनी शर्तें मनवायेंगे। ट्रम्प क्या कहते हैं और क्या करते हैं, यह उन्हें स्वयं मालूम नहीं है। फिलहाल के लिए सब कुछ अनिश्चित है।

> अमेरिका ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज की सुरक्षा पर जो शर्त रखी वह ईरान को स्वीकार नहीं थी। यही विवाद के बिंदु आखिरकार मुख्य अड़चन बन गये। वार्ता इस पृष्ठभूमि में टूटी कि इजराइल ने बैरुत पर अंधाधुंध गोलाबारी की, जिसमें सैंकड़ों निर्दोष लोग मारे गये और जिसकी व्यापक अंतर्राष्ट्रीय निंदा हुई। इसे युद्धविराम के उल्लंघन के रूप में देखा जा रहा है।

## सोशल मीडिया

टीएमसी नारा तो देती है मां, माटी और मानुष का, लेकिन आचरण देखो–मां आज बंगाल में रो रही है और माटी घुसपैठिए के कब्जे में जा रही है और मानुष भयभीत है। सीएम योगी.

हम महिला आरक्षण का समर्थन करते हैं, 543 लोकसभा की सीटों में 33 फीसद आरक्षण दो, हमारा पूर्ण समर्थन है। लेकिन सीटें बढ़ाने के लिए जनगणना भी जरूरी हैं। संजय सिंह.

मुख्यमंत्री जी मुजफ्फर नगर जा रहे हैं तो मेरठ के व्यापारियों से मिलते आयें या उन्हें मिलने ही बुला लें, इतनी गाड़ियों से भीड़ बुला रहे हैं तो मेरठ के दुखी परिवारों को भी बुला लें। अखिलेश यादव.

# समता व सामाजिक न्याय के पक्षधर थे डॉ.अंबेडकर

डॉ. अंबेडकर जयंती आज

अरुण कुमार दीक्षित

डॉ. भीमराव अंबेडकर समता और सामाजिक न्याय के पक्षधर रहे हैं। वे भारतीय राजनीति को प्रतिपल प्रभावित करते हैं। उन्होंने जाति के आधार पर सम्मान और अपमान को निकट से देखा था। वह मानते थे कि हिन्दू समाज के जातीय विभाजन के अतीत का लंबा कालखंड रहा है। इस अस्पृश्यता को विदा होने में भी लंबा समय लगेगा। अस्पृश्यता को मिटाने के लगातार प्रयास करने होंगे। डॉ. अंबेडकर चाहते थे कि जाति विदा होनी चाहिए। महात्मा गांधी, विवेकानंद, लोहिया व महात्मा फुले भी जाति की विदाई चाहते थे। भारत में जाति आधारित समाज है। यहां जाति के भीतर भी जातियां हैं। जातियों में उप जातियां हैं। उन्होंने अपने जीवन काल में अस्पृश्य वर्ग के लिए काम किया। संविधान में उन्हें ही अनुसूचित कहा गया है।

भारतीय राजनीति में प्रमुख कारक जाति है। प्रायः जाति वर्ग देखकर ही लोग वोट देते हैं। जाति वर्ग आधारित दल भी बने हैं। दलों के हाई कमान पदाधिकारी भी जाति वर्ग का विश्लेषण करके ही सुनिश्चित होते हैं। चुनाव में प्रत्याशियों पर मुख्य मंथन जाति व वर्ग पर होता है। ईमानदारी, परिश्रम, योग्यता को जाति पीछे धकेलती है। दूसरे धन बल का प्रभाव भी समूची राजनीतिक व्यवस्था को ललकार रहा है। वर्तमान संदर्भ में अम्बेडकर के विचार प्रासंगिक हैं और आगे भी रहेंगे। जातियां बनाने का आरोप ब्राह्मणों पर है। इसकी निंदा भी होती है। बगैर यह जाने कि क्या जातियों को ब्राह्मणों ने ही बनाया अथवा मनु ने बनाया ? क्या वास्तव में मनु ने जाति थोपी थी।

अमेरिका के कोलंबिया में डॉ.ए.ए. गोल्ड विजर द्वारा आयोजित एक गोष्ठी में डॉ अंबेडकर ने भारत में जाति के उद्भव, विकास और स्वरूप पर 9 मई 1916 को कहा था कि व्यक्ति ही समाज को बनाते हैं, सतही कथन है। वर्गों के मिलने से समाज बनता है, लेकिन यह सत्य है कि समाज में भीतर वर्ग होते हैं। वर्गों के आधार अलग-अलग हो सकते हैं। आधार आर्थिक या सामाजिक हो सकता है। व्यक्ति हमेशा समूह का सदस्य होता है। अंबेडकर इस बात को नहीं मानते थे कि विधि व्यवस्था के प्रणेता मनु ने जाति प्रणाली बनाई होगी। उनका कहना था कि कोई व्यक्ति चाहे वह कितना शक्तिशाली होता, जाति व्यवस्था का निर्माण नहीं कर सकता था। यह बात कल्पना से परे है कि मनु ने जाति का कानून बनाया। जाति मनु से पहले अस्तित्व में थी।

वे सनातनी हिंदुओं की इस मान्यता का खंडन करते हैं कि जाति, श्रेणियों का निर्माण शास्त्रों, स्मृतियों में सोच-समझकर किया। उन्होंने इस मान्यता को भी अस्वीकार किया कि ब्राह्मणों ने जाति संस्था का निर्माण किया। जाति संस्था का निर्माण करके उसे गैर ब्राह्मणों पर लादना उनके बस में नहीं था। अंबेडकर का कहना था कि मनु ने जाति के विद्यमान नियमों को सिर्फ संहिताबद्ध किया और उन्हें धार्मिक एवं दार्शनिक आधार प्रदान किया। अंबेडकर का विचार था कि इस देश में लोकतंत्र को कायम रखने के लिए हमें अपने सामाजिक और आर्थिक उद्देश्यों की पूर्ति को लेकर संवैधानिक विधि का सहारा लेना चाहिए। इसमें कोई ढील नहीं होनी चाहिए। उनका मानना था कि हमें अपनी स्वतंत्रता को महापुरुषों के चरणों में अर्पित नहीं करना चाहिए। कोई मनुष्य किसी के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के लिए आत्मसम्मान को दांव पर नहीं लगा सकता। कोई स्त्री किसी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए अपने सतीत्व को दांव पर नहीं लगा सकती। कोई राष्ट्र किसी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए अपनी स्वाधीनता को दांव पर नहीं लगा सकता। हमें अपने लोकतंत्र को राजनीतिक लोकतंत्र तक सीमित नहीं रखना चाहिए। लोकतंत्र को सामाजिक लोकतंत्र का रूप देना चाहिए। सामाजिक लोकतंत्र ऐसी व्यवस्था है जिसमें स्वतंत्रता समानता और बंधुत्व को महत्व दिया जाता है। यह सच है कि गांधी और अम्बेडकर में प्रायः असहमति रही थी। अंबेडकर इस बात से बहुत खिन्न थे कि इस देश में समानता का नितांत का अभाव है। देश में समरसता लाना ही डॉ. अंबेडकर को सही श्रद्धांजलि होगी।

**(लेखक स्वतंत्र चिंतक हैं)**

## विचार

जिस कर्म में भोगने की कामना होती है, जो अहंकार से किया जाता है तथा जो बहुत प्रयास से होता है, वह राजस कर्म है।
–गीता.

इस जगत में कोई संबंध नित्य नहीं है, अपनी देह का भी नहीं। तब स्त्री–पुरुष का साथ सदा नहीं रहेगा, यह क्या कहने की आवश्यकता है?
–महर्षि वेदव्यास.

अहिंसा में इतनी ताकत है कि वह विरोधियों को मित्र बना लेती है और उनका प्रेम प्राप्त कर लेती है।
–महात्मा गांधी.

जो मेरा धन चुराता है वो मेरी सबसे तुच्छ वस्तु ले जाता है।
–शेक्सपियर.

जो जीवों की हिंसा करता है, वह आर्य नहीं होता, सभी जीवों के प्रति अहिंसा का भाव रखने वाला ही आर्य कहलाता है।
–गौतम बुद्ध.

# ईश्वर की रचना

## अंतर्दृष्टि

ईश्वर ने अपनी सर्वश्रेष्ठ कृति इंसान को कोई बुराई नहीं दी है, लेकिन फिर भी वह अपनी आदतों का शिकार हो जाता है। कई बार हमारी आदतें, हमारी प्रवृत्तियां जिसे हम खराब भाषा में लत भी कह सकते हैं, अगर उनका रचनात्मक उपयोग किया जाये, उनके पीछे भागने के बजाय उनका सदुपयोग कर सृजन में उपयोग किया जाये, तो वह दरअसल हमारी ताकत भी बन जाती हैं। हानिकारक आवेशों से मुक्त रहकर यदि मनोवृत्तियों का उपयोग किया जाये तो वे हानि पहुंचाने की बजाय हितकर ही सिद्ध होंगी। सर्वथा संसार त्यागियों की तो बात छोड़ दीजिए पर अधिकांश मनुष्यों को जो संसार में रहते हैं और जिनको भली बुरी सभी परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। सभी मनोवृत्तियों से काम लेना आवश्यक होता है। इसलिए हमारा कर्तव्य यही है कि अपनी मनोवृत्तियों और इन्द्रियों को ऐसी ही सधी हुई अवस्था में रखें। मनुष्य की जो मनोवृत्तियां जन्म से ही दी गयी हैं, वे सब उपयोगी एवं महत्वपूर्ण हैं। यदि उनको ठीक प्रकार से प्रयोग में लाया जाये तो प्रत्येक व्यक्ति अत्यंत सुख-शांतिपूर्वक जीवन व्यतीत कर सकता है। हम देखते हैं कि दुर्भाग्यवश लोग उनका सदुपयोग करना नहीं जानते और उन्हें बुरे मार्ग से खर्च करके अपने लिए तथा दूसरों के लिए दुखों की सृष्टि करते हैं। हम देखते हैं कि कई मनोवृत्तियों की संसार में निन्दा होती है। कहा जाता है कि यह बातें पाप और दुख की जड़ है। काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार आदि को जी भर कर कोसा जाता है और कहा जाता है कि इन्हीं के कारण संसार में अनर्थ हो रहे हैं। इस प्रकार का कथन किस हद तक सही हैं इसका विचारवान पाठक स्वयं निर्णय कर सकते हैं। यदि काम बुरी वस्तु है, त्याज्य है, पापमूलक है तो उसका उपयोग न तो सत्पुरुषों को ग्राह्य हो सकता था और न बुरी बात का अच्छा परिणाम निकल सकता था। परन्तु इतिहास दूसरी ही बात सिद्ध करता है। ब्रह्मा, विष्णु, महेश, विवाहित जीवन व्यतीत करते हैं। व्यास, अत्रि, गौतम, वशिष्ठ, विश्वामित्र, याज्ञवल्क्य, भारद्वाज, च्यवन आदि प्रायः सभी प्रधान ऋषि सपत्नीक रहते थे और संतानोत्पादन करते थे। दुनिया में असंख्य पैगम्बर, ऋषि, अवतार महात्मा, तपस्वी, विद्वान, महापुरुष हुए हैं, यह सब किसी न किसी माता पिता के संयोग से ही उत्पन्न हुए थे। यदि काम सेवन बुरी बात है तो उसके द्वारा उत्पन्न हुए बालक भी बुरे ही होने चाहिए। बुरे से अच्छे की सृष्टि कैसे हो सकती है? कालोंच से सफेदी कैसे निकल सकती है? इन बातों पर विचार करने से स्पष्ट हो जाता है कि काम स्वयं कोई बुरी वस्तु नहीं है। परमात्मा ने अपनी सर्वश्रेष्ठ कृति मनुष्य में कोई बुरी बात नहीं रखी।

# सड़कें चौड़ी हो गयी हैं!

## व्यंग्यलोक

पूरन सरमा

सुबह-सुबह मुझे बुलाया था मुख्यमंत्री ने, बोले-देखो हम सड़कें चौड़ी कर रहे हैं। आवागमन सुविधा जनक होता जा रहा है। मैंने कहा-सड़के ही क्यों पुल बन रहे हैं और नये-नये फ्लाई ओवर। शहर को आपने चमाचम कर दिया है। बिजली अबाधित है। थोड़ा सा गांवों पर भी ध्यान दें तो अगले चुनाव में नौका आसानी से किनारे जा लगेगी। मेरी बात पर थोड़ा झुंझाये, फिर सहज होकर बोले-गांवों की और चुनावों की चिंता तुम छोड़ो। मैंने तुम्हें इसलिए बुलाया था कि तुमने देख लिया कि राजधानी में विकास किस गति से गतिमान है। मैं बोला-विकास की मत पूछिये। इसके नाम पर तो आपने गंगा बहा दी है। अतिक्रमण की समस्या लगभग समाप्त हो गई है। थोड़ा सा हाउसिंग सोसाइटीज पर ध्यान दे लेते तो और उत्तम रहता। वे फिर बोले-हाउसिंग सोसाइटीज को मारो गोली। विकास की बही गंगा पर एक राइट अप लिख मारो। मैंने कहा- लिखने में कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन छपवाना जरा जटिल है। वे बोले-उसकी चिंता छोड़ो, सब मैनेज करा दूंगा। तुम अपना राइट अप तैयार करो। मैंने कहा-सर, यह अकाल का क्या लफड़ा है? आये दिन चला आता है। वे बोले-जरा धीरे बोलो, अकाल को कन्टीन्यू करने दो। यह बहुत जरूरी है। काफी लोग जूझ रहे हैं। काफी लोग काम कर रहे हैं। इस तरह काफी लोग खा रहे हैं। काफी लोग जीविका जुटा रहे हैं। अकाल बहुत जरूरी है हमारे लिए। बारिस शुरू हो गयी है, लेकिन इससे बात बनी नहीं है। राइट अप में अकालों को तो सब साइड ही कर देना। इसे आवश्यकता हुई तो बाद में देखेंगे। तुम तो हमने जो सड़कें चौड़ी की हैं, उस पर गौर करो। कुल मिलाकर विकास की गंगा बह निकली है, उसे केन्द्र बिन्दु बनाना है। मैं बोला-सड़कों पर तो लिखना ही पड़ेगा। वाकई सड़कें बहुत चौड़ी हो गई हैं। मकान-दुकान तोड़कर भी इन्हें चौड़ा किया गया है। लेकिन सर इधर सड़क बनकर तैयार होती है और उधर दूसरे ही दिन इन्हें खोद दिया जाता है। कभी सीवर लाइन के लिए और कभी टेलीफोन के लिए? इसे भी छोड़ो, इसे मैं देख लूंगा, राइट अप में इसका भी जिक्र नहीं करना है। मैंने कहा न सड़कें पेरिस का मुकाबला कर रही हैं। इस पर ध्यान देना है तुम्हें। वे बोले तो मैंने कहा-मैं मानता हूँ। सड़कों के मामले में हम पेरिस से आगे जा रहे हैं। परन्तु महंगाई सुरसा की तरह फैलती जा रही है। इस बार उन्होंने दोनों हाथों से अपना सिर पकड़ लिया। बालों को खींचा, आसमान को देखा और फिर मुझे घूरकर बोले-तुम क्यों नहीं बात का मर्म समझ रहे। महंगाई से मेरा लेना-देना क्या है? सुनो भूख से कोई मर जाये लेकिन महंगाई से मरते मैंने किसी को नहीं देखा। इधर कलर टीवी हमने सस्ता किया है। इसलिए महंगाई की बात बेमानी है।

## आपकी बात

### नये जमाने के उद्यमों का विकास

तकनीकी प्रधान इस युग में स्टॉर्टअप कंपनियों ने लोगों के जीवन को आसान बनाने में महती भूमिका निभाई है। आज ये आम जनजीवन के लिए इतनी जरूरी हैं कि इनके विकास जीवन कठिन हो जायेगा। इसलिए सरकार को स्टार्टअप कंपनियों की मदद करनी चाहिए ताकि वे डूबने न पायें। अगर स्टॉर्टअप फेल होते हैं, तो इससे लोगों का भरोसा कमजोर होगा और देश तेजी से आगे बढ़ रहे स्टॉर्टअप के सामने चुनौतियों बढ़ेंगी। स्टॉर्टअप के महत्व और भारत की आर्थिक प्रगति में इनकी भूमिका को देखते हुए सरकार ने स्टॉर्टअप नीति लागू की है। आईआईटी और अन्य तकनीकी संस्थानों में स्टॉर्टअप को मदद के लिए, प्रौद्योगिकी एवं वित्तीय सहायता के लिए योजनाएं शुरू की गयी हैं। इसका परिणाम आज देश को एक बेहतर स्टॉर्टअप इको-सिस्टम के रूप में मिल रहा है। प्रौद्योगिकी के सहारे आइडिया के बाजीगरों ने तमाम स्टॉर्टअप खड़े किये। इनसे करोड़ों को लोगों को रोजगार मिला है और भारत की आर्थिक प्रगति की कहानी लिखने में आज स्टॉर्टअप सबसे आगे हैं। लेकिन हाल के वर्षों में स्टॉर्टअप को लेकर अनेक चिंताएं भी पैदा हुई हैं। अचानक स्टॉर्टअप के लुप्त हो जाने, लंबे समय तक घाटे में रहने और आक्रामक विस्तार के लिए अत्यधिक कर्ज लेने के कारण कई बार स्टॉर्टअप मुसीबत में आये हैं। यह भी कि स्टॉर्टअप जब शुरू होते हैं, तो सरकार उनको कई तरह के नियमों-कानूनों एवं रेग्युलेटरी कंप्लायंस में राहत देती है ताकि ये अपनी ऊर्जा का उपयोग प्रगति के लिए कर सकें। लेकिन जब स्टॉर्टअप बड़े हो जाते हैं, बिलियन डॉलर जितनी बड़ी कंपनी बन जाते हैं तब भी अगर वे नियमों-कानूनों को मानने में कोताही करते हैं, तो यह ठीक नहीं है। इसलिए यह समय की जरूरत है कि सरकार भी स्टॉर्टअप फ्रेंडली नीति बनाये और उनको सहयोग करे ताकि वे नियमों-कानूनों एवं रेग्युलेटरी गाइडलाइन का न्यूनतम पालन सुनिश्चित करें। इससे उनको बंद करने की नौबत नहीं आयेगी। हाल के वर्षों में स्टॉर्टअप कंपनियों ने निवेशकों को भी नुकसान किया है, बैंकों को भी नुकसान पहुंचाया और कई बार खुद ही संकट में फंस गयीं। जब कोई बड़ी कंपनी फेल होती है तो सिर्फ उस कंपनी का ही नुकसान नहीं होता है बल्कि देश को भी नुकसान होता है।

**वीरेन्द्र कुमार सिंह, लखनऊ.**

### संविदाकर्मियों का शोषण

उत्तर प्रदेश में सरकारी नौकरियों में खाली पदों पर भर्ती करने के बजाय प्रदेश सरकार सेवा प्रदाताओं के माध्यम से भर्तियां करती हैं। इससे जो युवा नौकरी में जाते हैं उनका दोहरा शोषण होता है। एक तो अधिकांश सरकारी सेवा प्रदाता कंपनियां युवाओं से घूस लेकर भर्तियां करती हैं, दूसरे उनको बहुत मामूली वेतन मिलता है और तीसरे उनकी नौकरी को भी हमेशा खतरा बना रहता है। यह स्थितियां इसलिए बनी हैं कि अगर सरकार सीधे संविदा पर भर्ती करे तो जो लोग एक बार भर्ती हो जायेंगे वे नौकरी में बने रहने के लिए यूनियन बनाकर शक्ति प्रदर्शन करेंगे, स्थायी करने की मांग करेंगे और फिर वेतन बढ़ाने और बात-बात पर हड़ताल भी करेंगे। कुछ लोगों की मनमानी के कारण आज पूरा युवा परिणाम भुगत रहा है। सरकार अपनी तरफ से संविदा नौकरियों पर भी भारी पैसा खर्च करती है, लेकिन सेवा प्रदाता कंपनी पूरा पैसा नहीं देती हैं। वह खुद भी मुनाफा काटती हैं, उसके कर्मचारी घूस लेते हैं और मामूली वेतन पर युवाओं को रखकर उनका शोषण करती हैं। युवाओं का शोषण रोकने और उनको अच्छा वेतन व सुविधाएं देने के लिए यह जरूरी है सरकार चाहे स्थायी नौकरी दे या संविदा पर रखे, लेकिन भर्तियां सीधे करें। भर्ती में बिचौलिया कंपनियों की कोई भूमिका नहीं होनी चाहिए। हां अगर सरकार को यह डर हो कि यूनियनबाजी होगी तो पहले से ही यह बांड भरा लेना चाहिए कि संविदा नौकरी संविदा ही रहेगी।

**महेश कुमार श्रीवास्तव, बहराइच.**

संक्षेप

## हत्या के प्रयास मामले में सात आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई

अयोध्या। कोतवाली अयोध्या पुलिस ने एडवोकेट आलोक सिंह पर गोली मारकर हत्या के प्रयास के मामले में सात आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने साजिश रचकर रामघाट निवासी अधिवक्ता आलोक सिंह पर हमला कर हत्या का प्रयास किया था, जिसके बाद उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है।जिन आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है, उनमें मोहित पाण्डेय, धीरज पाण्डेय, धर्मवीर पाण्डेय (तीनों निवासी लवकुश नगर, रामघाट), पवन कुमार यादव (निवासी मदरहिया माझा बरेहटा), सूरज निषाद (निवासी रामघाट हाल्ट), अताउल्लाह शाह (निवासी हैबतपुर) तथा सरवन उर्फ श्रवण निषाद (निवासी कनीगंज बरहटा) शामिल हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सभी आरोपियों के खिलाफ संगठित अपराध में संलिप्तता के आधार पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई है। मामले में आगे की विधिक प्रक्रिया जारी है।

# जमीन बेचने के नाम पर 5.50 लाख की ठगी, तीन गिरफ्तार

जिला संवाददाता

**अयोध्या।** जनपद के पूराकलन्दर थाना क्षेत्र में जमीन बेचने के नाम पर 5.50 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

12 अप्रैल को आरोपी संजय वर्मा (25) निवासी अरुवावा पूरे निहाल का पुरवा और अंकित यादव (24) निवासी बरवा को उसरू नहर किनारे से गिरफ्तार किया। मामले में प्रकाश में आए तीसरे आरोपी अनिकेत यादव को देर रात मसौधा तिराहे के पास से पकड़ा गया।थाना क्षेत्र निवासी पीड़िता राधा शर्मा ने शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपियों ने उसे मकान निर्माण के लिए जमीन दिलाने का झांसा दिया। आरोपियों ने कूटरचित आधार कार्ड के माध्यम से खुद को जमीन का मालिक बताते हुए सौदा तय किया और किस्तों में करीब 5.50 लाख रुपये ले लिए।

7 से 9 जनवरी 2026 के बीच आरोपियों को नगद व ऑनलाइन भुगतान किया गया, लेकिन तय तारीख पर रजिस्ट्री नहीं कराई गई। बाद में संपर्क करने पर आरोपी फरार हो गए। जब पीड़िता ने पैसे वापस मांगे तो आरोपियों और उनके परिजनों ने जान-माल की धमकी देते हुए अभद्र व्यवहार किया।

मामले में थाना पूराकलन्दर में केस दर्ज किया गया। पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपी संजय वर्मा के खिलाफ पूर्व से कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

अन्य आरोपियों का भी आपराधिक इतिहास सामने आया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश कर दिया है।

## आबकारी गोदाम परिसर की झाड़ियों में लगी आग, कड़ी मशक्कत के बाद बुझी आग

**अयोध्या।** शहर के नाका चुंगी स्थित आबकारी विभाग के गोदाम परिसर में मंगलवार दोपहर अज्ञात कारणों से झाड़ियों में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में धुएं का गुबार दूर-दूर तक दिखाई देने लगा। हालांकि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया और गोदाम में रखी शराब की खेप सुरक्षित रही। मौके पर मौजूद कर्मचारियों के अनुसार, परिसर की झाड़ियों से अचानक धुआं उठता देख हड़कंप मच गया। कर्मचारियों ने तत्काल आबकारी के अधिकारियों और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल की चार गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का कार्य शुरू किया।दमकल कर्मियों को आग पर काबू पाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। करीब एक घंटे की लगातार कोशिश के बाद आग को पूरी तरह बुझा लिया गया। जिला आबकारी अधिकारी सुरेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि नाका चुंगी में आबकारी विभाग के तीन गोदाम संचालित हैं। जिस परिसर में आग लगी, वहां लॉडर्स डिस्टलरी लिमिटेड (सीएल-2) और रेडिको खैतान लिमिटेड का देशी शराब गोदाम स्थित है। उन्होंने बताया कि आग केवल झाड़ियों तक सीमित रही और समय रहते बुझा ली गई, जिससे गोदाम और उसमें रखा स्टॉक पूरी तरह सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि फिलहाल स्थिति सामान्य है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

## भारत रत्न बाबासाहब जयंती की पूर्व संध्या पर कार्यशाला का आयोजन

**सतरिख, बाराबंकी।** टीआरसी लॉ कॉलेज में भारत रत्न बाबासाहब डा0 भीमराव आंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यशाला का शुभारम्भ शासी निकाय अध्यक्ष डा0 सुजीत चतुर्वेदी, प्राचार्य डा0 अश्वनी कुमार गुप्ता, विधि परास्नातक विभागाध्यक्ष डा0 अविनाश मिश्र, कार्यक्रम समन्वयक डा0 दीपमाला श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से बाबासाहब की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्पण कर किया। तत्पश्चात वक्ताओ द्वारा डा0 आंबेडकर के जीवन परिचय और उनके द्वारा किये गये योगदानों पर प्रकाश डाला गया। कार्यशाला में छात्र-छात्राओं ने डा0 आंबेडकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से जुड़े प्रश्नों को विधि विशेषज्ञों के समक्ष रखा। इस अवसर पर डा0 शिव शरन, डा0 प्रमोद कुमार पाण्डेय, डा0 इन्द्र दमन तिवारी, अवनीश पाण्डेय, डा0 वीर विक्रम सिंह, डा0 नवीन कुमार सिंह, डा0 अमजद् अंसारी, डा0 धर्मेन्द्र कुमार, अंकित मिश्रा, रोहिणी त्रिपाठी, वैशाली सिंह मौजूद रहे।

## वैष्णवी वर्मा ने जन्मदिन पर पौधा रोप लिया पर्यावरण संरक्षित करने का संकल्प

**मसौली, बाराबंकी।** ग्रीन गैंग द्वारा संचालित हरियाली मुहिम का व्यापक प्रभाव समाज पर दिखने लगा है। लोग हरियाली के प्रति सजग होकर खुशी उल्लास के मौकों पर वृक्षारोपण करने लगे हैं। ब्लॉक मसौली अन्तर्गत ग्राम जलालपुर निवासी वैष्णवी वर्मा ने अपने जन्मदिन पर चाची चाचा नीलू वर्मा डॉ0राजकुमार वर्मा के साथ गुलाब का पौधा रोपा। जिससे बच्चे जीवन भर धरती पर हरियाली बढ़ाने में अपना योगदान करते रहेंगे। ग्रीन गैंग के संस्थापक प्रदीप सारंग ने जन्मदिन की बधाई देते हुये कहा कि धरती पर हरियाली घटेगी तो जैव मंडल के समस्त जीवों की खुशहाली और स्वास्थ्य घटेगा और यदि धरती पर हरियाली बढ़ेगी तो खुशहाली और स्वास्थ्य का संवर्धन होगा। इस अवसर पर सदानन्द वर्मा, रजत बहादुर वर्मा, सरोज वर्मा, संध्या वर्मा, मानसी, अन्वी, संजू, अनूप कुमार वर्मा मौजूद रहे।

# नगर निगम के दस नामित पार्षदों को महापौर ने दिलायी शपथ

**अयोध्या।** नगर निगम के नामित दस पार्षदों को सर्किट हाउस में समारोह पूर्वक शपथ दिलाई गई। इसी के साथ पार्षदों की संख्या बढ़कर 70 हो गई है। सोमवार को आयोजित समारोह में विधायक वेदप्रकाश गुप्ता एवं शहर के संभ्रांतजन एवं नगर निगम के अधिकारी मौजूद रहे। महापौर ने सभी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाने के साथ ही उम्मीद जताई कि नगर निगम को बेहतर ढंग से संचालन में नामित पार्षद अब निर्वाचित पार्षदों के साथ मिलकर अहम भूमिका निभाएंगे। विकास की डगर पर अयोध्या को और तेजी से आगे ले जाने में योगदान देंगे। नामित पार्षदों में सुशील मिश्र बबलू, संजय निषाद, लक्ष्मण वर्मा, संजय कोरी, सुशील कुमार सिंह, रंजना सागर, आशुतोष पांडेय, ज्ञान केसरवानी, सुनीता गुप्ता एवं अर्चना द्विवेदी ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। कार्यक्रम का संचालन सहायक नगर आयुक्त गुरुप्रसाद पांडे ने किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी, बीजेपी महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, नगर निगम के उपसभापति संतोष सिंह, निवृतमान उपसभापति राजेश गौड़, प्रकाश गुप्ता भाजपा जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार पांडे कुन्नू मनोज जायसवाल रंजीत शर्मा आदि मौजूद रहे।

# भारतीय संस्कृति का संदेश है चलते रहना और आगे बढ़ना : सुभाष

*बहराइच।* संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव रामजी अंबेडकर जी की पावन जन्म जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में विशाल पथ संचलन निकाला गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्र प्रचार प्रमुख श्रीमान सुभाष जी स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहां की बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी ने संविधान निर्माण में अपनी महती भूमिका निभाई। बंधुता जब जीवित होती है तो स्वतंत्रता क्षमता आदि स्वयं में प्रभावित रहती है भारतीय संस्कृति के द्वारा ही मानव का कल्याण है इसलिए बंधुता सभी के अंदर जीवित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सभी लोग विक्रम संवत 2083 मे प्रवेश कर चुके हैं। प्रतिपदा का अर्थ है निरंतर आगे बढ़ते जाना। निरंतर आगे बढ़ने का संदेश भारतीय संस्कृति देती है। हमारे यहां माह का निर्धारण किसी राजा महाराजा के नाम पर नहीं बल्कि नक्षत्र के आधार पर है। उन्होंने कहा की कमजोर की बात दुनिया नहीं सुनती है इसलिए हमें मजबूत रहना चाहिए एक रहना चाहिए। अनेक महापुरुषों ने संगठन शक्ति के आधार पर ही देश की रक्षा की है, कलयुग में संगठन ही शक्ति का आधार है। दुनिया हमारा परिवार है हमें सभी को साथ लेकर आगे बढ़ाना है उन्होंने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम 16 कलाओं से युक्त भगवान श्री कृष्ण, विश्व के कल्याण के लिए विष पीने वाले वाले महादेव और मातृशक्ति के सम्मान में लंका लाघने वाले महाबली हनुमान हमारे पास है। उन्होंने कहा कि समाज की स्थिति को देखते हुए संघ संस्थापक डॉ हेडगेवार जी ने संघ की स्थापना की थी। उन्होंने कहा कि डॉ साहब जन्मजात देशभक्त थे और उन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए निरंतर कार्य किया। संघ की स्थापना के समय पूज्य डॉक्टर साहब ने कहा था कि हमें देश,समाज,धर्म, संस्कृति लिए जीने वाले लोग चाहिए। संघ संस्थापक डॉक्टर हेडगेवार कभी नकारात्मक भाव नहीं रखते थे उनकी सोच सकारात्मक थी वह हमेशा कहा करते थे कि हिंदुओं को सद्गुणों से पूर्ण कीजिए। संघ शाखा के माध्यम से सद्गुणों से युक्त स्वयंसेवकों के निर्माण का कार्य कर रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की कार्य पद्धति हमें जीना सिखाती है। संघ के स्वयंसेवक राष्ट्रीय एवं समाज हित में निरंतर कार्य कर रहे हैं।

## उत्थान आडिटोरियम में आयोजित हुआ नामित सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह

**बहराइच ।** कपूरथला परिसर स्थित उत्थान मल्टीपर्पज आडिटोरियम में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में सांसद बहराइच डॉ. आनन्द गोंड, सदर विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल, पूर्व सांसद अक्षयवर लाल गोंड, भाजपा

जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष श्यामकरन टेकड़ीवाल, निर्वाचित सभासदगण की मौजूदगी में नगर पालिका परिषद, बहराइच अन्तर्गत शासन द्वारा नामित सभासदों फीगंज निवासी नितिन रूपानी, चिक्कीपुरा नि. सुनील श्रीवास्तव, घसियारीपुरा नि. रीति निगम, गुदड़ी नि. बैजनाथ रस्तोगी व विपिन यज्ञसैनी को नगर पालिका परिषद बहराइच की अध्यक्ष श्रीमती सुधा देवी द्वारा विधिवत शपथ ग्रहण कराया गया। शपथ ग्रहण समारोह में नामित सदस्यगणों द्वारा नगर के सर्वांगीण विकास के प्रति अपनी-अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की गयी। इस अवसर पर गणमान्य व संभ्रान्तजन, नगर पालिका परिषद बहराइच की अधिशासी अधिकारी प्रमिता सिंह व अन्य अधिकारी तथा कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## जिन्हें आता नहीं है ढंग से हस्ताक्षर करना, वही संसद में मेरे देश की तकदीर लिखते.....

**बाराबंकी।** असैनी मोड़ स्थित एलपीएस स्कूल सभागार मे प्रबुद्ध वर्ग विचार गोष्ठी, कवि सम्मेलन और प्रतिभा सम्मान समारोह का शुभारम्भ चैयरमैन व सांसद प्रतापगढ़ डा0 एस0पी सिंह, मुख्य प्रशासिका कांति

- **प्रबुद्ध वर्ग विचार गोष्ठी, कवि सम्मेलन और प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न**

सिंह, प्रबन्ध निदेशक सुशील कुमार ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम मे पीसीएस प्रियंका वर्मा, समीक्षा अधिकारी सचिवालय मोनिका गौतम, संजना सिंह को चेयरमैन व सांसद प्रतापगढ़ डॉ सिंह ने मोमटो देकर सम्मानित किया। कवि सम्मेलन मे कवि शिव कुमार व्यास के संचालन में कवि प्रदीप महाजन ने अपनी कविताओं से मंत्रमुग्ध किया। हास्यकवि अजय प्रधान ने पढ़ा जिन्हें आता नहीं है ढंग से हस्ताक्षर करना, वही संसद में मेरे देश की तकदीर लिखते हैं। साहित्यकार प्रदीप सारंग ने माँ पिता को नमन करते हुए पढ़ा नमन उनको जिन्होंने खुद हमारे तन को ढाला है। डॉ अम्बरीष अम्बर ने पढ़ा एस पी तुम्हें कहूँगा शिवपाल कहूँगा, शिक्षा समाज का दृढ़ कोतवाल कहूँगा, कवि हूँ दबाव में कुछ कहता नहीं कभी, कहना पड़ा तो सत्य बेमिशाल कहूँगा। उन्नाव से आये स्वयं श्रीवास्तव ने पढ़ा पत्थर की चमक है न नगीने की चमक है, चेहरे पे सीना तान के जीने की चमक है, पुरखों से विरासत में हमे कुछ न मिला था, जो दिख रही है खून पसीने की चमक है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रितु सिंह, मीड़िया प्रभारी विजय मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# दीप प्रज्ज्वलित कर खाद्य और रसद राज्यमंत्री ने किया बाराबंकी महोत्सव का समापन

**बाराबंकी।** नगरपालिका परिषद प्रागंण मे चल रहे बाराबंकी महोत्सव मे क्विज, चित्रकला, गायन प्रतियोगिता एंव गजल नाइट का शुभारम्भ मुख्य अतिथि खाद्य एंव रसद राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि राज्यमंत्री श्री शर्मा को महोत्सव

- **उत्कृष्ट कार्य करने वाले डा0 शैलेन्द्र राज सिंह सहित समाजसेवी हुए सम्मानित**
- **गजल नाइट में अपर जिजा जज ने अपनी रूहानी आवाज से प्रेम और विरह की भावनाओं को किया जीवंत**
- **ठुकराओ या कि प्यार करो मैं नशे में हूँ.....**

ऑगेर्नाइजिंग कमेटी अध्यक्ष फरहान आमीन सिद्दीकी, कार्यक्रम कोर्डिनेडर सहर जावेद फारुकी, बाराबंकी चैपाल ग्रुप प्रबन्धक शहाना इरफान, समाजसेवी सोमैय्या किदवाई, मीड़िया प्रभारी फराज अहमद खान व श्रीनिवास त्रिपाठी, रंगमंच कलाकार व अभिनेता शरद राज सिंह ने संयुक्त रुप से बूके व अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम मे क्विज प्रतियोगिता मे जूनियर वर्ग मे प्रथम सफवान अमीन, द्वितीय हिंसा फातिमा, तृतीय अरहम अहमद, सीनियर वर्ग मे प्रथम सैय्यद मोमिन मुस्तफा, द्वितीय मो0 अदील, तृतीय रक्षित सिंह, चित्रकला प्रतियोगिता जूनियर वर्ग मे प्रथम सफवान, द्वितीय अरहम अहमद, तृतीय दर्शिका पटेल, सीनियर वर्ग मे प्रथम आलिया फातिमा, द्वितीय अनवेशिका बाजपेई, तृतीय अयाना फातिमा को मुख्य अतिथि राज्यमंत्री ने मोमटो व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। तो वही समाज में गरीबो और लाचारो की सेवा करने वाले डा0 शैलेन्द्र राज सिंह को सामाजिक कार्यों के लिये मोमटो देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा लावारिस लाशों के अन्तिम संस्कार के लिए अतीकुर्हमान, यातायात प्रभारी रामयतन यादव सहित विभिन्न समाजसेवियो को उत्कृष्ट कार्यो के लिये सम्मानित किया गया। महोत्सव मे साइबर सेल टीम द्वारा कार्यशाला आयोजित कर साइबर एक्सपर्ट आरक्षी राजन यादव ने आमजन को डिजिटल अपराधों के प्रति जागरुक कर बचाव व उपायो के बारे जानकारी दी।

देर शाम गजल नाइट मे मुख्य अतिथि अपर जनपद न्यायाधीश श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह ने अपनी गायकी से समा बाधा। उन्होने ह्यठुकराओ या कि प्यार करो मैं नशे में हूँ, जो चाहो मेरे यार करों मैं नशे में हूँ, होश वालों को क्या खबर आशिकी क्या चीज है, वो कागज की कश्ती वो बारिश का पानी, होश वालों खबर क्या बेखुदी क्या चीज है, इश्क कीजे फिर समझिए जिंदगी क्या चीज है, आंखों में नमी हंसी लबों पर, क्या हाल है क्या दिखा रहे हो, क्या गम है जिसको छुपा रहे हो क्या गम है जिसको छुपा रहे हो जैसे लोकप्रिय गजले एंव गीत गाये। इसके अतिरिक्त प्रभात नारायण दीक्षित, आमीन जावेद फारुकी गायको ने रूहानी आवाज, क्लासिक और आधुनिक गजलों के माध्यम से प्रेम और विरह की भावनाओं को जीवंत कर दिया।

समापन कार्यक्रम मे ऑगेर्नाइजिंग कमेटी अध्यक्ष श्री सिद्दीकी ने महोत्सव को ऐतिहासिक, भव्य और सफल बनाने में सहयोग देने वाले हर एक व्यक्ति एंव पत्रकारो के प्रति बाराबंकी चैपाल की ओर से आभार व्यक्त किया।

## अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में स्पार्क कालेज में आयोजित हुआ कार्यक्रम

बहराइच 13 अप्रैल। मा. राज्य मंत्री स्वतन्त्र प्रभार समाज कल्याण विभाग असीम अरूण के निर्देश पर बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की 134वीं जन्म-जयन्ती के अवसर पर स्पार्क कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंस एंड नर्सिंग में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कालेज के शिक्षण स्टाफ के साथ-साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया।

भाजपा महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष डॉ. अभिलाषा वर्मा ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। डॉ. वर्मा ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डॉ. अम्बेडकर के जीवन संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहब द्वारा सामाजिक समानता, शिक्षा और न्याय के क्षेत्र में किये गये कार्य आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राओं द्वारा बाबा साहब द्वारा निर्मित भारतीय संविधान की विशेषताओं, उसकी एकता और अखंडता बनाए रखने में उसकी भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। सहायक प्रबंधक देव व्रत शर्मा ने कहा कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि देश के प्रत्येक नागरिक के अधिकारों और कर्तव्यों का मार्गदर्शक है। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## 3 जुलाई से शुरू अमरनाथ यात्रा में स्वास्थ्य परीक्षण कराने उमड़ा श्रद्धालुओं का जत्था

जिला संवाददाता

**बाराबंकी।** आगामी 3 जुलाई से शुरू हो रही अमरनाथ यात्रा की तैयारी को लेकर श्री बफार्नीश्वर सेवा समिति के तत्वाधान मे सीएमओ कार्यालय पर अमरनाथ यात्रियो का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 राजीव सिंह के नेतृत्व में डॉ0 पंकज चैधरी, डॉ0 निशांत प्रकाश, डॉ0 आफताब अंसारी, एआरओ महेंद्र सिंह की टीम द्वारा किया गया। शिविर मे श्री बफार्नीश्वर सेवा समिति अध्यक्ष कैलाश नाथ शर्मा की टीम ने स्वास्थ्य परीक्षण कर रही डाक्टरो की

- **बर्फानीश्वर सेवा समिति सदस्यों ने डिप्टी सीएमओ व चिकित्सको को मोमटो व अंगवस्त्र देकर किया सम्मानित**
- **20 जून को जनपद से बालटाल के लिए रवाना होगा समिति का लंगर**

टीम को मोमटो व अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। सीएमओ कार्यालय में चल रहे स्वास्थ्य परीक्षण कैंप में उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सिंह ने बताया कि विगत तीन दिवस से प्रतिदिन लगभग 1000 की संख्या में श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। वही सीएमओ डॉक्टर अवधेश यादव ने बताया कि इस वर्ष लगभग 10000 से अधिक श्रद्धालु अमरनाथ यात्रा पर जाएंगे जिनके मेडिकल चेकअप के लिए डॉक्टरों की संख्या में बढ़ोतरी की गई है। समिति के अध्यक्ष श्री शर्मा ने बताया कि जम्मू कश्मीर के राज्यपाल मनोज सिन्हा ने यात्रा की आधिकारिक घोषणा कर दी है। यह यात्रा 3 जुलाई से शुरू होगी। जिसके क्रम में श्री बफार्नीश्वर सेवा समिति बाराबंकी का सुप्रसिद्ध भंडारा जनपद से विधिवत पूजन अर्चन के साथ 20 जून दिन शनिवार को रवाना किया जाएगा। इस दौरान प्रशांत सिंह, जयप्रकाश श्रीवास्तव, विजय गुप्ता, रमेश तिवारी, अमरेश शुक्ला, सुनील राठौर, मुकेश द्विवेदी आदि सेवादार मौजूद रहे।

## सुंदरीकरण से निखरेगी गुलाबबाड़ी, सुबह टहलने वालों के लिए खास इंतजाम

अयोध्या। ऐतिहासिक गुलाबबाड़ी का 297 लाख रुपये की लागत से व्यापक सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है। इस परियोजना के अंतर्गत पाथवे निर्माण, क्लैडिंग, बाउंड्री वॉल, ग्रिल पेंटिंग, हॉर्टिकल्चर कार्य, आकर्षक लाइटिंग, बैठने की व्यवस्था, बच्चों के लिए झूले तथा ओपन जिम की सुविधा विकसित की जाएगी। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से अनुमति मिलने के बाद कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने स्थल का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि गुलाबबाड़ी अयोध्या की ऐतिहासिक धरोहर है और इसके सौंदर्यीकरण से न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय लोगों को भी बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि यहां प्रतिदिन मॉर्निंग वॉक करने आने वाले लोगों के लिए सुगम और सुरक्षित पाथवे, बैठने की व्यवस्था तथा स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित किया जाएगा। इससे उनकी दिनचर्या अधिक सुविधाजनक और स्वास्थ्यप्रद बनेगी।विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए, ताकि आमजन जल्द से जल्द इन सुविधाओं का लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। अवर अभियंता दीपाशुं वर्मा ने बताया कि एएसआई की अनुमति के उपरांत कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है और इसे छह माह के भीतर पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## जनता दर्शन में पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा सुनी गई जन समस्याएं,

**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक महोदय बहराइच श्री विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित *जनता दर्शन* में आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा प्रत्येक शिकायत का संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि प्रकरणों की निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध जांच सुनिश्चित करते हुए उनका त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। साथ ही निर्देश दिये गये कि शिकायतों के निस्तारण में संवेदनशीलता एवं उत्तरदायित्व का विशेष ध्यान रखा जाए, जिससे आमजन को प्रभावी राहत मिल सके। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी, क्षेत्राधिकारी पयागपुर श्रीमती हर्षिता तिवारी उपस्थित रहे।

संक्षेप

## टाटा मोटर्स ने बिलियनई मोबिलिटी को सौंपी इलेक्ट्रिक प्राइमा ई.55एस की पहली खेप

मुंबई। टाटा मोटर्स ने आज बिलियनई मोबिलिटी को 'प्राइमा ई.55एस' इलेक्ट्रिक प्राइम मूवर्स की डिलीवरी शुरू कर दी है। इसके साथ ही, कंपनी ने 250 अतिरिक्त इलेक्ट्रिक प्राइम मूवर्स का ऑर्डर मिलने की भी घोषणा की है, जो भारी माल ढुलाई के क्षेत्र में 'शून्य उत्सर्जन' वाले ट्रकों की बढ़ती मांग को दशार्ता है। इन ट्रकों की डिलीवरी चरणबद्ध तरीके से की जाएगी और इन्हें गुजरात, राजस्थान, तमिलनाडु, कर्नाटक, महाराष्ट्र, दिल्ली-एनसीआर और हरियाणा के प्रमुख फ्रेट कॉरिडोर्स (माल ढुलाई मार्गों) पर तैनात किया जाएगा। इससे स्टील, सीमेंट और अन्य औद्योगिक सामानों की लंबी दूरी की आवाजाही में मदद मिलेगी। बिलियन इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में हमारा फोकस ऐसे इलेक्ट्रिक कमर्शियल वाहनों पर है जिनका उपयोग शहरों के बीच के रूट्स पर भारी माल ढुलाई के लिए भरोसेमंद तरीके से किया जा सके। हम टाटा मोटर्स के साथ एक रणनीतिक साझेदारी कर रहे हैं और हमारा लक्ष्य अगले 6 से 18 महीनों में भारत में हैवी-ड्यूटी लॉजिस्टिक्स के लिए 1,500 इकाइयां है। हम हर महीने योजनाबद्ध तरीके से ट्रकों की तैनाती को तेज करना चाहते हैं। टाटा प्राइमा ई.55एस बेहतरीन प्रदर्शन, विश्वसनीयता और परिचालन क्षमता प्रदान करता है।

## एआई प्लस स्मार्टफोन नोवा 2 की बिक्री 14 से

नयी दिल्ली। एआई प्लस स्मार्टफोन ने अपनी नई नोवा सीरीज के अंतर्गत अपने नवीनतम डिवाइस नोवा 2 की बिक्री शुरू करने की घोषणा की है। रोजमर्रा की भरोसेमंद उपयोगिता और आकर्षक व्यक्तिगत शैली को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया नोवा 2, 14 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से विशेष रूप से फ्लिपकार्ट और चुनिंदा रिटेल स्टोर्स पर उपलब्ध होगा। नोवा सीरीज हमारे लिए अब तक का सबसे सशक्त प्रदर्शन है, जो दशार्ता है कि एआई प्लस क्या प्रतिनिधित्व करता है – ऐसी तकनीक जो सुलभ, भरोसेमंद और रोजमर्रा के उपयोग के लिए बनाई गई है। नोवा 2 के साथ हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि जो उपयोगकर्ता पहली बार अपग्रेड कर रहे हैं या एआई प्लस में स्विच कर रहे हैं, उन्हें बिना किसी समझौते के उनकी सभी जरूरतें पूरी हों। हम 14 अप्रैल को बिक्री शुरू करने के लिए उत्साहित हैं और अधिक उपयोगकताओं को एआई प्लस इकोसिस्टम से जोड़ना चाहते हैं।

## टोयोटा ने इंडिया स्किल्स नेशनल प्रतियोगिता 2025-26 में 9 मेडल जीतकर चमक बिखेरी

बेंगलुरु। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने आज इंडिया स्किल्स नेशनल प्रतियोगिता 2026 में अपनी टीम के विजेताओं की घोषणा की। यह जीत कंपनी की स्किल एक्सीलेंस और युवा सशक्तिकरण के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। टीएमके प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय स्तर पर सात स्किल कैटेगरी में कुल 5 गोल्ड, 3 सिल्वर और 1 ब्रॉन्ज मेडल हासिल किए।भारत का प्रमुख व्यावसायिक उत्कृष्टता मंच, इंडिया स्किल्स 2025-26 ने देशभर से आए श्रेष्ठ प्रतिभाओं की भागीदारी देखी। राष्ट्रीय स्तर पर टीएमके के 14 टीम मेंबरों ने सात स्किल्स में भाग लिया। प्रतियोगिताएं दिल्ली, बेंगलुरु और चेन्नई में आयोजित की गईं। विजेताओं में दीपु एम. एस. और जयंथ के ने मेकेट्रॉनिक्स में गोल्ड मेडल हासिल किया।

## युवाओं में तंबाकू सेवन में लगातार गिरावट

नयी दिल्ली। यू.एस फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन ने बिना किसी टिप्पणी के 2025 नेशनल यूथ टोबैको सर्वे (एनवाईटीएस) के डेटा जारी किया है।इसमें अमेरिका में मिडिल और हाई स्कूल के स्टूडेंट्स में टोबैको और निकोटीन के इस्तेमाल में लगातार गिरावट देखी गई है। ये नतीजे दशार्ते हैं कि युवाओं में वेपिंग की दर लगातार तीसरे साल कम हुई है, जिससे पिछले कुछ सर्वे में देखे गए गिरावट के रुझान की पुष्टि होती है। स्कूलों में किए जाने वाले इस वार्षिक सर्वे में कक्षा 6 से कक्षा 12 तक के स्टूडेंट्स के बीच धूम्रपान के उपयोग, दृष्टिकोण और प्रो एवं एंटी टोबैको मैसेजिंग के एक्सपोजर का राष्ट्रीय डेटा एकत्रित किया जाता है।2025 एनवाईटीएस सर्वे के अनुसार, तम्बाकू का सेवन साल 2024 में 8.1 प्रतिशत से घटकर 7.5 प्रतिशत रह गया। ई-सिगरेट का उपयोग गिरकर 5.2 प्रतिशत तक पहुँच गया, जो पिछले दस सालों में सबसे कम है। धूम्रपान का स्तर 1.4 प्रतिशत पर बना हुआ है।

# सेंसेक्स में 703 अंकों की गिरावट




मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 703 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी 208 अंक के नुकसान में रहा। अमेरिका और ईरान के बीच समझौते के लिए बातचीत विफल होने के साथ संघर्ष लंबे समय तक जारी रहने की चिंता में कच्चे तेल के दाम में तेजी के बीच बाजार में गिरावट आई।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 702.68 अंक यानी 0.91 प्रतिशत टूटकर 76,847.57 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह।,681.93 अंक लुढ़क कर 75,868.32 अंक पर आ गया था। एनएसई निफ्टी भी 207.95 अंक यानी 0.86 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,842.65 अंक पर बंद हुआ। बाजारों को पिछले सप्ताह के युद्धविराम समझौते से सीमित समर्थन मिल रहा है। चुनिंदा लिवाली के साथ-साथ गिरावट पर खरीदारी देखने को मिल रही है। अमेरिका-ईरान वार्ता के विफल होने के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य में अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी की घोषणा पर शुरुआती नकारात्मक प्रतिक्रिया के बावजूद यह देखने को मिल रहा है।हालांकि, वार्ता विफल होने से कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गयी है। कच्चे तेल की ऊंची कीमतें मुद्रास्फीति, मुद्रा स्थिरता और वृहद आर्थिक संतुलन को लेकर चिंताएं बढ़ा रही हैं, जिससे कुल मिलाकर बाजार धारणा पर दबाव पड़ रहा है। सेंसेक्स की कंपनियों में मारुति, इंटरग्लोब एविएशन, बजाज फाइनेंस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एचडीएफसी बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाली शेयरों में आईसीआईसीआई बैंक, एनटीपीसी और एक्सिस बैंक शामिल हैं। अमेरिका-ईरान वार्ता विफल होने के बाद बढ़ते वैश्विक तनाव के कारण शेयर बाजार में गिरावट देखी गई। इससे कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल आया और वैश्विक बाजार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा। अमेरिका और ईरान के बीच पाकिस्तान में हुई ऐतिहासिक 21 घंटे की वार्ता का कोई नतीजा नहीं निकला। इससे दो सप्ताह के युद्धविराम का भविष्य अनिश्चित हो गया है। इसके साथ वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 7.73 प्रतिशत बढ़कर 102.6 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में गिरावट का रुख था। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को मिले-जुले रुख के साथ बंद हुए थे। बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक में 0.82 प्रतिशत और स्मॉलकैप में 0.33 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

बीएसई में सूचीबद्ध शेयरों में से 2,573 में गिरावट आई जबकि।,790 लाभ में रहे। वहीं 201 के भाव अपरिवर्तित रहे।

# रुपया 56 पैसे टूटकर 93.39 प्रति डॉलर पर

मुंबई। रुपया सोमवार को 56 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 93.39 (अस्थायी) पर बंद हुआ। अमेरिका-ईरान शांति वार्ता विफल होने से पश्चिम एशिया में अनिश्चितता का माहौल छा गया जिससे कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आई और वैश्विक स्तर पर डॉलर की मांग बढ़ गई।

विदेशी मुद्रा विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिका के ईरानी बंदरगाहों की नाकाबंदी करने की घोषणा के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य के खुलने को लेकर अनिश्चितताओं ने घरेलू बाजारों से विदेशी पूंजी की निकासी को और तेज कर दिया जिससे भारतीय मुद्रा कमजोर हो गई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, डॉलर के मुकाबले 93.30 पर खुला। कारोबार के दौरान यह 93.40 के निचले स्तर तक गया और 93.25 के उच्च स्तर तक आया। अंत में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले यह 93.39 (अस्थायी) पर रहा जो पिछले बंद भाव से 56 पैसे की गिरावट है। रुपया शुक्रवार को 32 पैसे टूटकर 92.83 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।सप्ताहांत में अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता विफल होने के कारण वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की प्रवृत्ति से रुपये में गिरावट आई। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और डॉलर की मजबूती ने भी घरेलू मुद्रा पर दबाव डाला। अमेरिकी डॉलर के मजबूत रुख और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल से रुपया और कमजोर पड़ सकता है। विदेशी निवेशक भी पूंजी बाजारों से बिकवाली जारी रख सकते हैं। डॉलर के मुकाबले रुपये का हाजिर भाव 93 से 93.80 के बीच रहने का अनुमान है। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.32 प्रतिशत की बढ़त के साथ 98.75 पर रहा। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 7.69 प्रतिशत की बढ़त के साथ 102.52 डॉलर प्रति बैरल रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) शुक्रवार को लिवाल रहे थे और उन्होंने 672.09 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

## इंदौर एसईजेड का निर्यात 10.50 प्रतिशत बढ़कर 14000 करोड़ रुपये के पार

इंदौर (मध्यप्रदेश)। अमेरिका की शुल्क नीतियों और पश्चिम एशिया के संघर्ष के बीच वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान इंदौर के विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) का निर्यात करीब 10.50 प्रतिशत के इजाफे के साथ 14,302 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने दावा किया कि आयातकों के पुराने ऑर्डर के कारण मार्च के दौरान पश्चिम एशिया के संघर्ष का इंदौर एसईजेड के निर्यात पर खास असर नहीं देखा गया। उन्होंने बताया कि इंदौर एसईजेड से होने वाले निर्यात में करीब 70 प्रतिशत हिस्सेदारी दवाओं की रहती है और अमेरिका इन दवाओं के शीर्ष आयातकों में शुमार है। अधिकारी के मुताबिक, अलग-अलग उत्पादों के कारखानों वाले एसईजेड से वित्त वर्ष 2024-25 में 12,948 करोड़ रुपये का निर्यात किया गया था। अधिकारी ने बताया कि यह विशेष आर्थिक क्षेत्र इंदौर से करीब 30 किलोमीटर दूर पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में 572 हेक्टेयर में फैला है। उन्होंने बताया कि एसईजेड में दवा, पैकेजिंग सामग्री, इंजीनियरिंग, वस्त्र निर्माण और खाद्य प्रसंस्करण समेत अलग-अलग क्षेत्रों के 59 संयंत्र चल रहे हैं जिनमें से 22 इकाइयां अकेले दवा क्षेत्र की हैं।

## विश्व बैंक ने 22.5 करोड़ डॉलर के ऋण को दी

नयी दिल्ली। विश्व बैंक ने सोमवार को राजस्थान में राजमार्ग आधुनिकीकरण परियोजना के लिए 22.5 करोड़ डॉलर के ऋण को मंजूरी दी है। इस परियोजना से 30 लाख से अधिक लोगों को लाभ होगा, सड़क संपर्क बेहतर होगा और रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

विश्व बैंक के कार्यकारी निदेशक मंडल ने इस नई परियोजना को मंजूरी दी है, जिसका उद्देश्य राजस्थान में राजमार्गों की दक्षता, मजबूती और सुरक्षा को बेहतर बनाना है। यह परियोजना कृषि, उद्योग, खनन और पर्यटन क्षेत्रों के आर्थिक गलियारों में बेहतर संपर्क के जरिये रोजगार सृजन को बढ़ावा देगी। राजस्थान देश के सबसे बड़े राज्यों में से एक है और यह भारत के करीब 40 प्रतिशत बाजारों को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण प्रवेश द्वार है। वित्त वर्ष 2015-16 से 2023-24 के बीच राज्य की औसत वार्षिक वृद्धि दर 11 प्रतिशत रही है, लेकिन सड़क ढांचा इस गति से विकसित नहीं हो पाया है। बयान में कहा गया, राजस्थान राजमार्ग आधुनिकीकरण परियोजना (22.5 करोड़ डॉलर) के तहत राजस्थान राज्य राजमार्ग प्राधिकरण को एक आधुनिक और सेवा-उन्मुख राजमार्ग संस्था में बदलने में सहायता दी जाएगी। इसके साथ ही करीब 800 किलोमीटर चयनित राजमार्ग गलियारों का उन्नयन और रखरखाव किया जाएगा, जिससे वे अधिक सुरक्षित, जलवायु के अनुकूल और यात्रियों के लिए भरोसेमंद बन सकें। इस परियोजना में सड़क सुरक्षा प्रबंधन को बेहतर बनाने पर विशेष जोर दिया जाएगा, ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और पूरे राजस्थान में सड़क सुरक्षा में सुधार हो। इसमें कहा गया कि इंटरनेशनल बैंक फॉर रिकंस्ट्रक्शन एंड डेवलपमेंट (आईबीआरडी) से मिलने वाले 22.5 करोड़ डॉलर के ऋण की अवधि 35 वर्ष होगी।

## भारत का बिहाइंड-द-मीटर स्थिर ऊर्जा भंडारण बाजार 2033 तक 39 गीगावाट-घंटे से होगा

नयी दिल्ली। देश का ऊर्जा भंडारण क्षेत्र अगले दशक में तेजी से बढ़ने की राह पर है जिसमें बिहाइंड-द-मीटर (बीटीएम) स्थिर भंडारण बाजार की वार्षिक मांग 2025 में 32 गीगावाट घंटे से बढ़कर 2033 तक 39 गीगावाट घंटे से अधिक होने का अनुमान है। एक रिपोर्ट में यह बात कही गई।

बीटीएम से तात्पर्य बिजली मीटर के उपभोक्ता पक्ष में स्थापित ऊर्जा उत्पादन या भंडारण प्रणालियों से है। ये प्रणालियां जैसे रूफटॉप सोलर या बैटरी, सीधे उपभोक्ता की आवश्यकताओं को पूरा करती हैं और ग्रिड के बजाय सीधे परिसर के विद्युत नेटवर्क से जुड़ी होती हैं जिससे बिजली बिल में कमी आती है और विश्वसनीयता बढ़ती है। इंडिया एनर्जी स्टोरेज अलायंस की रिपोर्ट के अनुसार, बीटीएम तंत्र में उपभोक्ता के मीटर से परे उसके परिसर में ही स्थापित ऊर्जा उत्पादन एवं भंडारण प्रणाली शामिल होती हैं। इनमें छत पर सौर संयंत्र, बैटरी स्टोरेज, साथ ही यूपीएस, इन्वर्टर व टेलीकॉम टावर के साथ स्थापित बैकअप बैटरी प्रणाली शामिल हैं। ये प्रणाली ग्रिड से गुजरे बिना ही उत्पादित या संग्रहीत ऊर्जा के सीधे उपयोग की सुविधा देती है। भारत में अधिक व्यवसाय एवं उपभोक्ता बढ़ते बिजली शुल्क को नियंत्रित करने और भरोसेमंद बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए ऑन-साइट ऊर्जा भंडारण की ओर रुख कर रहे हैं।

# ईरानी कच्चे तेल की भारत में सात साल बाद वापसी

नयी दिल्ली। ईरानी कच्चा तेल लेकर आए दो बड़े टैंकर भारत के पूर्वी एवं पश्चिमी तट के बंदरगाहों पर पहुंच गए हैं जो लगभग सात वर्ष में ऐसी पहली आपूर्ति है। जहाज-ट्रैकिंग विवरण से यह जानकारी मिली।

नेशनल ईरानियन टैंकर कंपनी द्वारा संचालित फेलिसिटी नामक एक बेहद बड़ा कच्चा तेल वाहक जहाज ने रविवार देर रात गुजरात तट के सिक्का के पास लंगर डाला। इसमें करीब 20 लाख बैरल कच्चा तेल है जिसे मार्च के मध्य में खार्ग द्वीप से लादा गया था। दूसरा टैंकर जया लगभग उसी समय ओडिशा तट के पारादीप के पास पहुंचा। यह भी करीब करीब समान मात्रा में कच्चा तेल लेकर आया है जिसे फरवरी के अंत में खार्ग द्वीप से लादा गया था। यह तेल अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर सैन्य हमले करने और तेहरान की ओर से जवाबी कार्रवाई किए जाने से पहले लादा गया था। करीब सात वर्ष में भारतीय तटों पर पहुंचने वाली ये ईरानी कच्चे तेल की पहली खेप हैं जो पिछले महीने अमेरिका द्वारा जारी प्रतिबंध छूट के बाद संभव हो सकी हैं। एक महीने की इस छूट के तहत समुद्र में पहले से मौजूद ईरानी तेल की बिक्री की अनुमति दी गई थी, जिसका उद्देश्य वैश्विक आपूर्ति में व्यवधान को कम करना और कीमतों को नियंत्रित करना था। सप्ताहांत में शांति वार्ता विफल होने के बाद हालांकि अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों की नाकाबंदी की घोषणा की है ताकि तेहरान के तेल निर्यात राजस्व को सीमित किया जा सके। भारतीय तटों पर पहुंची इन खेपों के खरीदारों का औपचारिक खुलासा नहीं किया गया है। पारादीप बंदरगाह मुख्य रूप से इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन द्वारा संचालित है जिसने छूट के तहत कम से कम एक ईरानी खेप खरीदने की पुष्टि की है। वहीं, सिक्का क्षेत्र रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन के लिए एक प्रमुख कच्चा तेल हैंडलिंग केंद्र है जिनकी यहां बुनियादी सुविधाएं मौजूद हैं। छह लाख बैरल ईरानी कच्चा तेल के साथ पिछले महीने के अंत में गुजरात के वाडिनार के लिए रवाना हुआ था लेकिन भुगतान संबंधी समस्याओं के कारण इसे बीच रास्ते में चीन की ओर मोड़ दिया गया था। यदि यह वाडिनार पहुंच जाता, तो यह सात वर्ष में भारत पहुंचने वाली ईरानी तेल की पहली खेप होती। भारत ऐतिहासिक रूप से ईरानी कच्चे तेल का बड़ा खरीदार रहा है और रिफाइनरियों की अनुकूलता तथा सहायक व्यावसायिक शर्तों के कारण ईरान के हल्के और भारी दोनों प्रकार के तेल का आयात करता रहा है। वर्ष 2018 में प्रतिबंध सख्त होने के बाद मई 2019 से आयात बंद हो गया और इसकी जगह पश्चिम एशिया, अमेरिका तथा अन्य स्रोतों से आपूर्ति होने लगी।

# दिल्ली में चांदी 1800 रुपये टूटी और सोना 300 रुपये कमजोर

नयी दिल्ली। कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमतें 1800 रुपये घटकर 2.45 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गईं, जबकि सोना घटकर 1.55 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी शुक्रवार के 2,47,000 रुपये प्रति किलोग्राम के बंद स्तर से।,800 रुपये या लगभग एक प्रतिशत घटकर 2,45,200 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गई। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 300 रुपये घटकर 155,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गया। पिछले बाजार सत्र में सोने की कीमत 155,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। सप्ताहांत में अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम पर बातचीत बेनतीजा रहने के बाद सोमवार को बहुमूल्य धातु के दाम नीचे खुले। उन्होंने कहा कि बातचीत में रुकावट से बाजार धारणा पर असर पड़ा तथा डॉलर एवं बॉन्ड प्रतिफल में सुधार हुआ। डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर जयंती के कारण मंगलवार को सर्राफा बाजार बंद रहेंगे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी कीमती धातुओं की कीमतों में गिरावट आई। हाजिर चांदी 1.58 डॉलर या 2.09 प्रतिशत टूटकर 74.31 डॉलर प्रति औंस रह गई, जबकि सोना 25.92 डॉलर टूटकर 4,722.26 डॉलर प्रति औंस रह गया। अमेरिका, होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित करने के लिए सेना की तैनाती और रास्ते को 100 प्रतिशत बंद करने पर विचार कर सकता है, ऐसी खबरों के बाद सोने में मुनाफावसूली देखी गई, जिससे लंबे समय तक रुकावट और कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी होने की चिंता बढ़ गई।

## पेज एक का शेष

### खेल आयोजनों

में कुशल खिलाड़ी मिलेंगे, जबकि उनकी कुल आबादी मुश्किल से तीन करोड़ है, जो लगभग दिल्ली की आबादी के बराबर है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत में पहले खेलों को कभी भी वह अहमियत नहीं मिली जिसके वे हकदार हैं, इसलिए यह बहुत ज़रूरी है कि समाज में खेलों और एथलीटों के महत्व को सिर्फ समझा ही न जाए, बल्कि उन्हें बेहतर करने का हर मौका भी दिया जाए। सिंह ने यह भी कहा कि पिछले 10-12 सालों में भारत में खेलों के स्तर और उपलब्धियां देखकर महसूस किया जा सकता है कि पूरे माहौल में बड़ा बदलाव आया है।

रक्षा मंत्री ने पूर्ववर्ती सरकारों पर खेलों के प्रति उदासीनता बरतने का आरोप लगाते हुए कहा, एक समय था जब हमारे देश में खेलों को लेकर उदासीनता की भावना थी। बहुत कम लोग खेलों को करियर के तौर पर अपनाने के बारे में सोचते भी थे। न तो खेलों की मूलभूत सुविधाओं और न ही एथलीटों की खास जरूरतों पर ठीक से ध्यान दिया जाता था।

### दुनिया के

का उसे अच्छा दाम मिले। यह सरकार की गारंटी है और सरकार इसे पूरी तरह निभाने का काम करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे शुकदेव की इस पावन धरा पर, भारत रत्न चौधरी चरण सिंह जी व चौधरी अजीत सिंह जी की कर्मभूमि पर आज यहां लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की दिव्य प्रतिमा के अनावरण का अवसर प्राप्त हुआ है। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 350वीं जयंती गत वर्ष प्रधानमंत्री मोदी जी की प्रेरणा से पूरे देश में धूमधाम के साथ मनाई गई थी। उसी समय केंद्र और राज्य सरकार ने यह निर्णय लिया था कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की स्मृतियों को जीवंत बनाए रखने के लिए श्रमजीवी महिला छात्रावासों का निर्माण किया जाएगा। वर्तमान में प्रदेश में 14 श्रमजीवी महिला छात्रावास निमार्णाधीन हैं, जो लोकमाता की स्मृतियों की ओर हम सबका ध्यान आकर्षित करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जगन्नाथ पुरी से लेकर सोमनाथ तक, काशी विश्वनाथ से लेकर रामेश्वरम तक भारत की गुलामी के उस कालखंड में, जब मुगल आक्रांताओं के कारण व्यवस्था जकड़ी हुई थी, तब भी लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर भारत की विरासत के संरक्षण के लिए पूरी तन्मयता से कार्य कर रही थीं। न्याय और सुशासन का आदर्श मॉडल कैसा होता है, यह लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने भारत को दिखाया। वह मालवा की शासक थीं, लेकिन पूरे देश की सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण के लिए समर्पित रहीं। आज का काशी विश्वनाथ मंदिर उसी का उदाहरण है, जिसका पुनर्निर्माण लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने कराया था, जब औरंगजेब ने उसे ध्वस्त कर दिया था। लोकमाता अहिल्याबाई को हर सच्चा भारतीय नमन करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकमाता का जो योगदान है, चौधरी साहब का जो योगदान है, वह जाति के लिए नहीं है, व्यक्ति के लिए नहीं है, बल्कि देश के लिए है। उनके योगदान के कारण ही हम सब आज यहां हैं।

### नोएडा : वेतन

तथा प्रमुख सचिव (श्रम एवं सेवायोजन विभाग) उसके सदस्य नामित किये गये हैं। इसके अतिरिक्त सदस्य सचिव के रूप में श्रम आयुक्त (कानपुर-उप्र) को नामित किया गया है। अधिसूचना के मुताबिक श्रमिक संगठन के प्रतिनिधि के रूप में पांच सदस्य और उद्यमी संघ के प्रतिनिधि के तौर पर तीन सदस्य नामित किये जाएंगे। अधिसूचना के अनुसार यह उच्च स्तरीय समिति प्राथमिकता के आधार पर संबंधित प्रकरण का परीक्षण करते हुए अपनी रिपोर्ट शीघ्र ही शासन को प्रस्तुत करेगी।

अधिकारियों ने बताया कि फेज-2 और सेक्टर-60 स्थित विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के कर्मचारी बड़ी संख्या में सुबह एकत्र हुए और उन्होंने वेतन संशोधन की अपनी काफी समय से लंबित मांग को लेकर नारेबाजी तथा प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि श्रमिक अन्य मांगों के साथ-साथ पड़ोसी राज्य हरियाणा की तर्ज पर वेतन वृद्धि की मांग कर रहे हैं। सेक्टर-62 और सेक्टर-84 में भी मजदूरों ने सुबह से ही प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग-9 को भी जाम कर दिया जिससे गाजियाबाद के निकट दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश को जोड़ने वाले प्रमुख मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। प्रदर्शन जल्द ही हिंसक हो गया। कुछ प्रदर्शनकारियों ने संपत्ति में तोड़फोड़ की, पथराव किया और वाहनों में आग लगा दी। अधिकारियों ने बताया कि गौतम बुद्ध नगर आयुक्तालय के अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की गई है। अधिकारियों के अनुसार, वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी स्थिति पर नजर रखने के लिए मौके पर मौजूद हैं। उन्होंने बताया कि स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए प्रभावित क्षेत्रों में भारी पुलिस बल भेजा गया है। पुलिस ने एक बयान में कहा स्थिति नियंत्रण में है और लगातार निगरानी की जा रही है। कर्मचारियों को समझाने और शांति बनाए रखने के प्रयास किए जा रहे हैं। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जहां आवश्यक है, वहां न्यूनतम बल का इस्तेमाल किया जा रहा है। अधिकारियों ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की और आश्वासन दिया कि प्रभावित क्षेत्रों में सामान्य स्थिति बहाल की जा रही है। गौतम बुद्ध नगर के अतिरिक्त श्रम आयुक्त राकेश द्विवेदी ने कहा कि श्रमिक मुख्य रूप से पड़ोसी हरियाणा की तर्ज पर वेतन वृद्धि के साथ-साथ बुनियादी सुविधाओं की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा श्रमिकों की मांग है कि हरियाणा सरकार की तरह वेतन बढ़ाया जाए। इसके अलावा ओवरटाइम, भोजन और अन्य सुविधाओं से जुड़े मुद्दे भी हैं। उन्होंने बताया कि आठ अप्रैल को हरियाणा सरकार ने अकुशल श्रमिकों का न्यूनतम वेतन 11,274.60 रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 15,220 रुपये कर दिया था, जो एक अप्रैल से प्रभावी है।

### मजदूरों को

(डीजीपी) राजीव कृष्ण और एडीजी (कानून-व्यवस्था) अमिताभ यश लखनऊ स्थित पुलिस मुख्यालय के हाई-टेक कंट्रोल रूम से पल-पल की स्थिति पर नजर रख रहे हैं। डीजीपी ने सख्त लहजे में चेतावनी दी है कि माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वाले किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि श्रमिकों को भड़काने वालों की पहचान की जा रही है। बाहरी लोगों को भी चिह्नित किया जा रहा है। इस दौरान डिजिटल माध्यमों और सीसीटीवी फुटेज के जरिए उपद्रवियों की गतिविधियों की समीक्षा की गई। डीजीपी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि हिंसा भड़काने वाले तत्वों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाए। डीजीपी राजीव कृष्ण ने स्पष्ट किया कि नोएडा में शांति भंग करने के पीछे किन लोगों का हाथ है, इसकी गहन जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि नोएडा में हिंसा के लिए लोगों को उकसाने और भड़काने वाले तत्वों को लगातार चिन्हित किया जा रहा है। खुफिया एजेंसियों की मदद से उन बाहरी तत्वों की पहचान की जा रही है, जिन्होंने माहौल खराब करने की कोशिश की है।पुलिस महानिदेशक ने सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें और अफवाहें फैलाने वालों को भी चेतावनी दी है। पुलिस के साइबर सेल को सक्रिय कर दिया गया है, ताकि माहौल बिगाड़ने वालों की समय से पहचान कर संबंधित व्यक्ति पर एफआईआर दर्ज की जा सके।

### नोएडा में

कहा कि आज उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में सुरक्षा, सुशासन और सेवा का एक मजबूत मॉडल प्रस्तुत कर रही है। लेकिन जब प्रदेश विकास और शांति की ओर अग्रसर है, कुछ लोग षड्यंत्र के तहत अशांति फैलाने की चेष्टा कर रहे हैं। सीएम ने सभी औद्योगिक इकाइयों में कार्यरत कार्मिकों व श्रमिकों से अपील करते हुए कहा कि वे याद करें, कोरोना काल में सरकार किस तरह उनके साथ खड़ी रही। उस कठिन समय में सरकार ने श्रमिकों के लिए परिवहन, क्वारंटीन और भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित की, उन्हें सुरक्षित घर तक पहुंचाया। औद्योगिक अशांति पैदा करने वाले लोगों से सावधान रहें। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं सभी उद्योगों से भी इस संबंध में अपील करता हूं कि वे श्रमिकों और कार्मिकों के साथ सीधा संवाद स्थापित करें। हमारी सरकार श्रमिकों के साथ है। सरकार उद्यमियों को सुरक्षा देगी और हर श्रमिक को संरक्षण भी प्रदान करेगी, साथ ही उनका उचित मानदेय सुनिश्चित करेगी। हमने गत वर्ष ही एक कॉरपोरेशन का गठन कर दिया है और इसी महीने उसकी सिफारिशें लागू होने वाली हैं।

### ईरान ने

होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति दी जाएगी। गौरतलब है कि विश्व के 20 फीसदी कच्चे तेल का परिवहन होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर होता रहा है। ये घोषणाएं पाकिस्तान में अमेरिका और ईरान के बीच शनिवार को हुई लंबी युद्धविराम वार्ता के बिना किसी समझौते के समाप्त होने के बाद की गईं। बाद में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने युद्ध संबंधी विचारों को लेकर पोप लियो 14वें पर असाधारण रूप से निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें नहीं लगता कि पोप बहुत अच्छा काम कर रहे हैं या वह बहुत उदारवादी व्यक्ति हैं तथा उ

# हैदराबाद ने राजस्थान को 57 रन से हराया

## आईपीएल : ईशान किशन की फिफ्टी, क्लासन ने 40 बनाये, आर्चर को 2 विकेट

एजेंसी

हैदराबाद। आईपीएल 2026 का 21वां मुकाबला सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेला गया. इस मैच में हैदराबाद ने 57 रनों से शानदार जीत हासिल की. इस मैच के हीरो हैदराबाद के दो खिलाड़ी प्रफुल हिंज और साकिब रहे जिन्होंने अपने डेब्यू में कमाल कर दिया।

सनराइजर्स हैदराबाद ने 19वें सीजन के 21वें मैच में राजस्थान रॉयल्स को 217 रन का टारगेट दिया था। हैदराबाद के होम ग्राउंड राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में राजस्थान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। हैदराबाद ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 216 रन बनाए। टीम ने पहली बॉल पर अभिषेक शर्मा का विकेट गंवा दिया था। यहां से ईशान किशन ने 44 बॉल पर 91 रन की पारी खेलकर टीम को 100 पार पहुंचाया। उनकी पारी में 4 चौके और 6 छक्के शामिल रहे। हेनरिक क्लासन ने 40 रन का योगदान दिया। राजस्थान की ओर से जोफ्रा आर्चर ने दो विकेट झटके। संदीप शर्मा, तुषार देशपांडे और रियान पराग को एक-एक विकेट मिला। हैदराबाद और राजस्थान के बीच इस सीजन यह पहला मुकाबला है। दोनों टीमों का आज 5वां मैच है।

आरआर अब तक एक भी मैच नहीं हारी है और 4 जीत के साथ पॉइंट्स टेबल टॉप पर है। दूसरी ओर रफल 4 में से केवल 1 मैच जीती है और 3 हार चुकी है। हैदराबाद की पारी के 20वें ओवर की आखिरी बॉल पर छक्का पड़ा। सलिल अरोरा ने तुषार देशपांडे की बॉल पर छक्का लगाया। इस छक्के के सहारे सनराइजर्स ने 216 रन बनाते हुए राजस्थान को 217 रन का टारगेट दिया। 18वें ओवर में हैदराबाद ने 5वां विकेट गंवाया। यहां पर नीतीश कुमार रेड्?डी (28 रन) को जोफ्रा आर्चर ने कैच आउट कराया। उन्होंने मैच की पहली बॉल पर अभिषेक शर्मा (जीरो) को भी आउट किया। 17वें ओवर में नांद्रे बर्गर ने लगातार 4 यॉर्कर बॉल डाली। उनके इस ओवर से महज 7 रन आए। तीसरी बॉल पर सलिल अरोरा ने चौका लगाया। 15वें ओवर में हैदराबाद ने 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया। हेनरिक क्लासन ने नांद्रे बर्गर की 5वीं बॉल पर छक्का लगाकर टीम स्कोर 150 पार पहुंचाया। 14वें ओवर में हैदराबाद ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां पर ईशान किशन 44 बॉल पर 91 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें संदीप शर्मा ने अपनी ही बॉल पर कैच किया। वे कैच लेने के प्रयास में विकेटकीपर ध्रुव जुरेल से टकरा गए, लेकिन कैच नहीं छोड़ा। यहां पर फिफ्टी पार्टनरशिप ब्रेक हुई। 11वें ओवर में तुषार देशपांडे ने 21 रन खर्च कर दिए। उनकी ओवर में ईशान किशन ने 3 चौके और एक छक्का लगाया। ईशान ने ओवर की तीसरी बॉल पर दीप मिडविकेट पर छक्का लगाया और टीम का स्कोर 100 रन तक पहुंचा दिया। ओवर की आखिरी बॉल पर ईशान ने चौका लगाकर क्लासन के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी की। 10वें ओवर में ईशान किशन ने फिफ्टी पूरी की। उन्होंने 30 बॉल पर अर्धशतक लगाया। ईशान ने रवि बिश्नोई की चौथी बॉल पर डीप मिडविकेट पर छक्का लगाया और हाफ सेंचुरी पूरी की। इस ओवर में क्लासन ने भी छक्का मारा। यहां पर ट्रैविस हेड 18 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें कप्तान रियान पराग ने डोनोवन फरेरा के हाथों कैच कराया। इसी के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप ब्रेक हुई। जीरो पर पहला विकेट गंवाने के बाद हैदराबाद ने पावरप्ले में 50 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। ट्रैविस हेड और ईशान किशन ने फिफ्टी पार्टनरशिप करके टीम की वापसी कराई। 6 ओवर के बाद सनराइजर्स का स्कोर 51/1 है। अभिषेक जीरो पर आउट हुए। 5वां ओवर डाल रहे संदीप शर्मा के ओवर से 12 रन आए। उनकी चौथी बॉल पर ईशान किशन ने स्ट्रेट पर छक्का लगाया। तीसरे ओवर में जोफ्रा आर्चर की शॉर्ट लेंथ बॉल पर ईशान ने डीप मिडविकेट की दिशा में 88 मीटर का छक्का लगाया। ईशान ने उनकी दूसरी बॉल पर चौका लगाया। आर्चर ने इस ओवर में 10 रन दिए। हैदराबाद की पारी के दूसरे ओवर में नांद्रे बर्गर ने महज 4 रन दिए। उनकी चौथी बॉल पर ट्रैविस हेड ने चौका लगा। शेष 5 बॉल पर कोई रन नहीं आया। अभिषेक शर्मा का विकेट सेलिब्रेट करते राजस्थान के खिलाड़ी। जोफ्रा आर्चर ने मैच की पहली बॉल पर विकेट हासिल किया। उन्होंने अभिषेक शर्मा को रवि बिश्नोई के हाथों कैच कराया। आर्चर ने लगातार दूसरे मैच की पहली बॉल पर विकेट हासिल किया है। उन्होंने पिछले मैच में फिल सॉल्ट को आउट किया था। वहीं दूसरी ओर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के टी20 मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से मिली हार के बाद कहा कि उनकी टीम ने बीच के ओवरों में कई विकेट गंवा दिए जिससे पारी पटरी से उतर गई। आरसीबी ने रविवार को यहां मुंबई इंडियंस को 18 रन से हरा दिया। यह मुंबई की लगातार तीसरी हाथी। मैच के बाद हार्दिक ने कहा, हमने बीच के ओवरों में कई विकेट गंवा दिए जिससे हमारी पारी पटरी से उतर गई। उन्होंने कहा, पिछले कुछ मैचों से गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों में हम वापसी का प्रयास कर रहे हैं। हमें प्रयास करना होगा कि कैसे लय में वापस आए। कई सारी चीजों पर दोबारा विचार करने की जरूरत है।

# विराट कोहली ने बाबर-गेल का तोड़ा रिकॉर्ड रोहित ने मुंबई के लिए 6 हजार रन किए पूरे

**मुंबई।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल 2026 के 20वें मैच में मुंबई इंडियंस को 18 रन से हराया। वानखेड़े स्टेडियम में रविवार को विराट कोहली टी-20 में सबसे ज्यादा शतकीय साझेदारियां करने वाले बल्लेबाज बने। उन्होंने बाबर आजम और क्रिस गेल को पीछे छोड़ा। मैच में रोहित शर्मा ने भी खास उपलब्धि हासिल की। उन्होंने मुंबई इंडियंस के लिए 6000 रन पूरे किए। रजत पाटीदार ने 17 गेंदों में फिफ्टी लगाकर फउइ के लिए दूसरा सबसे तेज अर्धशतक बनाया और गेल की बराबरी की।

आरसीबी ने आईपीएल 2026 में लगातार चौथी बार 200+ स्कोर बनाया। लगातार सबसे ज्यादा 200+ स्कोर का रिकॉर्ड सनराइजर्स हैदराबाद (5 बार, 2025-26) के नाम है। पंजाब किंग्स (2023) और बेंगलुरु (2024) ने 4-4 बार यह किया था। रजत पाटीदार ने 17 गेंदों में फिफ्टी लगाकर फउइ के लिए दूसरा सबसे तेज अर्धशतक बनाया। उन्होंने क्रिस गेल की बराबरी की, जिन्होंने 2013 में 17 गेंदों में फिफ्टी लगाई थी। इस लिस्ट में टॉप पर रोमारियो शेफर्ड हैं, जिन्होंने 2025 में 14 गेंदों में यह किया था। विराट कोहली ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ सातवां 50+ स्कोर बनाकर सुरेश रैना और डेविड वॉर्नर की बराबरी की। इस लिस्ट में टॉप पर केएल राहुल हैं, जिनके नाम 9 स्कोर हैं। कोहली ने वानखेड़े में अपने टी-20 करियर का 9वां 50+ स्कोर 23 मैचों में पूरा किया। विराट कोहली टी-20 में सबसे ज्यादा शतकीय साझेदारियां करने वाले बल्लेबाज बने। उन्होंने पहले विकेट के लिए फिल सॉल्ट के साथ 120 रन जोड़े। यह कोहली की 47वीं साझेदारी थी। उन्होंने बाबर आजम और क्रिस गेल (46-46) को पीछे छोड़ा।

रोहित शर्मा ने मुंबई इंडियंस के लिए 6000 रन पूरे किए। इस लिस्ट में टॉप पर विराट कोहली हैं, जिन्होंने आरसीबी के लिए 8800+ रन बनाए हैं। तीसरे नंबर पर महेंद्र सिंह धोनी और चौथे पर सुरेश रैना हैं, जिन्होंने चेन्नई के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। मैच से पहले स्टेडियम में गायिका आशा भोसले को श्रद्धांजलि दी गई। रविवार को उनका निधन हुआ। सोमवार को अंतिम संस्कार किया जाएगा। सभी प्लेयर्स काली पट्टी बांधकर उतरे और उनके गाने बजाए गए। आशा भोसले का 92 साल की उम्र में निधन हुआ। 8वें ओवर में फिल सॉल्ट ने फिफ्टी पूरी की।

## महिला टी20 विश्व कप के लिए 82 करोड़ की रिकॉर्ड पुरस्कार राशि की घोषणा

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को आगामी महिला टी20 विश्व कप के लिए 82 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड पुरस्कार राशि की घोषणा की। इस विश्व कप का आयोजन दो महीने बाद इंग्लैंड एवं वेल्स में होगा। कुल पुरस्कार राशि में पिछले सत्र की तुलना में 10 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। टूर्नामेंट के पिछले सत्र में 10 टीमों ने भाग लिया था, लेकिन 12 जून से पांच जुलाई तक सात स्थानों पर खेले जाने वाले आगामी विश्व कप में 12 टीमें भाग लेंगी। इसका फाइनल लॉर्ड्स क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित होगा। संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित पिछले सत्र की कुल पुरस्कार राशि 7,958,077 डॉलर (लगभग 74 करोड़ रुपये) थी, जो अब बढ़कर 8,764,615 डॉलर (लगभग 82 करोड़ रुपये) हो गई है। विजेता टीम को 23,40,000 डॉलर (लगभग 21.8 करोड़ रुपये) मिलेंगे, जबकि उपविजेता को 11,70,000 डॉलर (लगभग 10 करोड़ रुपये) प्राप्त होंगे। सेमीफाइनल में हारने वाली टीमों को 6,75,000 डॉलर (लगभग 6.29 करोड़ रुपये) मिलेंगे, जबकि प्रत्येक ग्रुप मैच जीतने पर टीमों को 31,154 डॉलर (लगभग 29 लाख रुपये) मिलेंगे। आईसीसी ने यहां विज्ञप्ति में कहा, सभी 12 प्रतिभागी टीमों को कम से कम 2,47,500 डॉलर (लगभग 2.06 करोड़ रुपये) का सुनिश्चित पुरस्कार मिलेगा। टूर्नामेंट की शुरुआत 12 जून को बर्मिंघम के एडजबेस्टन में मेजबान इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच मैच से होगी।

## संक्षेप

### भारत ने यूएस ओपन पिकलबॉल चैंपियनशिप में जीते दो और स्वर्ण

नयी दिल्ली। अर्जुन सिंह और धीरेन पटेल ने फ्लोरिडा के नेपल्स में यूएस ओपन पिकलबॉल चैंपियनशिप में अपनी-अपनी एकल स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीते। अर्जुन ने एश्टन पैटरसन को सीधे सेटों में 13-11, 11-6 हराकर पुरुष एकल 5.0 का खिताब जीता। धीरेन ने 40 प्लस प्रो पुरुष एकल वर्ग में जुआन अरेया की कड़ी चुनौती से पार पाकर 11-9, 3-11, 11-9 से जीत हासिल की। धीरेन इस श्रेणी में पहले भी यूएस ओपन जीत चुके हैं और उनका अनुभव फाइनल में काफी काम आया। उन्होंने कहा, यह सबसे कड़े मुकाबलों में से एक था लेकिन मैं अपनी रणनीति पर कायम रहा और स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहा।

### हार्दिक पंड्या पर धीमी ओवरगति का जुर्माना

मुंबई। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के हरफनमौला टिम डेविड पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान अंपायर के निर्देश नहीं मानने के कारण मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना और एक डिमेरिट अंक भी लगाया गया। डेविड को आईपीएल खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों की आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन का दोषी पाया गया जबकि मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या को धीमी ओवरगति के लिये जुर्माना भरना पड़ा। आईपीएल ने एक बयान में कहा कि डेविड ने आईपीएल आचार संहिता की धारा 2.4 का उल्लंघन किया है। डेविड ने आरसीबी की पारी के दौरान दो बार गेंद अंपायर को नहीं सौंपी थी।

### सीएबी ने जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स को बंगाल प्रो टी20 लीग का साझेदार बनाया

कोलकाता। बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) ने बंगाल प्रो टी20 लीग के वाणिज्यिक, विपणन और संचालन भागीदार के रूप में जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के साथ तीन साल का अनुबंध किया है। बंगाल प्रो टी20 लीग की शुरुआत 2024 में हुई थी और इसमें पुरुष और महिला दोनों वर्ग शामिल हैं। इस प्रतियोगिता में जिला आधारित फ्रेंचाइजी टीमें हैं। यह लीग हर साल जून से अगस्त के बीच आयोजित की जाती है।

# यानिक सिनर फिर बने दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी

एजेंसी

रोम। इटली के यानिक सिनर नवीनतम एटीपी टेनिस एकल रैंकिंग में कार्लोस अल्कारेज को पछाड़कर दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी बन गए। सिनर ने मोंटे कार्लो मास्टर्स के फाइनल में स्पेन के अल्कारेज को हराकर खिताब जीता था जिसके बाद वह रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने में सफल रहे। क्ले कोर्ट पर यह सिनर का पहला बड़ा खिताब है और उन्होंने अपने सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी को हराकर यह खिताब हासिल किया। सिनर ने कहा, यह मेरे लिए काफी मायने रखता है क्योंकि इसका मतलब है कि मैं आगे बढ़ रहा हूं। यह 2026 के लिए सिनर के मुख्य लक्ष्य की ओर बढ़ाया गया पहला कदम है। उनका लक्ष्य फ्रेंच ओपन जीतकर करियर ग्रैंडस्लैम पूरा करना है। सिनर के 13350 अंक हैं जबकि अल्कारेज 13240 अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव 5555 अंक के साथ तीसरे पायदान पर हैं।

## टेबल टेनिस चैंपियनशिप में अंपायरिंग करेंगी पूजा यादव

सुलतानपुर (वीओएल)। पूजा यादव यूटीटी इंटर स्टेट जूनियर और यूथ नेशनल टेबल टेनिस चैंपियनशिप-2006 जो की न्यू मल्टीपरपज हॉल परेड ग्राउंड देहरादून में 15 अप्रैल से 23 अप्रैल 2026 को आयोजित है, पूजा यादव को उत्तर प्रदेश की तरफ से रेफरी के लिए चयनित किया गया है। सुलतानपुर से पहली बार चैंपियनशिप के लिए महिला अंपायर का चयन किया गया है। अध्यक्ष कुमार विनीत श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष डॉ रवि त्रिपाठी, क्रीडाधिकारी राजेश सोनकर टेबल टेनिस सचिव मो0 सईद, अंतर्राष्ट्रीय अंपायर आरिफ नियाज, जिला व्यायाम शिक्षक राहुल तिवारी जिला व्यायाम शिक्षिका श्रद्धा सिंह कोषाध्यक्ष अभिषेक सिंह, मुनेन्द्र मिश्रा, प्रांजली श्रीवास्तव, नेशनल खिलाड़ी रेशमा बानो आदि ने खुशी व्यक्त की है।

## महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में वैशाली दबाव में

पाफोस (साइप्रस)। शीर्ष पर अपनी बढ़त मजबूत करने का मौका गंवाने के बाद भारतीय ग्रैंडमास्टर आर वैशाली यहां कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में जब चीन की पूर्व महिला विश्व चैंपियन झोंगयी टेन से भिड़ेंगी तो दबाव में होंगी। एक अंक की बढ़त बनाने वाली वैशाली को 12वें दौर में चीन की जिनर झू के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा जिससे दोनों खिलाड़ी अब अंक तालिका में संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। चीन की गत विश्व चैंपियन वेनजुन जू को चुनौती देने वाली चैलेंजर का निर्धारण करने के लिए आयोजित इस टूर्नामेंट में आराम के अंतिम दिन के बाद वैशाली की नजरें वापसी पर टिकी होंगी। झोंगयी के अलावा वैशाली को रूस की कैटरीना लेगनो की कड़ी चुनौती का भी सामना करना होगा। कैटरीना शीर्ष पर रहने की दौड़ से बाहर हो चुकी हैं लेकिन उनकी चुनौती से पार पाना आसान नहीं होगा। कजाखस्तान की बिबिसारा असाउबायेवा भी लेगनो के खिलाफ कड़े मुकाबले में जीत के बाद खिताब की दावेदार बनीं हुई हैं जबकि यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक भी दौड़ में हैं।

# बुमराह के ओवरों के आगे भी सोचे मुंबई : डुप्लेसी

एजेंसी

मुंबई। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डुप्लेसी ने कहा कि अगर मुंबई इंडियंस को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में निरंतरता हासिल करनी है तो उसे गेंदबाजी विभाग में जसप्रीत बुमराह पर अपनी अत्यधिक निर्भरता कम करनी होगी। मुंबई इंडियंस हमेशा धीमी शुरुआत करता है।

इस बार उसने टूर्नामेंट का पहला मैच जीता लेकिन इसके बाद वह लगातार तीन मैच हार चुका है। रविवार को यहां खेले गए मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने उसके खिलाफ चार विकेट पर 240 रन बनाए। इसके जवाब में मुंबई इंडियंस की टीम पांच विकेट पर 222 रन ही बना पाई। तेज गेंदबाज बुमराह उसके लिए तुरुप का इक्का हैं, लेकिन चार मैचों में उन्हें अभी तक एक भी विकेट नहीं मिला है। डुप्लेसी का मानना है कि मुंबई इंडियंस को बुमराह के चार ओवरों से आगे के बारे में सोचना होगा और साथ ही अपने इस तेज गेंदबाज का विवेकपूर्ण उपयोग करना होगा। डुप्लेसी ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, विशेषकर बड़े स्कोर वाले मैच में आपको यह आकलन करना होगा कि बुमराह के चार ओवरों को छोड़कर बाकी गेंदबाज कितना रन दे रहे हैं।

बुमराह आमतौर पर बहुत किफायती होते हैं। मुंबई इंडियंस को इस समस्या का समाधान करना होगा। उन्होंने कहा, मुंबई इंडियंस को बुमराह का महत्वपूर्ण मौकों पर उपयोग करके उनकी क्षमता का पूरा फायदा उठाना होगा, लेकिन मजबूत बल्लेबाजी लाइनअप के दबदबे को देखते हुए यह आसान नहीं होगा। उन्हें अपनी रणनीति पर फिर से विचार करना होगा।

## पहले से बाउंसर करने की योजना नहीं बनाता : कुणाल

मुंबई। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर कुणाल पंड्या ने कहा कि वह बाउंसर करने के लिए पहले से योजना नहीं बनाते हैं।

## 2036 तक 5000 खिलाड़ियों को टॉप्स में लाने की योजना : मांडविया

नयी दिल्ली। खेल मंत्रालय ने टारगेट ओलंपिक पोडियम (टॉप्स) में पदक जीतने वाले खेलों पर फोकस रखते हुए दस साल की पदक रणनीति तैयार करके 2036 ओलंपिक तक पांच हजार खिलाड़ियों को इस योजना में शामिल करने का लक्ष्य रखा है। खेलमंत्री मनसुख मांडविया सोमवार को यहां अनौपचारिक बातचीत में कहा टॉप्स पूल को मजबूत बनाने की जरूरत है और जिन खेलों में अधिक ओलंपिक पदक दाव पर हैं, उन पर फोकस किया जाना चाहिये। उन्होंने आगे कहा, यह अध्ययन जरूरी है कि पदक जीतने के प्रयासों में कहां कमी रह जाती है और इसी के तहत पदक रणनीति तैयार की गई है। ऐसा नहीं होना चाहिये कि जिन खेलों में अधिक पदक नहीं है, उनके खिलाड़ी टॉप्स में ज्यादा संख्या में हैं और जहां पदक ज्यादा मिलने हैं, उनके खिलाड़ी नहीं हैं। मांडविया ने कहा, मसलन ओलंपिक में एक्वाटिक्स में 165 पदक, साइकिलिंग में 66 और जिम्नास्टिक में 57 पदक दाव पर होते हैं जिनके खिलाड़ी टॉप्स में नहीं हैं। पहले डेवलपमेंट समूह में इन खिलाड़ियों की संख्या बढाई जायेगी और एक ढांचागत योजना के लिये अगले पांच साल में उन्हें कोर समूह में लाया जायेगा। उन्होंने कहा अगले दस साल की पदक रणनीति के तहत 2032 तक तीन हजार और 2036 तक पांच हजार खिलाड़ियों को टॉप्स में लाने का लक्ष्य है। इसमें कोर और डेवलपमेंट समूह के बीच अनुपात 1: 5 का रहेगा।

## एसीए ने मैदानकर्मियों के लिए 25 लाख के नकद पुरस्कार की घोषणा की

गुवाहाटी। असम क्रिकेट संघ (एसीए) ने चुनौतीपूर्ण मौसम के बावजूद मौजूदा सत्र में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैचों की सफल मेजबानी करने वाले बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम के मैदानकर्मियों के लिए 25 लाख रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा की है। क्यूरेटर और मैदानकर्मियों ने यह सुनिश्चित किया कि पिच को उच्चतम मानकों के अनुरूप तैयार रखा जाए। एसीए के सचिव सनातन दास ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, मैचों के सुचारू संचालन में उनके प्रयास महत्वपूर्ण थे। इसने राष्ट्रीय स्तर पर इस मैदान की बढ़ती प्रतिष्ठा को बनाए रखने में मदद की। उन्होंने कहा संघ ने उनके योगदान को मान्यता देते हुए क्यूरेटर और मैदानकर्मियों के लिए 25 लाख रुपये के पुरस्कार की घोषणा की है। एसीए अध्यक्ष तरंगा गोगोई और सचिव दास ने टीम के पेशेवर रवैये और प्रतिबद्धता की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी मेहनत के कारण ही मैचों का सुचारू संचालन सुनिश्चित हुआ।

# गोरखपुर राउडीज फाइनल में

खेल संवाददाता

लखनऊ। गोरखपुर राउडीज ने अंतिम समय में कृष्ण द्वारा पेनाल्टी पर किए गोल की बदौलत ह्यटाटा कैपिटल यूपी प्रो हैंडबॉल लीग' में जीत की बदौलत खिताबी मुकाबले का टिकट पा लिया। यह मुकाबला काफी रोमांचक रहा क्योंकि आखिरी एक मिनट में गोरखपुर व नोएडा ब्लास्टर्स की टीमें 26-26 से बराबरी पर थी। हालांकि गोरखपुर ने यह मैच 27-26 से जीतते हुए चौथी जीत के साथ तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। दूसरी ओर मथुरा ब्रज स्टार ने अपने अंतिम लीग मैच में जीत से गोरखपुर से खिताबी भिड़ंत सुनिश्चित की। फाइनल मैच मंगलवार को शाम चार बजे से खेला जाएगा। उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में एसएन पाण्डेय खेल संस्थान ट्रस्ट द्वारा आदि योगी प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से केडी सिंह बाबू स्टेडियम के भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी बहुउद्देश्यीय हॉल में खेली जा रही लीग के पांचवें दिन कई रोमांचक मुकाबले खेले गए। आज मथुरा ब्रज स्टार ने काशी किंग्स को 31-24 से हराकर तालिका में दूसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल में प्रवेश किया। हालांकि मथुरा ब्रज स्टार और काशी किंग्स दोनों के नाम तीन-तीन जीत थी लेकिन बेहतर गोल औसत के 'एक्स-फैक्टर' का मथुरा को फायदा मिला। गोरखपुर राउडीज ने आज रोमांचक मैच में नोएडा ब्लास्टर्स को 27-26 से हराया।

- मथुरा ब्रज स्टार ने भी पक्की की जगह अब मंगलवार को होगी खिताबी भिड़ंत

टीम से मोहम्मद शूजा ने सबसे ज्यादा सात गोल किए। उनका साथ देते हुए सुनील ने 6, दीपक ने पांच, पवन ने चार व शाहरुख ने दो गोल किए। टीम के गोलकीपर विवेक पाण्डेय ने कई सुंदर बचाव करते हुए टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। वहीं नोएडा से मनकेश ने सात, मिंटू, तविया व तौसीफ ने पांच-पांच गोल किए। इस मैच मे गोरखपुर पहले हॉफ में 15-14 से आगे थी। अंतिम पल तक रोमांचक रहे इस मैच में जब एक मिनट का समय बचा था तब दोनों ही टीमें 25-25 और फिर 26-26 से बराबरी पर रही। हालांकि जब मैच के 25 सेकेंड बचे थे तब गोरखपुर से कृष्ण ने पेनाल्टी को गोल में तब्दील करते हुए टीम को रोमांचक जीत दिला दी। मथुरा ब्रज स्टार ने काशी किंग्स के खिलाफ 31-24 से जीत दर्ज की।

- 'टाटा कैपिटल यूपी प्रो हैंडबॉल लीग'

## 2027 में भारत में होगी फार्मूला वन की वापसी

नयी दिल्ली। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को कहा कि उन्हें यकीन है कि 2027 में भारत में फॉर्मूला वन रेस की वापसी होगी और इसके लिये कर संबंधी बाधाओं को दूर किया जायेगा जिसकी वजह से 2013 के बाद भारत में रेस नहीं हुई है। मांडविया ने यहां मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि ग्रेटर नोएडा में बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में इस रेस के आयोजन के लिए कम से कम तीन कंपनियों ने दिलचस्पी दिखाई है। उन्होंने कहा भारत में 2027 में फॉर्मूला वन रेस होगी। पहली रेस बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में आयोजित की जाएगी। भारत इससे पहले फॉर्मूला वन रेस इंडियन ग्रां प्री आयोजित कर चुका है, लेकिन कर और नौकरशाही संबंधी समस्याओं के कारण 2013 में तीसरे संस्करण के बाद इसे फॉर्मूला वन रेस के कैलेंडर से हटा दिया गया था। वहीं लिबर्टी मीडिया के स्वामित्व वाले फार्मूला वन के सूत्रों ने कहा कि भारत में 2027 में रेस संभव नहीं है हालांकि भारत को उभरते बाजार के रूप में देखा जा रहा है। सूत्र ने कहा 2027 में तो संभव नहीं है लेकिन भारत ऐसा बाजार है जिसमें रूचि है।

# एशियाई चैंपियनशिप में सेना को आठ पदक

एजेंसी

नयी दिल्ली। मंगोलिया में संपन्न एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारतीय सेना के मुक्केबाजों ने तीन स्वर्ण पदकों सहित आठ पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है। सेना के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुरुष वर्ग में विश्वनाथ सुरेश (50 किग्रा में स्वर्ण), सचिन सिवाच (60 किग्रा में रजत), आकाश (75 किग्रा में कांस्य), लोकेश (85 किग्रा में कांस्य) और नरेंद्र बेरवाल (90 किग्रा में कांस्य) पदक विजेताओं में शामिल रहे। महिला वर्ग में प्रीति पवार (54 किग्रा में स्वर्ण), जैस्मीन लंबोरिया (57 किग्रा में रजत) और अरुंधति चौधरी (70 किग्रा में स्वर्ण) ने भी पदक जीते। सेना के एक अधिकारी ने कहा भारतीय सेना के मिशन ओलंपिक कार्यक्रम के तहत सेना खेल संस्थान में प्रशिक्षित मुक्केबाजों ने एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य पदकों सहित कुल आठ पदक जीते। उन्होंने कहा, टीम के पदकों की यह उपलब्धि भारतीय सेना द्वारा अपने पेशेवर खेल तंत्र के माध्यम से पोषित उच्च स्तरीय प्रशिक्षण, अनुशासन और प्रतिस्पर्धी उत्कृष्टता को दर्शाती है। वहीं दूसरी ओर लेफ्टिनेंट कर्नल मनोज कुमार विश्व मुक्केबाजी के महाद्वीपीय तकनीकी प्रतिनिधि के रूप में योग्यता हासिल करने वाले पहले भारतीय अधिकारी बन गए हैं। विश्व मुक्केबाजी खेल की अंतरराष्ट्रीय शासी निकाय है। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) ने इस उपलब्धि की पुष्टि की और यह भी घोषणा की कि राजेंद्रन रविंद्रन ने महाद्वीपीय आईटीओ (इंटरनेशनल टेक्निकल ऑफिशियल) विश्व मुक्केबाजी परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है।

# सीतारमण ने स्टालिन पर लगाया झूठ का आरोप

नयी दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन पर गेहूं और धान किसानों को दिए जाने वाले बोनस संबंधी केंद्र सरकार के परामर्श पर झूठा विमर्श गढ़ने का आरोप लगाते हुए पलटवार किया। उन्होंने कहा कि द्रमुक पार्टी इसके जरिये खुद को किसानों और तमिलनाडु के लोगों के रक्षक के रूप में पेश करने की कोशिश कर रही है।

सोशल मीडिया मंच एक्स पर सीतारमण ने स्टालिन पर व्यय सचिव वी. वुअलनाम के नौ जनवरी को सभी राज्य सरकारों को लिखे गए पत्र की गलत व्याख्या करने का आरोप लगाया और कहा कि जहां अधिकांश राज्य सरकारों ने, चाहे वे किसी भी दल की हों, पत्र के उद्देश्य को समझा और सहकारी संघवाद की भावना से प्रतिक्रिया दी, वहीं केवल मुख्यमंत्री स्टालिन ने इसे सनसनीखेज बनाने का विकल्प चुना। वित्त मंत्रालय के पत्र में गेहूं और धान के भारी अधिशेष भंडार को देखते हुए, राज्य सरकारों को मौजूदा बोनस नीति की समीक्षा करने और इन दोनों पर बोनस बंद करने पर विचार करने की सलाह दी गई थी। साथ ही, पोषण सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और सतत कृषि के लिए राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप दाल, तिलहन और श्री अन्न (ज्वार, बाजारा जैसे मोटे अनाज) को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन पर ध्यान देने की बात कही गई थी। हालांकि,

यह पत्र राज्यों के लिए एक परामर्श मात्र था, स्टालिन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर आरोप लगाया कि केंद्र ने स्पष्ट रूप से राज्य सरकारों की मौजूदा बोनस नीति की समीक्षा करने और धान पर बोनस बंद करने पर विचार करने के लिए कहा है। उन्होंने सीतारमण को नौ जनवरी के पत्र को सार्वजनिक करने की चुनौती दी। चुनौती स्वीकार करते हुए, सीतारमण ने एक्स पर पत्र डालते हुए कहा कि राज्यों को भेजा गया यह संदेश राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा की जिम्मेदारी साझा करने का निमंत्रण है। ऐसी चुनौती केवल स्टालिन के झूठे दिखावे को बताती है। राष्ट्रीय हित के प्रति थोड़ी सी भी प्रतिबद्धता रखने वाला कोई भी मुख्यमंत्री इसका स्वागत करेगा। इसके बजाय, मुख्यमंत्री थिरु स्टालिन ने एक रचनात्मक सुझाव को मनगढ़ंत शिकायत में बदल दिया क्योंकि द्रमुक के लिए भारत की रणनीतिक आवश्यकताएं चिंता का विषय नहीं हैं, बल्कि राजनीतिक लाभ उठाने का अवसर हैं। सीतारमण ने स्टालिन को केंद्र-विरोधी बयानबाजी में समय बर्बाद न करने की सलाह देते हुए उनसे तमिलनाडु के लोगों को यह समझाने को कहा कि वे दाल और तिलहन में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के बजाय विदेशी हितों को अवसर क्यों दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब आवश्यक खाद्य पदार्थ आयात पर निर्भर होते हैं, तो घरेलू खाद्य सुरक्षा बाहरी झटकों और मूल्य में उतार-चढ़ाव के प्रति संवेदनशील हो जाती है। भारत जैसे बड़े देश के लिए यह स्थिति ठीक नहीं है। दाल और तिलहन का घरेलू उत्पादन बढ़ाना न केवल आर्थिक आवश्यकता है, बल्कि रणनीतिक जरूरत भी है। सीतारमण ने कहा, मुख्यमंत्री स्टालिन वही करते दिख रहे हैं जिसमें वे और उनकी पार्टी माहिर हैं - केंद्र और राज्यों के बीच फूट डालना, झूठे विमर्श गढ़ना और खुद को किसानों और अन्य तमिल लोगों के रक्षक के रूप में पेश करना।

# भारत, ओमान ने व्यापार व निवेश बढ़ाने के तरीकों पर की चर्चा

नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने ओमान के अपने समकक्ष अनवर बिन हिलाल बिन हमदान अल जबरी के साथ सोमवार को द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा की।

गोयल ने पिछले कुछ दिनों में सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), बहरीन और कुवैत के व्यापार मंत्रियों के साथ भी बातचीत की है। गोयल ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी, ओमान के वाणिज्य, उद्योग एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री एचई अनवर बिन हिलाल बिन हमदान अल जबरी के साथ टेलीफोन पर बातचीत की। भारत-ओमान सीईपीए के तहत अवसरों को बढ़ाने पर चर्चा की जिससे दोनों देशों के पारस्परिक विकास के लिए द्विपक्षीय व्यापार एवं निवेश संबंधों को बढ़ावा दिया जा सके। समग्र आर्थिक भागीदारी समझौते

(सीईपीए) पर दिसंबर, 2025 में मस्कट में हस्ताक्षर किए गए थे। इसे अभी लागू नहीं किया गया है। इस समझौते के तहत भारत के 98 प्रतिशत निर्यात को ओमान में शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी। इनमें वस्त्र, कृषि और चमड़ा उत्पाद शामिल हैं। दूसरी ओर, भारत ओमान के खजूर, संगमरमर और पेट्रोरसायन उत्पादों पर शुल्क कम करेगा। भारत-ओमान द्विपक्षीय व्यापार 2024-25 में लगभग 10.5 अरब अमेरिकी डॉलर रहा (निर्यात चार अरब डॉलर और आयात 6.54 अरब डॉलर)। अमेरिका और इजराइल के ईरान पर किए गए संयुक्त हमले के कारण अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में, विशेषकर पश्चिम एशियाई देशों की ओर जाने वाले जहाजों की आवाजाही में गंभीर बाधाएं आई हैं। इस संघर्ष ने निर्यातकों के लिए खाड़ी क्षेत्र में माल भेजने में चुनौतियां उत्पन्न कर दी हैं, जिसके साथ भारत का 2024-25 में 178 अरब अमेरिकी डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार रहा (निर्यात 56.87 अरब डॉलर और आयात 121.67 अरब डॉलर)।

## संक्षेप

### ईरान ने फारस और ओमान की खाड़ी में बंदरगाहों को धमकी दी

काहिरा। अमेरिकी सेना द्वारा सोमवार से ईरान के सभी बंदरगाहों और तटीय क्षेत्रों की नाकाबंदी शुरू किए जाने की घोषणा के बाद तेल की कीमतें और बढ़ने तथा युद्ध के और भीषण होने की आशंका है। अमेरिका की इस घोषणा के बाद ईरान ने फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी में स्थित बंदरगाहों को निशाना बनाने की धमकी दी है जिससे क्षेत्र में टकराव गहराने का खतरा बढ़ गया है। इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टिंग (आईआरआईबी) के अनुसार, फारस की खाड़ी और ओमान सागर में सुरक्षा या तो सभी के लिए होगी या किसी के लिए भी नहीं। ईरानी सेना ने कहा, इस क्षेत्र का कोई भी बंदरगाह सुरक्षित नहीं रहेगा। इससे पहले, अमेरिका ने घोषणा की थी कि वह सोमवार को पूर्वी समयानुसार सुबह 10 बजे या ईरान में शाम साढ़े पांच बजे से ईरानी बंदरगाहों की नाकाबंदी शुरू करेगा। यूएस सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने कहा कि यह नाकेबंदी सभी देशों के उन पोतों के खिलाफ निष्पक्ष रूप से लागू की जाएगी जो ईरान के बंदरगाहों और तटीय क्षेत्रों में प्रवेश कर रहे हैं या वहां से बाहर जा रहे हैं। उसने कहा कि गैर-ईरानी बंदरगाहों के बीच यात्रा करने वाले जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति दी जाएगी।

# ईरान की ताकत से वाकिफ है अमेरिका : ईरानी राजदूत

नयी दिल्ली। ईरान के राजदूत मोहम्मद फताअली ने सोमवार को कहा कि अमेरिका के साथ एक और दौर की शांति वार्ता के लिए उनका देश तैयार है, बशर्ते कि वह कोई अवैध मांग न करे और तेहरान की शर्तों पर गौर करे।

इस्लामाबाद में ईरान और अमेरिका के बीच हुई वार्ता के एक दिन बाद संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने यह टिप्पणी की। हालांकि, वार्ता बेनतीजा समाप्त हो गई थी। एक सवाल के जवाब में फताअली ने कहा कि अगर वे (अमेरिका) हमारी शर्तें मान लेते हैं, तो यह संभव है। ईरानी राजदूत ने कहा कि अमेरिकी पक्ष ने वार्ता के दौरान अवैध मांगें रखीं, जिसके कारण बातचीत बेनतीजा समाप्त हो गई। उन्होंने यह भी दावा किया कि होर्मुज जलडमरूमध्य ईरान के जलक्षेत्र में स्थित है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी की धमकी के बारे में पूछे जाने पर, फताअली ने कहा कि वाशिंगटन ईरान की ताकत से अवगत है। पश्चिम एशिया संकट के संदर्भ में समग्र स्थिति पर राजदूत ने कहा कि इस क्षेत्र में ईरान और भारत का साझा भविष्य है।

# देश में 90 दिन के लिए पर्याप्त कोयला भंडार उपलब्ध: रेड्डी

हैदराबाद। केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने सोमवार को कहा कि देश में 90 दिन की जरूरत के लिए पर्याप्त 20 करोड़ टन से अधिक का कोयला भंडार उपलब्ध है। रेड्डी ने यहां खान मंत्रालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान संवाददाताओं से कहा कि देश में लगातार दूसरे वर्ष एक अरब टन कोयला उत्पादन हासिल किया गया है। उन्होंने कहा, आज ताप विद्युत संयंत्रों और खदानों के पास 90 दिन के लिए पर्याप्त कोयला उपलब्ध है। पहले हमारे पास केवल 21 से 25 दिन का ही भंडार होता था, लेकिन अब 20 करोड़ टन से अधिक कोयला उपलब्ध है। रेड्डी ने कहा कि केंद्र सरकार का लक्ष्य खनिज क्षेत्र में आयात पर निर्भरता कम करना और देश को आत्मनिर्भर बनाना है।

उन्होंने कहा, मैं केंद्र सरकार की ओर से यह कहना चाहूंगा कि सरकार खनिज क्षेत्र में राजस्व के लिए काम नहीं करती। बल्कि वह खनिज क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाती है।

# आरएंडडी को मजबूत करना, निवेश बढ़ाना अहम: नड्डा

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री जे. पी. नड्डा ने सोमवार को कहा कि वैश्विक औषधि परिदृश्य में बायोलॉजिक, बायोसिमिलर और विशेष दवाओं पर बढ़ते जोर के बीच भारत अग्रणी भूमिका निभाने की बेहतर स्थिति में है। इसके लिए अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) को मजबूत करना, निवेश बढ़ाना और उद्योग की भागीदारी को गहरा करना महत्वपूर्ण होगा।

इंडिया फार्मा 2026 कार्यक्रम में वीडियो संदेश के जरिये रसायन व उर्वरक तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री नड्डा ने कहा कि भारत ने वर्षों से सस्ती जेनेरिक दवाओं के जरिये दुनिया की फार्मेसी के रूप में पहचान बनाई है। उन्होंने कहा, हालांकि, आज वैश्विक दवा परिदृश्य तेजी से बदल रहा है जिसमें

बायोलॉजिक्स, बायोसिमिलर्स और विशेष दवाओं पर अधिक जोर दिया जा रहा है। इस बदलते माहौल में भारत न केवल इसे अपनाने बल्कि अग्रणी भूमिका निभाने की स्थिति में है। मंत्री ने नवाचार को बढ़ावा देने, अनुसंधान क्षमताओं को सुदृढ़ करने और मूल्य-आधारित वृद्धि को प्रोत्साहित करने वाले नीतिगत ढांचे के निर्माण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। नड्डा ने साथ ही कहा कि (भविष्य में) अनुसंधान एवं विकास को मजबूत करना बेहद महत्वपूर्ण होगा। बढ़ा हुआ निवेश, उद्योग की गहरी भागीदारी और प्रभावी सार्वजनिक-निजी भागीदारी भारत को उच्च-मूल्य नवाचार की दिशा में आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएंगे। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत सरकार ने भारतीय दवा उद्योग को वैश्विक नेता बनाने के लिए कई कदम उठाए हैं जिनमें हाल ही में घोषित बायोफार्मा शक्ति योजना शामिल है जिसका पांच वर्ष में 10,000 करोड़ रुपये का प्रावधान है।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com